CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 26°C

मेरठ, शुक्रवार 29 अगस्त 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 88 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 5 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बूथ की मजबूती के लिए काम करें कार्यकर्ता: अखिलेश पेज 2



पीवी सिंधु बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं खेल टाइम्स



त्वरित सफलता के मंत्र: एक भ्रामक प्रलोभन सम्पादकीय



ट्रम्प के सलाहकार ने यूक्रेन जंग को मोदी वॉर बताया पेज 12

## राज्यपाल बिल लंबित रखें यह सही परंपरा नहीं, बावजूद इसके...

# राष्ट्रपति-राज्यपाल अपने फैसलों के लिए कोर्ट में जवाबदेह नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा कि राष्ट्रपति और राज्यपाल की विधानसभा से पास बिलों पर कार्रवाई के खिलाफ राज्य सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटीशन दायर नहीं कर सकते।

केंद्र ने कहा कि राज्य सरकारें अनुच्छेद 32 का इस्तेमाल नहीं कर सकतीं। क्योंकि मौलिक अधिकार आम नागरिकों के लिए होते हैं, राज्यों के लिए नहीं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राष्ट्रपति जानना चाहती हैं कि क्या राज्यों को ऐसा अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि अनुच्छेद 361 के अनुसार राष्ट्रपति और राज्यपाल अपने फैसलों के लिए कोर्ट में जवाबदेह नहीं होते। केंद्र ने तर्क दिया कि कोर्ट राष्ट्रपति या राज्यपाल को कोई निर्देश नहीं दे सकते, क्योंकि उनके फैसले न्यायिक समीक्षा के दायरे में नहीं आते। वहीं, कोर्ट ने कहा कि यदि कोई राज्यपाल छह महीने तक बिल लंबित रखता है तो यह भी सही नहीं है। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने राज्य सरकारों की तरफ से भेजे बिलों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के साइन करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाली याचिका पर सुनवाई की। 15 मई, 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट को एक संदर्भ दिया और अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों से जुड़े 14 सवालों पर कोर्ट की राय मांगी थी। यह मामला तमिलनाडु गवर्नर ने राज्य सरकार के बीच हुए विवाद से उठा था।



**राज्य सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटीशन नहीं दे सकते: केंद्र, डेडलाइन मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई**

### सुप्रीम कोर्ट ने पत्रकार अभिसार शर्मा को अंतरिम संरक्षण प्रदान किया



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने यूट्यूब वीडियो में असम सरकार की आलोचना करने संबंधी मामले में पत्रकार अभिसार शर्मा को चार सप्ताह के लिए गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने गुरुवार को राष्ट्र की संप्रभुता को कथित रूप से खतरे में डालने और अन्य अपराधों के लिए भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने संबंधी याचिका पर विचार करने से इन्कार करते हुए उन्हें गुवाहाटी उच्च न्यायालय जाने का निर्देश दिया।

# सम्भल में घटी 30 % हिंदू आबादी

## न्यायिक आयोग ने सीएम योगी को सौंपी रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उप्र में पिछले साल 24 नवम्बर को सम्भल जिले में हुई हिंसा की न्यायिक जांच की रिपोर्ट गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी गई।

सम्भल हिंसा के कारणों की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने हिंदू जनसंख्या में कमी और जामा मस्जिद को शिव मंदिर बताकर हिंदुओं द्वारा किए गए दावे के बारे में कई निष्कर्ष निकाले हैं। न्यायिक आयोग ने योगी को 450 पृष्ठों की रिपोर्ट सौंपी है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति डीके अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित जांच आयोग में पूर्व पुलिस महानिदेशक एके जैन और सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद भी सदस्य थे। रिपोर्ट सौंपते समय मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद तथा प्रमुख सचिव (संसदीय कार्य) जेपी सिंह मौजूद थे। रिपोर्ट को मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जाएगा और वहां से पारित होने के बाद इसे विधानसभा पटल पर रखा जाएगा और उसके बाद ही इसे सार्वजनिक किया जाएगा। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने संवाददाताओं को बताया कि सम्भल हिंसा की न्यायिक रिपोर्ट आज सरकार को सौंप दी गई है। उन्होंने कहा कि हम रिपोर्ट की जांच कर रहे हैं और उसके बाद कार्रवाई करेंगे। रिपोर्ट में न केवल 24 नवम्बर, 2024 को हुई हिंसा का वर्णन है, बल्कि सम्भल में हुए अन्य दंगों का भी ज़िक्र है। सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट में कहा गया है कि बार-बार हुए दंगों के कारण सम्भल में हिंदू आबादी घटती गई। अब वहां केवल 15 प्रतिशत हिंदू बचे हैं, बाकी पलायन कर गए हैं। आज़ादी के समय सम्भल नगर पालिका में 45 प्रतिशत हिंदू थे। यानी पिछले 78 सालों में हिंदू आबादी में 30 प्रतिशत की कमी आई है। अब तक 15 दंगे हो चुके हैं और आरोप लगे हैं कि -शेष पृष्ठ दो पर

**कब-कब हुए दंगे, 450 पन्नों में दर्ज पूरा इतिहास, बार-बार हुए दंगों के कारण सम्भल में हिंदू आबादी घटती गई, केवल 15 प्रतिशत हिंदू बचे**

### समुद्र के ऊपर उड़ते समय इंडिगो फ्लाइट में गड़बड़ी

**अहमदाबाद।** सूरत से दुबई जा रही इंडिगो फ्लाइट की अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। विमान संख्या 6ई-1507 ने गुरुवार सुबह 9:30 बजे सूरत एयरपोर्ट से उड़ान भरी। बीच में कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण विमान को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। विमान में 150 यात्री सवार थे। जब पायलट को इंजन में कुछ दिक्कत महसूस हुई, विमान समुद्र के ऊपर था। पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया, जिसके बाद विमान को सफलतापूर्वक अहमदाबाद में उतारा गया। इंडिगो ने बताया कि सभी यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतारा गया।

### बांदीपोरा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में सुरक्षा बलों द्वारा घुसपैठ की कोशिश नाकाम करने के बाद गुरुवार को दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए। सेना ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा संभावित घुसपैठ की कोशिश के बारे में दी गई विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एलओसी के पास नौशेरा नर इलाके में एक संयुक्त अभियान शुरू किया। सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि का पता लगाया और घुसपैठियों को चुनौती दी, जिनका जवाब उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी से दिया। सुरक्षा बलों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया।

### उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के इस्तीफे की चर्चा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के अपने पद से इस्तीफा देने की खबर चर्चा में है। उनका 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है। माता वैष्णो देवी यात्रा के दौरान भारी भीड़ और अव्यवस्था से श्रद्धालुओं की मौत तथा जम्मू में बाढ़ के दौरान कुप्रबंधन की पूरी ज़िम्मेदारी लेते हुए यह कदम उठाया है।

# वैष्णो देवी हादसे में उप्र के 11 मृतकों की हुई पहचान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को वैष्णो देवी मार्ग में हुए भूस्खलन में उत्तर प्रदेश के कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। इस भूस्खलन में अब तक 34 लोगों की जान जा चुकी है।

सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और अधिकारियों को राज्य में मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। मृतकों में आगरा की भावना (12), सुनीता (35) और सेजल (2), मुजफ्फरनगर के कार्तिक (22), अनंत (6) और दीपेश कुमार, लखनऊ की चांदनी (30), गाजियाबाद की नीरा (35) शामिल है, जबकि ममता देवी (45), राम वीरी और अंजलि (25) के घर के पते नहीं बताए गए हैं। उत्तर प्रदेश के सात घायलों में संगीता, उमंग, कमलेश, वैष्णवी, पूर्वी, गोरान और मयंक शामिल हैं। वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर यह हादसा मंगलवार दोपहर तीन बजे अर्धकुंवारी मंदिर से कुछ दूर इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ था।

**मुजफ्फरनगर के कार्तिक, अनंत और दीपेश कुमार एवं गाजियाबाद की नीरा भी मृतकों में शामिल**

### आतंकी अलर्ट के बीच राहुल गांधी की यात्रा में बदलाव

**सीतामढ़ी।** आतंकी अलर्ट के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' की सुरक्षा और कार्यक्रम में बड़ा बदलाव किया गया। सीतामढ़ी में कैंप से निकलने के बाद वे सीधे जानकी मंदिर पहुंचे। यहां उनके स्वागत के लिए कई जगह मंच बनाए गए थे, लेकिन राहुल बिना रुके सीधे मंदिर दर्शन के लिए गए। तय कार्यक्रम के अनुसार मंदिर दर्शन के बाद उनका रोड शो होना था, लेकिन सुरक्षा कारणों से उसे रद्द कर दिया गया। राहुल गांधी अब खुले गाड़ी की जगह पूरी तरह बंद गाड़ी से यात्रा कर रहे हैं। वे तय समय से एक घंटा पहले, सुबह 11 बजे ही मोतिहारी के ढाका पहुंचे। यहां रास्ते में उन्होंने गाड़ी से ही लोगों का अभिवादन किया और समर्थकों से मुलाकात की। पहुंचने के बाद वे सिटी होटल में ठहरे और शाम चार बजे यात्रा की शुरुआत आजाद चौक से करेंगे।

## पंजाब के सात जिलों में बाढ़, सेना पहुंची

**नई दिल्ली।** पंजाब में बारिश के कारण 7 जिले और 150 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में हैं। रावी-व्यास और सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। राज्य में 30 अगस्त तक सभी स्कूल बंद हैं।

राज्य के अजनाला में रेस्क्यू ऑपरेशन की जिम्मेदारी सेना ने संभाल ली है। इस दौरान एम्फीबियस गाड़ियों से लोगों को निकाला जा रहा है। इनकी विशेषता है कि ये जमीन और पानी दोनों पर चलने में सक्षम हैं। जम्मू-कश्मीर में बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में 41 लोगों की मौत हो गई। जम्मू में झेलम और दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इसके चलते निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है।

**राज्य में 30 अगस्त तक सभी स्कूल बंद**

## विरार में बिल्डिंग गिरी, 17 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार में बिल्डिंग गिरने से मरने वालों की संख्या 17 हो गई है। विरार इलाके के विजय नगर में 26 अगस्त की रात 12.05 बजे लगभग 50 फ्लैटों वाला चार मंजिला रमाबाई अपार्टमेंट के 12 फ्लैट बगल में एक खाली पड़े मकान पर ढह गए। बुधवार को 12 लोगों की मौत की पुष्टि की गई थी। गुरुवार को रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान 5 लोगों के शव मिले। 9 लोग घायल हैं। हादसे के वक्त चौथी मंजिल पर एक साल की बच्ची की जन्मदिन की पार्टी चल रही थी, तभी हादसा हुआ। इसमें बच्ची, उसकी मां और कई मेहमानों की भी मौत हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे के वक्त बिल्डिंग में इसी बच्ची की बर्थडे पार्टी चल रही थी। पालघर की जिला कलेक्टर डा. इंदु रानी जाखड़ ने गुरुवार सुबह पुष्टि की कि इस घटना में वह बच्ची भी शामिल है, जिसका जन्मदिन उस समय मनाया जा रहा था।

# अडानी ने 1000 करोड़ का जेट खरीदा

अहमदाबाद, वार्ता

**बिलेनियर उद्योगपति** गौतम अडानी ने अमेरिकी विमान कंपनी बोइंग से 737-मैक्स 8-बीबीजे सीरीज का लग्जरियस बिजनेस जेट खरीदा है। इसकी कीमत करीब 1000 करोड़ रुपये है।

यह लंदन तक नान-स्टाप उड़ान भर सकता है, जबकि अमेरिका-कनाडा तक एक बार ईंधन भरने के बाद पहुंच सकता है। अडानी का नया प्लेन स्विट्जरलैंड के बेसल शहर से 9 घंटे में 6300 किलोमीटर की दूरी तय कर यह गणेश चतुर्थी के दिन बुधवार सुबह 10 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट पर उतरा। वाटर कैनन सैल्यूट से इसका स्वागत किया गया। रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने भी 24 अगस्त 2024 को इसी सीरीज का विमान खरीदा था। वैसे बोइंग 737 मैक्स 200-सीटर विमानों का इस्तेमाल अकासा, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट भी करती हैं। अब उद्योगपति भी अपने निजी उपयोग के लिए इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। अडानी के बिजनेस जेट का इंटीरियर स्विट्जरलैंड में 35 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह अल्ट्रा-लग्जरी एयरक्राफ्ट सुइट बेडरूम, बाथरूम, प्रीमियम लाउंज, कॉन्फ्रेंस रूम जैसी सुविधाओं से लैस है और 35 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ते फाइव स्टार होटल के बराबर है।



**35 करोड़ खर्च से इंटीरियर, 5 स्टार होटल का रूप दिया**

SHOBHIT DEEMED TO BE UNIVERSITY
Shobhit Institute of Engineering & Technology
NAAC A · UGC 12B Status Granted · DSIR SIRO · 36 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

PRIORITY ADMISSION NOTICE
FOR CUET (UG/PG) CANDIDATES

B.Tech. 26th Batch | AICTE Approved
B.Tech. Computer Science & Engineering
- Artificial Intelligence & Machine Learning
- Full Stack Development
- Cyber Security
- Data Science
B.Tech. Agriculture Engineering
- Geospatial AI and Remote sensing
- Irrigation and Drainage Engineering
- Farm Machinery and Power Engineering
- Processing and Food Engineering
B.Tech. Biomedical Engineering
- Artificial Engineering & Neural Networks
- Biomaterials and Bio-nanotechnology
- Biomedical Signal and Image Processing
- Biomedical Electronics and Instrumentation
B.Tech. Biotechnology
- AI & Data-Driven Biotechnology
- Industrial & Pharmaceutical Biotechnology
- Medical Biotechnology
- Bio-Entrepreneurship & Regulatory Affairs
M.Tech. 19th Batch | AICTE Approved
- Computer Science & Engg - Biotechnology
- Biomedical Engg - Agriculture Engg
LAW 12th Batch | BCI Approved
- BA LLB
- BBA LLB (Hons)
- B.Com. LLB (Hons)
- LLB
- LLM (2 Yrs.)
- LLM (1 Yr.)

BBA 30th Batch | AICTE Approved
- Digital Marketing - Banking, Finance & Insurance
- Global Business & Management - General
MBA 31st Batch | AICTE Approved
- Finance - Marketing - HR Management
- Agri-business Management
- Pharmaceutical Management
BCA 30th Batch | AICTE Approved
- AI & Machine Learning - Cyber Security
- Internet of Things - Data Science - General
MCA 28th Batch | AICTE Approved
- Cloud Computing - Data Sc.& Machine Learning
- Full Stack Development - Internet of Things
- Network & Info Security
B.Ed. 11th Batch | NCTE Approved
BA Psychology (Hons) 4 Yrs.
BA Government & Administration (Hons) 4 Yrs.
B.Sc. Agriculture (Hons) 4 Yrs.
B.Sc. (Hons) 3 Yrs.
- Biotechnology - Microbiology
- Biomedical Sciences - Nutrition & Dietetics
M.Sc.
- In multiple specializations
B.Com. (Hons)
- With Industrial focus
M.Com.
PG Diploma - 1 Yr.
- Counselling Psychology
- Yoga

Ph.D. FULL TIME PART TIME MODE
BROAD AREAS OF RESEARCH
- Agricultural Technology
- Biotechnology
- Biomedical Science & Engg
- Business Management
- Computer Science & Engg
- Education
- Electronics Engineering
- Mechanical Engineering
- Environmental Sciences
- Law - Legal Studies
- Microbiology
- Psychology
- Commerce
- Economics
- Mathematics
- Physics
- Chemistry
- IKS-Based Research Areas
Eligibility: Master's Degree with 55% marks in relevant area of study. UGC/CSIR (JRF/NET) qualified candidates are exempt from entrance test.
Important Dates: Last Date to Apply: 31-08-25
Entrance Test: 06-09-25 | Interview: 08-09-25
For details contact: 7617505011

6 IN INDIA Amongst Top Organisations (SIRO) for filing highest number of Patents in 2023-24

Our Proud Alumni are leading globally in Technology, Research, Consulting, Engineering, Law, and Management.
PHILIPS · LinkedIn · Google · IBM · Microsoft · SYNTEL · intel · Apple · SAP · facebook · SAMSUNG · SIEMENS · ORACLE · standard chartered · ICICI Bank · Johnson & Johnson · KPMG · Goldman Sachs

THE UNIVERSITY OF TOLEDO
Joint Degree Option
Master of Business Administration (MBA)
Master of Applied Business Analytics (MABA)

Programs Offered in Distance Mode: BBA | MBA | B.Com | M.Com www.shobhitodl.in
Programs Offered in Online Mode: BBA | MBA | BCA | MCA www.shobhit.online

India's first RRTS (RapidX) connects directly to Shobhit University Campus in just 55 minutes from Delhi.



SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed-to-be University] Campus: NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR
www.shobhituniversity.ac.in | 9870265521 / 7617505016
Delhi Office: Shobhit University Tower, Pocket-B, Mayur Vihar Ph-II, New Delhi-110091 | +91-11-35205500
SCAN TO APPLY

## संक्षिप्त समाचार

### अब एक कॉल पर मिलेंगी परिवहन विभाग की सुविधाएं

**लखनऊ।** उप्र परिवहन विभाग ने अपने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नया टोल फ्री नंबर '149' जारी किया है, जिसमें विभाग से जुड़ी जानक. ारी और मदद मुहैया कराई जाएगी। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि परिवहन विभाग ने पिछले दिनों दूरसंचार मंत्रालय से छोटा व याद रखने में आसान हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। इस पर दूरसंचार मंत्रालय ने शॉर्ट कोड '149' स्वीकृत कर लागू कर दिया है। अब परिवहन विभाग की हेल्पलाइन दोनों नंबरों (पूर्व से संचालित टोल-फ्री 1800-1800-151) और नया '149' पर 24.7 उपलब्ध रहेगी। ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी), परमिट, फिटनेस, रोड टैक्स, प्रदूषण प्रमाणपत्र, बीएच- सीरीज़ पंजीकरण, ई-वी सब्सिडी, आरवीएसएफ (स्क्रैप), एटीएस, एडीटीसी, ई-चालान, ई-डीएआर तथा संबंधित ऑनलाइन पोर्टलों/ सेवाओं की जानकारी, स्थिति और शिकायत-निवारण '149' या 1800-1800-151 पर कर सकते हैं।

### कांग्रेस गली-गली वाली नहीं गाली वाली पार्टी बनी

**नई दिल्ली।** बिहार के दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा पीएम मोदी के लिए संबोधित किए गए शब्दों पर भाजपा ने गुरुवार को आपत्ति दर्ज कराते हुए कांग्रेस को गाली देने वाली पार्टी बताया है। संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी स्वर्गीय माता जी के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया उसने लोकतंत्र को शर्मसार कर दिया है।

# बड़े श्रम सुधारों की ओर बढ़ रहा उत्तर प्रदेश: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग है और औद्योगिक विकास के साथ श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधा की गारंटी सुनिश्चित करना भी जरुरी है।

योगी ने गुरुवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'श्रमेव जयते' के भाव को आत्मसात करते हुए हमें ऐसे सुधार करने होंगे, जो उद्यमियों और श्रमिकोंद्ध दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हों। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार शीघ्र ही 'सुगम्य व्यापार (प्राविधानों का संशोधन) विधेयक, 2025' लाने जा रही है। इसके अंतर्गत आबकारी अधिनियम, शीरा अधिनियम, वृक्ष संरक्षण अधि. नियम, राजस्व संहिता, गन्ना अधिनियम, भूगर्भ जल अधि. नियम, नगर निगम अधिनियम, प्लास्टिक कचरा अधिनियम, सिनेमा अधिनियम तथा क्षेत्र व जिला पंचायत अधिनियम सहित कई कानूनों को अधिक व्यावहा. रिक स्वरूप दिया जाएगा। इनमें जहां पहले कारावास की सज़ा का प्रावधान था, वहां अब अधिक आर्थिक दंड व प्रशासनिक कार्रवाई को वरीयता देने की योजना है। नए प्रावधानों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अनावश्यक दंडात्मक प्रावधानों को समाप्त कर, उनकी जगह पारदर्शी और न्यायसंगत व्यवस्था लागू करना समय की मांग है। बैठक में बताया गया कि इस विधेयक पर संबंधित 14 विभागों से राय ली गई है। अधिकांश विभाग सहमत हैं, जबकि कुछ ने आपत्तियां दर्ज कराई हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि आपत्तियों और सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए विधेयक को ऐसा स्वरूप दिया जाए, जो उद्योग और श्रमिकों के हितों में संतुलित हो। बैठक में श्रम कानूनों के सरलीकरण पर भी चर्चा हुई।

### सुधारों की श्रृंखला में 'निवेश मित्र 3.0' पर भी विचार-विमर्श हुआ

प्रस्तावों में फैक्ट्री लाइसेंस की अवधि बढ़ाने, दुकानों व प्रतिष्ठानों के नियमों में व्यावहारिक बदलाव करने और महिलाओं को अधिक अवसर उपलब्ध कराने जैसे कदम शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निरीक्षण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए स्व-सत्यापन और थर्ड पार्टी ऑडिट की प्रणाली अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से जहां उद्योगों का बोझ कम होगा, वहीं श्रमिकों का हित भी सुरक्षित होगा। सुधारों की श्रृंखला में 'निवेश मित्र 3.0' पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके तहत निवेशकों की आवेदन व अनुमोदन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सुगम बनाया जाएगा। कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म, पैन-आधारित पहचान, स्मार्ट डैशबोर्ड, बहुभाषी सहायता और एआई चैटबॉट जैसी सुविधाएं जोड़ी जाएंगी।

### उप्र में अब तीन किमी के अंदर होगा स्कूलों का विलय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विलय को लेकर बड़ी खबर है। अब तीन किमी के अंदर आने वाले स्कूलों को मर्ज किया जाएगा। अभी तक एक किमी के अंदर के स्कूलों को मर्ज किया जा रहा था। इसके लिए शासन ने शिक्षा मंत्रालय के आदेश का अनुपालन करने के लिए संबंधित को निर्देश जारी कर दिए हैं। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने पत्र जारी करते लिखा कि 16 जून, 2025 को जारी निर्देश के क्रम में अपर्याप्त छात्र नामांकन वाले विद्यालयों को नजदीक के विद्यालयों के साथ पेयर किया जाए। इस दौरान स्थानीय परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखें। उन्होंने आगे कहा कि छोटे एवं कम संसाधनों वाले विद्यालयों को बड़े विद्यालयों के साथ जोड़ा जाए।

# बूथ की मजबूती के लिए काम करें कार्यकर्ता: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बूथ की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की साजिश से सावधान रहना है।

यादव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश के भविष्य का चुनाव है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा है। लोकतंत्र के खिलाफ लोकतंत्र तभी सुरक्षित रहेगा, जब भाजपा सत्ता से बाहर जाएगी। पार्टी को हर बूथ पर बीएलए बनाना है। बीएलए लिस्ट पर कार्यकर्ता कार्य करते रहें। बूथ पर काम करते रहना है। बूथ को मजबूत करना है। पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं को बहुत काम करना होगा। वोट बनवाना, वोट बचाना, वोट पड़वाना और वोट गिनवाना हर काम में सक्रिय रूप से शामिल होना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। हर विभाग, हर कार्य में भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रदेश में अवैध प्लाटिंग का धंधा जोरों पर है। भाजपा के लोग गरीबों की जमीन, तालाब और अन्य सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर रहे है। भाजपा भूमाफिया पार्टी बन गयी है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। कानून-व्यवस्था पर जीरो टालरेंस का दावा जीरो हो चुका है।

# आयात शुल्क को लेकर केजरीवाल का केंद्र पर निशाना

नई दिल्ली, वार्ता



■ कहा: मोदी ने अमेरिकी कपास पर आयात शुल्क हटाकर किसानों को दिया धोखा: केजरीवाल

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका से आने वाली कपास पर आयात शुल्क हटाकर किसानों के साथ बड़ा धोखा दिया है।

केजरीवाल ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि अमेरिका से जो कपास भारत आता है उस पर 11 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाई जाती थी जिसे मोदी सरकार ने हटा दिया। उन्होंने कहा कि यह किसानों के साथ धोखा है। पहले जब 11 प्रतिशत शुल्क लगाया जाता था तब उसके मुकाबले भारतीय कपास सस्ती पड़ती थी, लेकिन शुल्क हटाने के बाद भारतीय कपास के मुकाबले अमेरिकी कपास सस्ती मिलेगी। शुल्क हटाने के बाद अमेरिकी कपास भारतीय कपास के मुकाबले 15 से 20 रुपए प्रति किलो तक सस्ती हो जाएगी इससे भारतीय किसानों का माल नहीं बिकेगा। यह किसानों के साथ बड़ा धोखा है। यह शुल्क फिलहाल 40 दिनों के लिए हटाई गई है, जबकि हमारे किसानों का कपास तैयार होकर अक्टूबर तक बाजार में आएगा।

## 2024-25 में उप्र से यूएस को 36850 करोड़ का हुआ निर्यात

# एमएसएमई उद्योग को बचाने की कवायद तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सरकार को छूट देने के साथ ही मार्किट के विकल्पों पर विचार करने का सुझाव दिया गया

**लखनऊ।** अमेरिका की तरफ से भारत पर लगाए गए 50 फीसद टैरिफ (25 फीसद टैरिफ 25 फीसद पेनाल्टी) को लेकर एमएसएमई उद्योग को बचाने की दिशा में सरकार सभी विकल्पों पर ध्यान दे रही है। इसमें एमएसएमई विभाग की तरफ से सरकार को छूट देने के साथ ही मार्किट के विकल्पों पर विचार करने का सुझाव दिया गया है।

टैरिफ को लेकर भारत अमे. रिका की तनातनी के पूर्व वर्ष 2024.25 में अकेले उप्र से 36850 करोड़ रुपए यानी 4.20 विलियन यूएस डॉलर का निर्यात किया गया था। जिसमें डेयरी प्रोडक्ट से लेकर लेदर, टेक्सटाइल, कार्पेट, जेम्स एंड ज्वेलरी, आयरन एंड स्टील, इलेक्ट्रॉनिक, आटोमोबाइल पाट्र्स और फर्नीचर शामिल है। जिनमे सबसे ज्यादा हिस्सेदारी को देखा जाए, तो 487.45 मिलियन यूएस डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक आइटम, 445.81 मिलियन डॉलर के कपड़े, 396.87 मिलियन डॉलर के कार्पेट और 322.11 मिलियन डॉलर के स्टील और आयरन शामिल है।

वहीं भारत द्वारा यूएस को किए जा रहे निर्यात पर नजर डालें, तो 2023.24 में कुल 91.2 विलियन यूएस डॉलर का निर्यात किया गया था। जबकि द्विपक्षीय वस्तु व्यापार के तहत यह आंकड़ा 134 विलियन यूएस डॉलर का था। इनमें इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी से लेकर जेम्स एंड ज्वेलरी, फार्मास्युटिकल, इंडस्ट्रियल मशीनरी, मिनरल्स ऑयल, आयरन स्टील, वेहिकल, आर्गेनिक केमिकल्स सहित कपड़े शामिल हैं। वही टैरिफ लगने के बाद एमएसएमई विभाग के मुताबिक टेक्सटाइल एंड गारमेंट पर 60 से 65 प्रतिशत, मीट, डेयरी, पोल्ट्री प्रोडक्ट पर 54.50 प्रतिशत, लेदर गुडस एंड फुटवियर पर 52.5 प्रतिशत से 59.5 प्रतिशत, कार्पेट्स पर 53. 70 प्रतिशत, इंजीनियरिंग गुड्स पर 50 से 55 प्रतिशत, आयरन एंड स्टील पर 50 से 53 प्रतिशत, जेम्स एंड ज्वेलरी पर 50 से 63.5 प्रतिशत टैक्स बढ़ गया है।

### एमएसएमई कारोबारियों की मांग, कर में छूट दे सरकार

**लखनऊ।** उप्र में एमएसएमई उद्योग से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि उद्योग को बचाने के लिए सरकार को टैक्स में छूट देने के साथ ही बाजार के अन्य विकल्पों पर ध्यान देना चाहिए। मुरादाबाद कारखानेदार एसोसिएशन के चेयरमैन आजम अंसारी बताते हैं कि कोरोना के बाद से ही पीतल व मेटल उद्योग मुहाने पर खड़ा था। 2000 करोड़ रुपए की इंडस्ट्री आज आधी रह गई है। उनका कहना है कि पहले हम मशीनीकरण से जूझ रहे थे और अब टैरिफ से। जो माल हम 100 रुपए में बेचते हैं, चाइना उसे 25 रुपए में बेचता है। ऐसे में हमारा समान तो पहले से ही मंहगा था और अब और महंगा हो जाएगा। इसमें सरकार को चाहिए कि विदेशी मुद्रा पर जो ड्रा वेट 20 फीसद लगता था, उसे सरकार चार फीसद कर देना चाहिए। साथ ही अन्य छूट भी देने के विकल्पों पर विचार करना चाहिए।



सेंसेक्स 82000.71
निफ्टी 25083.75




सोना रु. 93700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

# लगातार दूसरे दिन लुढ़के शेयर बाजार, सेंसेक्स 706 अंक टूटा

मुंबई, वार्ता



अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क 25 प्रतिशत और बढ़ने से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को निवेशक बिकवाली रहे और सेंसेक्स में 700 अंक से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 705.97 अंक (0.87 प्रतिशत) लुढ़ककर 80,080.57 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 211.15 अंक यानी 0.85 प्रतिशत टूटकर 24,500.90 अंक पर आ गया। बाजार में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बिकवाली रही। दो दिन में सेंसेक्स 1,555 अंक और निफ्टी-50 467 अंक उतर चुका है।

सेंसेक्स 39.88 अंक लुढ़ककर 80,754.66 अंक पर खुला, लेकिन इसके बाद इसकी गिरावट बढ़ती गई। अंतिम घंटे के कारोबार में बिकवाली और बढ़ गई, जिससे सूचकांक 80,013.02 अंक तक उतरने के बाद 80,080.57 अंक अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों के शेयर लाल निशान में बंद हुए। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में सबसे अधिक 2.85 प्रतिशत की गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 1.95 प्रतिशत, पावर ग्रिड का 1.93, टीसीएस का 1. 89 और एचडीएफसी बैंक का 1.55 प्रतिशत टूट गया। हिंदुस्तान यूनिलिवर, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा में भी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, सनफार्मा, इटरनल, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी और आईटीसी से शेयर भी उतर गए। टाइटन में सबसे अधिक 1.22 प्रतिशत की तेजी रही।

### हीरा तराशने के उद्योग को 30 प्रतिशत राजस्व नुकसान की आशंका

**मुंबई।** अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर बुधवार से 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लागू होने से भारत में हीरा तराशने के काम में लगे उद्योग के राजस्व में चालू वित्त वर्ष में 28 से 30 प्रतिशत गिरावट आने की आशंका है। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारण एजेंसी क्रिसिल ने गुरुवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पिछले वित्त वर्ष में प्राकृतिक हीरों को तराशने वाले उद्योग का राजस्व 16 अरब डॉलर रहा था, लेकिन अमेरिका में 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगने के बाद अब इसके करीब 30 प्रतिशत घटकर 12.50 अरब डॉलर के आसपास रहने की संभावना है। पहले ही यह उद्योग कीमतों में कमी और अमेरिका तथा चीन में मांग में गिरावट की मार झेल रहा है, जिस कारण पिछले तीन वित्त वर्ष में इसका राजस्व करीब 40 प्रतिशत घट गया है। अमेरिका ने अगस्त के पहले सप्ताह में भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया था।

### अमेरिका टैरिफ से कांच उद्योग प्रभावित, करोड़ों के ऑर्डर निरस्त

**फिरोजाबाद।** भारत से निर्यात किए जाने वाले माल पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लागू किए जाने के अमेरिका के फैसले से फिरोजाबाद का कांच उद्योग प्रभावित हुआ है और निर्यात करने वाले एक्सपोर्ट यूनिट की करोड़ों रुपए की रकम भी फंस गई है। अब एक्सपोर्ट्स द्वारा नए मार्केट की तलाश के प्रयास शुरू कर दिए गए है। फिरोजाबाद में कांच उत्पाद भारी मात्रा में विदेश में निर्यात किया जाता है यहां लगभग 200 एक्सपोर्टर है जो पूरी दुनिया में उनकी मांग के अनुसार विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर उनको डेकोरेट कर सप्लाई करते हैं। विशेष रूप से विदेश में नव वर्ष और क्रिसमस पर विशेष आइटमों की डिमांड रहती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सम्भल में ...** हिंदुओं का जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया। रिपोर्ट में हरिहर मंदिर के ऐतिहासिक अस्तित्व के प्रमाण मिलने का जिक्र है। बताया जाता है कि सम्भल में अब तक 15 दंगे हो चुके हैं। 1978 के दंगों के बाद हिंदुओं की संख्या घटती गई। हिंदुओं का जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया। मुसलमान हिंदुओं को डरा-धमकाकर उनकी संपत्ति हड़प लेते थे। हिंदू मौत या पिटाई के डर से इस्लाम अपनाने को राज़ी हो जाते थे। सम्भल में अभी भी सैकड़ों हिंदू संपत्तियां हैं, लेकिन उनके हिंदू मालिक वहां नहीं जाते। नतीजतन, कुछ पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। लोगों ने आयोग को बताया कि पहले सम्भल में एक शिव मंदिर हुआ करता था और वे सोमवार और सावन के महीने में पूजा-अर्चना करते थे। अब वहां एक मस्जिद बना दी गई है। जहां पहले हिंदुओं का कुआं हुआ करता था, वहां मुसलमानों ने उस कुएं को बंद करके एक चबूतरा बना दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि षड्यंत्रकारियों को पता था कि वहां एक सर्वेक्षण होना है। प्रशासन ने सम्भल जामा मस्जिद के प्रबंधन को इसकी सूचना दी थी। संभवत: सर्वेक्षण की खबर वहां से लीक हुई और भीड़ जमा हो गई। आयोग ने 200 से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज किए। इनमें वे लोग भी शामिल हैं, जो 1978 के दंगों के दौरान गवाह थे। आयोग के सदस्य और पूर्व डीजीपी अरविंद कुमार जैन ने कहा कि हमने हर बिंदु पर गौर किया है।














**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।





**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, जानसठ तहसील, जानसठ जिला मु0 नगर।**

वाद सं0- 9415 सन् 2025

1. कु0 कात्यायनी पुत्री रविन्द्र सिंह गोरायन, 2- कु0 वैष्णवी पुत्री रविन्द्र सिंह गोरायन, निवासीगण ग्राम शाहपुर परगना भु0स0 तहसील, जानसठ जिला मु0नगर हाल निवासी बी-1 शान्ति निकेतन अपार्टमेंट फेज 2 शिवपुरी कालोनी नगवा लंका वाराणसी 221005 .... वादीगण

बनाम

1-मोनिका सिंह पुत्री रविन्द्र सिंह निवासी ग्राम शाहपुर परगना भु0स0 तहसील जानसठ जिला मु0नगर हाल निवासी जी0-19 अरविन्दो कालोनी काशी विश्वविद्यालय वाराणसी। 2- ग्राम पंचायत समाना उर्फ रामराज/ भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम समाना परगना भु0स0 तहसील जानसठ जिला मु0नगर द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत समाना उर्फ रामराज परगना भु0स0 तहसील जानसठ जिला मु0नगर। ..... प्रतिवादीगण

अन्तर्गत धारा 116 उ0प्र0रा0 सं0 2006 ग्राम- शाहपुर परगना भु0स0 तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर

वादी ने आपके विरूद्ध भूमि विभाजन के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 02.09.2025 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके। जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है। वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिए नियत दिन है। इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्ष्यों को या उन सब दस्तावेजो को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है यदि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे। तब वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह समन प्रकाशन आज तारीख 25.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय उपजिलाधिकारी जानसठ, तहसील जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर।

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, जानसठ तहसील जानसठ जिला मु0 नगर।**

वाद सं0- 8696 सन् 2025

1- शशिप्रभा गोरायन पत्नी स्व0 श्री रविन्द्र सिंह गोरायन निवासी ग्राम शाहपुर परगना भु0स0 तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी बी-1 शान्ति निकेतन अपार्टमेंट फेज 2 शिवपुरी कालोनी नगवा लंका वाराणसी 221005 ......वादी

बनाम

1- मोनिका सिंह पुत्री रविन्द्र सिंह निवासी जी0-19 अरविन्दो कालोनी बी0एच0यू0 लंका वाराणसी हाल निवासी ग्राम शाहपुर परगना भु0स0 तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। 2- कु0 कात्यायनी, 3- कु0 वैष्णवी पुत्रियाँ रविन्द्र सिंह गोरायन निवासीगण ग्राम शाहपुर परगना भु0स0 तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी बी-1 शान्ति निकेतन आपार्टमेंट फेज 2 शिवपुरी कालोनी नगवा लंका वाराणसी 221005, 4- ग्राम पंचायत जलालपुर नीला/भूमि प्रबन्ध समिति ग्राम जलालपुर नीला द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत जलालपुर नीला परगना भु0स0 तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। ...... प्रतिवादीगण

अन्तर्गत धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 2006 ग्राम - जग्गू जमालपुर परगना भु0स0 तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।

वादी ने आपके विरूद्ध भूमि विभाजन के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 02.09.2025 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके। जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है। यह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिए नियत दिन है। इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्ष्यों को या उन सब दस्तावेजो को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है यदि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे। तब वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति मे किया जायेगा। यह समन प्रकाशन आज तारीख 25.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय उपजिलाधिकारी जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।

# बस ने वृद्ध को मारी टक्कर, मौत

## बेटे ने अज्ञात चालक के खिलाफ कराई रिपोर्ट दर्ज, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के समीप स्थित डीपीएम पब्लिक स्कूल में तैनात कर्मचारियों के पिता को एक प्राइवेट बस के चालक ने तेजी व लापरवाही के चलते जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वृद्ध व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पाकर मौके पर पहुंची कंट्रोल रूम की पुलिस ने इलाज हेतु स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन हालत गंभीर होने पर मवाना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भेज दिया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने वृद्ध व्यक्ति का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए



मोर्चरी भिजवा दिया। मृतक के पुत्र ने थाने पर बस चालक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस



ने प्राइवेट बस को कब्जे में ले लिया है। गुरुवार की दोपहर करीब 3:50 मिनट पर दयानंद पुत्र मंगल सिंह निवासी के ब्लाक थाना हस्तिनापुर अपनी विक्की संख्या यूपी 15 बीएफ 0651 पर सवार होकर स्कूल से घर वापस जा रहे थे जैसे ही तजपुरा तीराहे पर पहुंचे तो मवाना की ओर से आ रही मुजफ्फरनगर यूनियन की बस संख्या यूपी 87 टी 2129 के चालक ने बड़ी तेजी एवं लापरवाही के चलते जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से दयानंद सड़क पर जा गिरा और विक्की स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही 112 कंट्रोल रूम की पुलिस ने नगर के एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन हालत गंभीर होने पर मवाना रेफर कर दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। अंडर ट्रेनिंग डीएसपी एवं थाना प्रभारी कृष राजपूत ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में ले ली गई है। मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की रिपोर्ट मृतक के पुत्र कुलदीप ने बस चालक अज्ञात में दर्ज कराई है।

# सीसीएसयू प्रोफेसर के खिलाफ दिव्यांगों का एसएसपी ऑफिस पर प्रदर्शन

## दिव्यांग शोध छात्र से अभद्रता व मारपीट का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिव्यांग शोध छात्र को अपमानित करना एक प्रोफेसर को भारी पड़ गया बुधवार को दिव्यांगों ने यूनिवर्सिटी में धरना दिया और अगले दिन कप्तान ऑफिस पहुंचकर आरा. `पी प्रोफेसर डी.के चौहान की शिकायत कर दी।

उनका कहना था कि मोहित रस्तोगी शोध छात्र चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति से वार्तालाप कर रहे थे अचानक पीछे से बिना किसी वजह के प्रोफेसर डी.के चौहान जंतु विज्ञान विभाग ने प्रार्थी के साथ अभद्र व्यवहार किया व उसको अपमानित करते हुए मारपीट की। आरोप है कि प्रोफेसर ने दिव्यांग छात्र



कप्तान ऑफिस पर प्रोफेसर का विरोध करते दिव्यांग।

को जान से मारने की भी धमकी दी है कप्तान ऑफिस पहुंचे दिव्यांगों का कहना था कि प्रोफेसर डीके चौहान इससे पहले भी विवादित रहे हैं और सोशल मीडिया पर इनका वीडियो भी वायरल हुआ है। उन्होंने कप्तान से तत्काल कार्रवाई की मांग की है इस दौरान दिव्यांग नेता अमित मौजूद रहे।

# इंस्पेक्टर सिविल लाइन के खिलाफ धरने पर बैठे हिंदू संगठन के अध्यक्ष

## सिर तन से जुदा करने की धमकी देने वाले युवक पर नहीं की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना सिविल लाइन में अखिल भारतीय हिन्दू सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही ने दो घंटे धरना दिया। आरोप है कि सोशल मीडिया के माध्यम से सचिन सिरोही को सिर तन से जुदा की धमकी मिली थी। जिसकी थाने में तहरीर दी गई लेकिन थाना पुलिस ने न तो कोई मुकदमा दर्ज किया और न सदर अली जैसे व्यक्ति को अभी तक



गिरफ्तार किया है। सचिन सिरोही ने कहा की उदयपुर फाइल मूवी हिन्दू समाज को दिखाने की अपील करने पर उन्हे सोशल मीडिया के माध्यम से सर तन से जुदा करने की धमकी देने वाले मेरे मरने के बाद मेरे ऊपर फिल्म बनाने वाले और मेरे ऊपर बनी फिल्म के फ्री टिकट देने वाला आरोपी सदर अली के खिलाफ पुलिस ने चार दिन से ज्यादा समय में अब तक न तो कोई मुकदमा दर्ज किया है न ही आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील है कि उन्हे सुरक्षा की जरूरत नहीं है लेकिन जब तक सदर अली जैसे व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं होंगे वह असुरक्षित महसूस करेंगे। वहीं धरनास्थल पर इंस्पेक्टर ने सीओ से फोन के माध्यम से सचिन की बात कराई सीओ ने उन्हे 10 दिन में आरोपी पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। सचिन सिरोही ने कहा कि यदि पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो वह ग्यारहवें दिन एसएसपी ऑफिस पर भूख हड़ताल करेंगे।

# दीपक कुमार चौबे बने सरधना क्षेत्र के बाल विकास परियोजना अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** दीपक कुमार चौबे सरधना के बाल विकास परियोजना अधिकारी बनाए गए हैं। गुरुवार को उन्होंने सरधना कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। कार्यालय के कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान कार्यालय में उपस्थित मुख्य सेविका ब्लाक कॉर्डिनेटर एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का परिचय लिया और उनके कार्यों की जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता शासन द्वारा चलाई जा रहीं योजना को लाभार्थियों तक पहुंचाना है। इस अवसर पर मालती रानी, राशिद अल्वी, रिचा, किशनावती, निर्मल, सविता मीना आदि उपस्थित थी।

# फरार चेयरमैन और उसके भाई पर जारी हुए गैर जमानती वारंट

## पिछले सप्ताह चेयरमैन के एक भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा था जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शाहजहांपुर नगर पंचायत के चेयरमैन वसी उर्र रहमान को एक और बड़ा झटका लगा है। वर्ष 2016 में हुए जानलेवा हमले के मामले में नामजद चेयरमैन और उसके भाई मुत्तालिब के खिलाफ अदालत ने सख्ती दिखाते हुए गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया है। अदालत ने थाना अध्यक्ष किठौर को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दोनों को गिरफ्तार कर 2 सितंबर 2025 तक न्यायालय में पेश किया जाए, अन्यथा आदेश की अवहेलना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इससे पहले 26 अगस्त को न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-2 ने चेयरमैन के भाई रजी उर्र रहमान की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।



वर्तमान में रजी जिला कारागार में बंद है। लोअर कोर्ट से राहत न मिलने के बाद रजी की सेशन कोर्ट में जमानत याचिका दायर की है, जिस पर 30 अगस्त को सुनवाई तय की गई है। मुकदमा वर्ष 2016 में किठौर थाने में दर्ज हुआ था। इसमें शाहजहांपुर की तत्कालीन चेयरपर्सन राना खान के भाई शोएब खान व उनके ससुराल पक्ष के लोगों पर प्राणघातक हमले का आरोप चेयरमैन वसी उर्र रहमान, उनके चार भाइयों और अन्य पांच लोगों पर लगाया गया था। उस समय चेयरमैन के दो भाई हिफजू रहमान और शहजर सहित चार अन्य अभियुक्तों को पुलिस ने जेल भेजा था। बाद में इन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट से करीब छह माह बाद जमानत मिल गई थी। इसके बावजूद अदालत द्वारा लगभग 26 बार तलब किए जाने पर भी तीनों भाई पेश नहीं हुए। इसी बीच 18 अगस्त को न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने चेयरमैन के भाई रजी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लगातार अनुपस्थित रहने पर अदालत ने अब चेयरमैन और उसके भाई मुत्तालिब के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया है। राजनीतिक रसूख और पुलिस की पकड़ से दूर रहने वाले चेयरमैन और उनके भाई पर अब कानून का शिकंजा कसना तय है। न्यायालय के सख्त आदेश ने पुलिस पर दबाव और बढ़ा दिया है।

# हस्तिनापुर में पत्रकार पर जानलेवा हमले का विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पत्रकारों पर बढ़ते हमलों और उत्पीड़न के खिलाफ संयुक्त पत्रकार महासभा ने मुख्यमंत्री के नाम एसपी देहात को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष सरताज अहमद के कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और उसकी सुरक्षा करना सरकार व प्रशासन की जिम्मेदारी है। हाल ही में हस्तिनापुर में दैनिक भारत समाचार पत्र के संपादक रोहित दिलावर पर दबंगों ने जानलेवा हमला किया था। इस घटना ने पत्रकार समाज को झंकझोर दिया है। आरोप है कि घटना को कई दिन हो गए, लेकिन मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो पाई है, जिससे पत्रकारों में गहरा आक्रोश है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पत्रकारों ने कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो मजबूरन बड़ा आंदोलन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से सरताज अहमद, राष्ट्रीय संरक्षक अतुल महेश्वरी, मोनू कुमार, राम अवतार राणा, प्रिंस रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# विश्व डाक दिवस पर मेरठ सिटी के तीन पोस्टमैन होंगे सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को कैंट प्रधान डाकघर में पोस्ट फोरम समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पोस्ट फोरम चेयरपर्सन आर.सी. राना, वरिष्ठ पोस्टमास्टर मेरठ कैंट प्रधान डाकघर एवं कृष्ण चन्द्र, वरिष्ठ पोस्टमास्टर मेरठ सिटी प्रधान डाकघर ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में आमंत्रित सदस्य सरब. जीत सिंह कपूर, दिनेश चंद्र जैन, ऋतु मंगलिक, मोहित जैन, रचना बाथला तथा योगेश चंद जैन के साथ-साथ डाक घर स्टाफ सविता सिंह, उप डाकपाल हरदन सिंह, पंकज एवं संजय चौहान उपस्थित रहे। बैठक में डाक विभाग की



विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं उपभोक्ता सुविधा विस्तार पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सरबजीत सिंह कपूर ने विश्व डाक दिवस पर श्रेष्ठ पोस्टमैन सम्मान हेतु चयन प्रक्रिया पर भी विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि विश्व डाक दिवस 9 अक्टूबर को मेरठ कैंट से तीन पोस्टमैन तथा मेरठ सिटी से तीन पोस्टमैन को श्रेष्ठ पोस्टमैन अवार्ड से पोस्ट फोरम सलाहकार समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही बैठक में सरबजीत सिंह कपूर के द्वारा यह भी चर्चा की गई कि जब भी कोई नया सिस्टम लागू किया जाता है, तो उसे पूरी तरह से प्रभावी होने में समय लगना स्वाभाविक है।

हाल ही में पूरे भारत में नई APT 2.0 सॉफ्टवेयर के कारण डाकघरों में सेवाएं बेहद धीमी हो गई थीं। सिस्टम के हैंग होने और स्लो प्रोसेसिंग से कर्मचारियों और ग्राहकों दोनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। किंतु अब यह सिस्टम पूरी तरह से चालू कर दिया गया है और भविष्य में किसी भी ग्राहक को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

# गृह क्लेश के चलते महिला ने जहर खाया, अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** खिर्वा जलालपुर गांव में एक महिला ने गृह क्लेश से क्षुब्ध होकर जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। उधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर लौट आई। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह उन्हें कंकरखेड़ा स्थित एक अस्पताल से सूचना प्राप्त हुई कि खिर्वा जलालपुर निवासी 23 वर्षीय पूजा पत्नी रोहन ने ग्रह क्लेश के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया है। उन्होंने टीम को मौके पर भेजा। टीम ने जांच पड़ताल की तो ग्रह क्लेश के चलते जहर खाने की बात सामने आई। फिलहाल महिला बेहोशी की हालत में थी, जिस कारण उसके बयान दर्ज नहीं हो पाए। टीम जांच के बाद वापस लौट आई। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला के होश में आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युवक पर जानलेवा हमला कर अधमरी हालत में गली के बाहर फेंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में एक युवक पर बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया, युवक को अधमरी हालत में गली के बाहर छोड़कर फरार हो गए। आसपास के लोगों ने घायल युवक के परिवार वालों इसकी जानकारी दी, परिवार के लोग उसे ई-रिक्शा में डालकर थाने लेकर पहुंचे, जहां थाना पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र में देर रात शालीमार गार्डन गली नंबर 6 की रहने वाली शाइस्ता पत्नी अफजल अपने घायल पति को ई रिक्शा में लेकर थाना लिसाड़ी गेट लेकर पहुंची। उसने बताया कि उसका पति अफजल घर से किसी काम के लिए निकला था वहीं आसपास के लोगों ने उन्हें जानकारी दी कि अफजल घायल अवस्था में गली के बाहर पड़ा हुआ है। इसके बाद परिवार के लोग आनन-फानन में मौके पर पहुंचे जहां अफजल अधमरी हालत में बीच सड़क पर पड़ा था परिवार के लोग उसे ई-रिक्शा में डालकर देर रात में थाने लेकर पहुंचे युवक की हालत



को गंभीर देखते हुए पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कर दिया। वहीं गली के रहने वाले दीनू नाम के शख्स ने बताया कि गली के ही रहने वाले कुछ युवकों से अफजल की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी जिसके बाद बदमाशों ने उसे पर लोहे की रोड से हमला कर दिया और उसे अधमरा अवस्था में छोड़कर फरार हो गये। फिलहाल थाना लिसाड़ी गेट पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही। थाना लिसाड़ी गेट प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि युवक के साथ मारपीट की गई है पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है कार्यवाही कर जेल भेजा जाएगा।

# गंगानगर चौपाटी की तर्ज पर मीनाक्षीपुरम रोड पर भी बनेगी ग्रीन बेल्ट!

### गंगानगर मंडल के सभी वार्डों में रुके हुए कार्य जल्द होंगे शुरू: महापौर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** गुरुवार को महापौर मेरठ हरिकांत अहल. ूवालिया, नगर निगम अपर पंकज यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, एक्शन निमार्ण सतीश कंवल, अभियंता प्रवीण कुमार, इंस्पेक्टर परवेज शर्मा, जेई जल कल विभाग लाल बहादुर के साथ अन्य निगम अधिकारी कसेरू खेड़ा वार्ड 20 में पहुंचे जहां उन्होंने वार्ड पार्षदों एवं जनता से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना।

इस अवसर पर वार्ड 20 के पूर्व पार्षद नरेंद्र यादव ने महापौर एवं अधिकारियों के सामने कसेरू खेड़ा में स्थित जर्जर टंकी का मामला उठाते हुए कहा कि टंकी बिल्कुल जर्जर हो चुकी है और कभी भी यह गिर सकती है जिससे बहुत बड़ा हादसा हो सकता है पूर्व पार्षद ने क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी महापौर व अन्य अधिकारियों को अवगत कराया तो भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सोनकर ने कसेरूखेड़ा में सिवर लाइन का कार्य बंद होने की बात कही मंडल अध्यक्ष ने कहा कि मीनाक्षी पुरम रोड पर कूड़े का ढेर लगा रहता है इस कूड़े के स्थान को स्थाई रूप से हटाया जाए। मीनाक्षीपुरम से सलिल मिश्रा ने भी मीनाक्षीपुरम स्थित जर्जर टंकी के ध्वस्तीकरण की बात रखी। क्षेत्रीय निवासी राजवीर सिंह मलिक ने महापौर एवं अधिकारियों से कहा कि मीनाक्षीपुरम रोड से महाजन की फैक्ट्री के बराबर से जाने वाला मार्ग जर्जर अवस्था में है जिसके कारण कसेरू खेड़ा के रहने वाले नागरिकों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है इसका पुनर्निर्माण कराया जाए। पार्षदों एवं नागरिकों की समस्याओं सुनने के बाद हरिकांत अहलूवालिया ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए की कसेरू खेड़ा नाले से खटकाने पुल तक नाले के किनारे ग्रीन बेल्ट के निर्माण की संभावना तलाशी जाए जिस पर सोलर लाइट एवं बेंच बनवाई जाए इससे न केवल कूड़े का स्थान हट जायेगा बल्कि यह रोड आदर्श रोड के रूप में विकसित हो जाएगी। महापौर के सुझाव पर अधिकारियों ने इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। महापौर ने कहा कि कसेरू खेड़ा में स्थित पुरानी टंकी को भी शीघ्र ध्वस्त कराया जाए तथा कसेरू खेड़ा वार्ड 20 में बंद पड़ा सिवर लाइन का कार्य पुन: युद्ध स्तर



पर शुरू करवाने का भी अधिकारियों को निर्देश दिया। पार्षद आनंद जाटव एवं पार्षद पति भरत शर्मा के सुझाव पर महापौर ने आश्वासन दिया कि बक्सर टेंपो स्टैंड से कसेरू खेड़ा नाले तक डिफेंस कालोनी तरफ नाले का निर्माण करवाया जाएगा जिससे कि जल भराव की समस्या समाप्त हो जाएगी। वरिष्ठ भाजपा नेता आमोद भारद्वाज ने महापौर से आग्रह किया कि क्रांति चौक का निर्माण शीघ्र करवाया जाए क्योंकि यह नागरिकों की आस्था से जुड़ा हुआ है। पार्षद आनंद जाटव एवं पार्षद पति भरत शर्मा ने भी क्षेत्र की अन्य कई समस्याओं को महापौर एवं अधिकारियों के सामने रखा जिस पर महापौर एवं अधिकारियों ने शीघ्र रुके हुए कार्य को जल्दी शुरू करवाने का वादा किया और स्ट्रीट लाइट के लिए तुरंत फोन पर संबंधित विभाग को निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजीव रस्तोगी, संदीप बागड़ी, दीपक प्रजा. पति , देवेन्द्र यादव, सलिल मिश्रा, ज्ञान शाक्य , सफाई सुपरवाइजर अमित कुमार सहित काफी संख्या में नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरधना पुलिस ने नगर में किया पैदल मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** पुलिस ने गुरुवार को इंस्पेक्टर सरधना के नेतृत्व में नगर में पैदल मार्च किया है। थाने से पैदल मार्च शुरू हुआ। उसके बाद पुलिस टीम पूरे नगर में घूमी। इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने नगर क्षेत्र में सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने का लोगों से आह्वान किया। वहीं अतिक्रमण करने वालों को भी हिदायत दी गई।

# आग से छह लाख के बुर्के जलकर राख

## शार्ट सर्किट से लगी बुर्के की दुकान में आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** शार्ट सर्किट से लगी आग से लाखों रूपये के बुर्के जलकर राख हो गये। दमकल की मद्द से आग पर कई घंटे में काबू पाया गया।

जनपद बिजनौर के थाना शिवाला कलां के गांव इस्माईलपुर के सदाकत अली की कस्बे के नईबस्ती में पाकीजा मार्केट में बुर्के की दुकान है। वह रोजाना अपनी दुकान को बंद कर घर चले जाते हैं। बीती रात साढ़े नौ बजे की घटना है कि शार्ट सर्किट से बुर्के की दुकान में अचानक आग लग गयी। जब लोगों की नजर दुकान में से निकल रहे धुएं पर गयी तो उन्होंने इसकी सूचना तुरन्त दुकान स्वामी को दी। कुछ ही देर में वह भी मौके पर पहुंच गये। शटर उठाकर आग को बुझाने का प्रयास किया गया। परन्तु आग बेकाबू हो गयी। इसकी सूचना दमकल को दी गयी। नागरिकों की मद्द से कई घंटे में आग पर काबू पाया गया। परन्तु जब तक दुकान में रखे चार हजारे बुर्के जलकर राख हो गये। दुकानदार सदाकत अली ने बताया कि उन्हें आग से करीब छह लाख रूपये का नुकसान हुआ है।



# सपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य की मौत पर अखिलेश ने दुख जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुदैना निवासी योगेंद्र खड़कवंशी का (82) बुधवार को निधन हो गया। स्थानीय सपा कार्यकर्ताओं के मुताबिक वह पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता थे। आजीवन पार्टी के सदस्य रहे। उनकी इच्छा थी कि उनके शव को पार्टी के झंडे में लिपटाया जाए। उनके निधन की जानकारी होने पर जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव, जिला कोषाध्यक्ष विपिन कौशिक, जिला सचिव सचिन यादव कुदैना गांव में पहुंचे। उनके पार्थिव शव को समाजवादी पार्टी के झंडे से ढका। शाम को



उनका अंतिम संस्कार कर दिया। सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, अशोक चौधरी, संतराम सिंह यादव,अब्दुल सलाम, आलोक भारती आदि लोग उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

# लैंडस्लाइड हादसे के 20 घंटे बाद पति को हुई पत्नी की मौत की जानकारी

## वैष्णो देवी यात्रा में हुए लैंडस्लाइड हादसे में मवाना निवासी नीरा वर्मा की हुई थी मौत





मृतका नीरा वर्मा व चांदनी का फाइल फोटो।



इसी रेस्टोरेंट में चाय पीने के बाद पति से जुदा हुई थी नीरा।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** वैष्णों देवी लैंडस्लाइड मामले में हादसे का शिकार हुई नीरा वर्मा की मौत की जानकारी उसके पति को करीब 20 घंटे बाद हुई। गुरूवार को मृतका का शव मवाना में उनके निवास पर पहुंचा। उसके बाद गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उधर, राजस्व विभाग की टीम ने भी उनके घर पहुंचकर जानकारी जुटाई।

गौरतलब है कि मंगलवार को जम्मू में वैष्णों देवी यात्रा मार्ग पर लैंडस्लाइड से दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। जिसमें मवाना के मोहल्ला तिहाई निवासी अमित वर्मा की पत्नी नीरा वर्मा व नीरा की बहन चांदनी निवासी खेकड़ा बागपत भी शामिल थी। सोमवार को नीरा का शव ले कर अमित मवाना पहुंचा, जिसके बाद घर में मातम पसर गया। उसके बाद गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार किया गया।

**■ गुरूवार को शव पहुंचा मवाना, गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार**

### नीरा व चांदनी की तलाश में 20 घंटे तक भटकते रहे परिजन

अमित वर्मा ने यात्रा की शुरूआत से पूरी कहानी बताई। उन्होंने बताया कि 26 अगस्त मंगलवार को सुबह करीब दस बजे उन्होंने अपनी पत्नी नीरा, बेटी विधि, साली चांदनी, साढ़ू मयंक निवासी खेकड़ा बागपत, साली की सास आदि के साथ कटरा से भवन के लिए चढ़ाई शुरू कर दी। शाम करीब 3 बजे उन्होंने चरण पादुका से आगे एक रेस्टोरेंट पर चाय पी। नीरा व चांदनी काफी थक चुकी थीं तो पत्नी नीरा ने अमित से कहा कि आप बेटी को साथ लेकर आगे चलो, हम पीछे-पीछे आ रहे हैं। अमित, बेटी व साढ़ू के साथ आगे बढ़ गया। तभी पीछे से यह हादसा हो गया। उन्हें हादसे का तो पता चल गया, लेकिन इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था उन दोनों की जीवन संगिनी हमेशा के लिए दुनिया से विदा हो चुकी हैं। बदहवास हालत में वे सब नीरा और चांदनी को ढूंढते हुए भवन तक पहुंच गए। हादसे के बाद दर्शन के एंट्री बंद हो गई और उसके बाद उन्होंने वापस कटरा के लिए उतरना शुरू कर दिया। रास्ते भर उन सभी की आंखें दोनों बहनों को तलाशती रहीं, लेकिन उनकी तलाश अस्पताल में पहुंचकर खत्म हुई। कटरा पहुंचने के बाद वे होटल पहुंचे और दोनों बहनों के वहां नहीं मिलने पर रात करीब 10 बजे कोतवाली में पहुंचे और दोनों की गुमशुदगी की बात जम्मू पुलिस को बताई। पुलिस ने उनसे सुबह आने को कहा।

बुधवार सुबह करीब 7 बजे वे फिर से कोतवाली पहुंचे तो कुछ पता नहीं चलने पर किसी ने उन्हें सीएचसी जाने की सलाह दी। सीएचसी पहुंचे तो वहां अफरा तफरी का माहौल था और वहां भी कोई जानकारी नहीं मिली। कोतवाली और सीएचसी के बीच चक्कर लगाते हुए उन्हें दोपहर के 12 बज गए। उसके बाद सीएचसी में मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी मदद की और तब जाकर उन्हें नीरा व चांदनी की मौत की जानकारी हुई। अधिकारियों ने उनसे कागजी कार्रवाई पूरी कराई और पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव उनके सुपुर्द कर दिए गए।

### पहली बार गई थी दर्शन करने

पहली बार दर्शन करने की खुशी पूरे परिवार के मातम में बदल गई। नीरा और चांदनी की मां गाजियाबाद निवासी सावित्री ने बताया कि उन्हें शनिवार को फोन पर दोनों बहनों के पहली बार वैष्णों देवी के दर्शन के लिए जाने की जानकारी मिली थी। उनका परिवार बहुत खुश था। मंगलवार सुबह फोन पर उनकी बात हुई तो दोनों बहनों ने बताया कि वे कटरा पहुंच चुके हैं और उन्होंने पूरी-सब्जी खाई है। उसके बाद अब यात्रा शुरू करेंगे। दो बेटियों के चले जाने के बाद अब उनके परिवार में अब अविवाहित बेटी रीना व बेटा मोहित बचे हैं।

# दुष्कर्म के आरोपी को एस.सी./एस.टी. कोर्ट ने सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को विशेष एस.सी./एस.टी. कोर्ट, मेरठ न्यायाधीश मौहम्मद असलम सिद्दीकी ने दुष्कर्म के एक आरोपी को सजा सुनाई। एडीजीसी के प्रवक्ता प्रतीक ढाका ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता ने वर्ष 2021 में थाना दौराला में आरोपी के विरूद्ध दुष्कर्म व दलित उत्पीड़न से सम्बन्धित मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस की चार्जशीट के बाद कोर्ट में ट्रायल चला और आज (गुरुवार) आरोपी को न्यायाधीश मौहम्मद असलम सिद्दीकी ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर सजा सुनाई है। बीते दिनों भी थाना सरधना क्षेत्र के एक मामले में मौहम्मद असलम सिद्दीकी ने दुष्कर्म के आरोपी को सजा दी थी।

# स्वर्ण पदक जीतने पर फलावदा की शूटर पूनम विश्नोई को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** मंगलवार से देहरादून में चल रही 23वीं राज्य निशानेबाजी प्रतियोगिता में 10.9 शूटिंग/एस.डी. इंजी. स्पोर्टस एकेडमी की होनहार शूटर पूनम विश्नोई फलावदा निवासी उपकीडाधिकारी ने 50 मी. पिस्टल में खेलते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। गुरुवार कको जिला कलैक्ट्रेट में आयोजित जनपदीय अधिकारियों की बैठक में जिलाधिकारी महोदय, मुजफ्फरनगर द्वारा पूनम विश्नोई, उपकीडाधिकारी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। देहरादून में आयोजित 23वीं उत्तराखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में कस्बे की मूल निवासी पूनम बिश्नोई ने र्स्वण पदक हासिल किया है। उन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से फलावदा का नाम रोशन किया है। निशानेबाजी में निपुणता रखने वाली शूटर पूनम बिश्नोई ने बताया कि देहरादून में गत 21 अगस्त से 23वीं उत्तराखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन हुआ जो एक सप्ताह तक चली। प्रतियोगिता में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। फलावदा की पूनम बिश्नोई ने 50 मीटर राइफल (प्रोन) चैंपियन शिप (व्यक्तिगत) में भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन किया।

# परीक्षितगढ़ थानाध्यक्ष को हटाने की मांग

## घटनाओं का खुलासा न करने पर एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा से मिले व्यापारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर में पिछले सप्ताह हुई अन्य घटनाओं को लेकर संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष सुधीर गर्ग के नेतृत्व में देर रात व्यापारियों ने एसपी देहात से मुलाकात कर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यवाही की मांग की। वहीं फोन पर राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने भी एसपी देहात से थाना प्रभारी के व्यवहार को लेकर हटाने की मांग की है।

बुधवार रात 12 एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा थाने पहुंचे तो संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष सुधीर गर्ग के नेतृत्व में कई दर्जनों व्यापारी थाने पहुंच गए तथा नगर में सर्राफ कमल सिंगल सभासद के प्रतिष्ठान से दिन में ही चोरी की रिपोर्ट दर्ज न करने के साथ ही व्यापारी गुड्डू सैफी की दुकान का गल्ला तोड़कर 120000 रुपए की चोरी के साथ ही रेजीमेंट की दुकान से हजारों के कपड़े बदमाश द्वारा ले जाने के मामले में भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। वहीं फोन पर राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने भी एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा से नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें ऐसा थाना चलाने वाला थाना अध्यक्ष नहीं चाहिए जो जनता की भावनाओं को ना समझें। उन्होंने थाना अध्यक्ष विजय कुमार राय को तत्काल हटाने की मांग की। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने भी थानाध्यक्ष विजय कुमार राय को हड़काते हुए जनता के साथ मधुर व्यवहार से पेश आने तथा वारदातों की रिपोर्ट दर्ज करने की हिदायत दी है। इस मौके पर व्यापार संघ अध्यक्ष सुधीर गर्ग, अमन प्रधान, गौरव गर्ग, पोपट, पंकज मित्तल, कमल सिंघल, विशाल प्रजापति सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

# राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने अमित मोहन टीपू के आवास पहुंचकर जाना हाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता अमित मोहन टीपू का दो सप्ताह पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अब अपने आवास पर आने पर राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने उनके आवास पर जाकर कुशल क्षेम जानते हुए शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

नगर निवासी पूर्व चेयरमैन अमित मोहन टीपू की गाड़ी का मेरठ दिल्ली एक्सप्रेस वे पर एक्सीडेंट हो गया था जिसमें पूर्व चेयरमैन व परवेज मुन्नर गंभीर रूप से घायल हो गए थे वहीं भोजपुर थाने के एक सिपाही की भी मौत हो गई थी। अमित मोहन को मेरठ के बाद नोएडा में भर्ती रहे थे अभी ठीक होकर अपने आवास पर आ गए जहां उनसे मिलने क्षेत्र के काफी लोग आ रहे हैं। बुधवार देर रात राज्य मंत्री दिनेश खटीक उनके आवास पर पहुंचे तथा जानकारी लेकर शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस मौके पर भाजपा नेता गगन त्यागी, प्रमुख नितिन पोसवाल, सचिन त्यागी, योगेश, व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग, महामंत्री शुभम वशिष्ठ, मनोज त्यागी, गुड्डू प्रजापति, अरविंद रस्तोगी, मदन गुर्जर सहित दर्जनो लोग मौजूद रहे।

# मीरपुर जखेडा में फांसी पर लटकी मिली महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर जखेड़ा गांव में गुरुवार की देर शाम को चार बच्चों की मां कमरे में पंखे से लटकी मिली। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। मीरपुर जखेड़ा निवासी 42 वर्ष मुकेश पत्नी स्व. सुनील अपने घर में एक कमरे में पंखे से दुपट्टे से लटकी हुई मिली। करीब सात महीने पहले पति सुनील की भी मौत हो गई थी जहां मुकेश के चार बच्चे हैं। पति के मरने के बाद मुकेश काफी परेशान रहने लगी थी और अकेली घर में रहकर डिप्रेशन में आ गई। गुरुवार की देर शाम को मुकेश का शव पंख से दुपट्टे से लटका मिला। ग्रामीणों ने थाना पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौड़ और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. ने खेल प्रतियोगिताओं का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रबंध निदेशक ईशा दुहन के निर्देशन में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. मेरठ द्वारा दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा हैं। इन प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिताएं सम्मलित हैं। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर, यह प्रतियोगिताएं गुरुवार व शुक्रवार (आज) विद्युत प्रशिक्षण संस्थान निकट ऊर्जा भवन मेरठ एवं विक्टोरिया पार्क मेरठ में आयोजित की जा रही हैं।

गुरुवार को सगीर अहमद मुख्य अभियंता (एचआरए) की उपस्थिति में टेबल टेनिस एवं शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। टेबल टेनिस के फाइनल मुकाबले में नितिन कुमार सहायक अभियंता, गाजियाबाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर राजीव कुमा कार्यकारी सहायक द्वितीय, नोएडा तथा तृतीय स्थान ध्रुव मलिक सहायक लेखाकार मेरठ ने प्राप्त किया। मैच रैफरी हर्षित द्वारा कराए गए। कैरम प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान अभिमन्यु कुमार, मुरादाबाद, द्वितीय स्थान सचिन कुमार, गाजियाबाद एवं तृतीय स्थान अनुपम शर्मा ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान श्वेता अग्रवाल, द्वितीय स्थान ममता रानी एवं तृतीय स्थान रेनु थारू ने हासिल किया। मैच रैफरी तनूजा कंसल व अरूण वर्मा रहे। शतरंज प्रतियोगिता मे खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिनमें प्रथम स्थान मनोज बिन्द मेरठ, द्वितीय स्थान नीरज कुमार जायसवाल, गाजियाबाद, तृतीय स्थान सुमित त्यागी, बुलंदशहर ने प्राप्त किया। मैच रैफरी विवेक त्यागी, शोभित जैन व प्रीति त्यागी रहे। इस अवसर पर अलका तोमर (अर्जुन अवार्डी) एवं स्पोर्टस ऑफिसर बिजेन्द्र सिंह, जतन सिंह, दिलमणि थपलियाल, पंकज खन्ना, माँगे राम, राजेश चौधरी आदि का खेल प्रतियोगिता मे विशेष योगदान रहा। बैडमिंटन प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शुक्रवार (आज) मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक ईशा दुहन की उपस्थिति में समय प्रात: 11 बजे स्थान बैडमिंटन हॉल, विक्टोरिया पार्क मेरठ में आयोजित होगा।

# गणेश मूर्ति विसर्जन में जाने के लिए लेनी होगी अनुमति: प्रभारी निरीक्षक फलावदा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** गणेश चतुर्थी के पर्व और मूर्ति विसर्जन को लेकर थाना फलावदा में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शांति व्यवस्था के लिए जनता से सहयोग की अपील की गई। स्थानीय थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि श्री गणेश की मूर्ति गंगा में विसर्जन के दौरान श्रद्धालु डूबने की घटना को रोकने के लिए आयोजन कर्ताओं को कानून का पाठ पढ़ाते हुए बताया कि इस बार गणेश मूर्ति विसर्जन में जाने वाले लोगों को शासन प्रशासन से परमिशन लेनी होगी तथा गणेश की मूर्ति के साथ लोगों की भीड़ में ट्रैक्टर ट्रॉली पर प्रतिबंध रहेगा। श्री गणेश चतुर्थी कार्यक्रम के आयोजनकर्ताओं के नाम थाने के अभिलेखों में दर्ज किए गए हैं। कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग दें। थाना प्रभारी ने थाना क्षेत्र में गणेश मूर्ति विसर्जन पर होने वाले आयोजन के बारे में जानकारी की। नगर व क्षेत्र के गांवों में सभी त्यौहार सौहार्दपूर्ण मनाएं। चेयरमैन अशोक कुमार सैनी ने बताया कि गणेश चतुर्थी पर कस्बे में तीन दिवसीय पूजा का आयोजन किया जाता है। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने उपस्थित सभी लोगों से धार्मिक कार्यों में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई है। इस दौरान चेयरमैन अशोक कुमार सैनी, पूर्व चेयरमैन नैय्यर आलम कुरैशी, विवेक कुमार सैनी, नैन सिंह, रविंद्र सैनी, सुनील,मोनू देवापाल, संदीप, राहुल, सभासद मुकेश सैनी, अशोक भारती, विकास पाल बजरंगी, जितेंद्र, सुरेंद्र, पीतम सिंह, बालेंद्र प्रधान, सुनील कांबोज, पूर्व सभासद सलीम मलिक के अलावा क्षेत्र के मंदिर समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र मेरठ दीपेन्द्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक का आयोजन 29 अगस्त (आज) को विकास भवन सभागार मेरठ में सांय चार बजे किया जायेगा। उन्होंने समिति के सम्मनित सदस्यों से गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, विभिन्न विभागों में उद्यमियों की समस्याओं पर विचार/चर्चा, निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा, निवेशकों की समस्या समाधान तथा अन्य बिंदुओं अध्यक्ष की अनुमति से संबंधित पूर्ण विवरण/कृत कार्यवाही के साथ बैठक में भाग लेने हेतु अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि उक्त बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणो के साथ फीडबैक एवं ग्रीवेंस की भी समीक्षा की जायेगी।

# गगसौना में हुई फायरिंग व मारपीट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के गांव गगसौना में बुधवार देर शाम पीड़ित के घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से तमंचों से फायरिंग वं मारपीट के मामले में पुलिस ने गौरव पुत्र रेंज सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

**यह था मामला**

बुधवार देर शाम महिला से बात करने के शक में अनुसूचित जाति के दो पक्षों में गाली गलौज होते हुए आधा दर्जन से अधिक लोगों ने पीड़ित के घर में घुसकर तमंचो से हवाई फायरिंग कर लाठी डंडों से मारपीट कर पिता पुत्र को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के संबंध में पीड़ित आनंद पुत्र राजकुमार ने गांव के ही नीरज व धीरज पुत्रगण सुरेंद्र व गौरव पुत्र रेंज सिंह निवासी गांव गगसौना और 6 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। घटना के संबंध में पीड़ित राजकुमार पुत्र राजवंता पक्ष की तरफ से परिजनों ने थाने में पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि राजकुमार का पुत्र आनंद आज बुधवार शाम करीब चार बजे अपने मकान की छत पर बैठे हुए पड़ोस में रहने वाली राखी पत्नी गौरव से बातचीत कर रहा था। इस दौरान महिला के देवर नीरज ने आनंद पर शक जाहिर करते हुए उसके गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामले को लेकर आस-पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए उस समय तो दिन में गांव के गणमान्य लोगों ने दोनों पक्षों का समझौता कराकर मामले को शांत करा दिया था लेकिन देर शाम करीब 7:30 बजे महिला का देवर नीरज व धीरज पुत्रगण सुरेंद्र अपने साथ आठ बदमाशों को लेकर पीड़ित राजकुमार के घर में घुसकर तमंचो से हवाई फायरिंग करते हुए आनंद और उसके पिता राजकुमार पर जान से मारने की नीयत से लाठी डंडों से जमकर मारपीट कर दी। बीच बचाव कर रही राजकुमार के परिवार की महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। फायरिंग और मारपीट होते ही मोहल्ले में भगदड़ मच गई। जिससे लोगों में दहशत व्यापत हो गई। सूचना पर 112 डायल व थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन सभी लोग मौके से फरार हो गए। घटना में घायल हुए आनंद और उसके पिता राज. कुमार को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया है।

# जोधामल नरेश चंद्र जैन ज्वैलर्स का 21 लाख रुपये का सोना लेकर भागा बंगाली कारीगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ में सर्राफा कारोबारी के सोना लेकर बंगाली कारीगर के भागने की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। वहीं मेरठ शहर के नामचीन सर्राफा कारोबारी जोधामल ज्वैलर्स का 21 लाख रुपए का सोना लेकर बंगाली कारीगर फरार हो गया। थाना देहली गेट क्षेत्र में जोधामल नरेश चंद्र जैन ज्वैलर्स के नितिन जैन ने तहरीर दी है। नितिन का आरोप है कि बंगाली कारीगर उनका 210.52 ग्राम सोना लेकर फरार हो गया है। थाना पुलिस बंगाली कारीगर की तलाश में जुट गई है। इस सोने की कीमत 21. 68 लाख रुपये बताई जा रही है पीड़ित सर्राफा कारोबारी के अनुसार दो अगस्त को आरोपी दुकानदार उनके पास आया था। उसने सर्राफ से जेवरात बनाने के लिए सोना मांगा था। पीड़ित ने आरोपी को 210.52 ग्राम 24 कैरेट सोने दे दिया था। लेकिन 12 दिन में जेवरात बनाकर वापस देने की बात कही थी। जब सर्राफा कारोबारी ने ऑर्डर का समय पूरा होने पर आरोपी बंगाली कारीगर को फोन किया तो आरोपी ने दो दिन का समय और मांग लिया और जेवरात को दुकान पर पहुंचने की बात कही। सर्राफा कारोबारी ने नंबर पर संपर्क करने का प्रयास तो आरोपी का नंबर बंद आ रहा था। जिससे पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत करते हुए तहरीर देकर बंगाली कारीगर पर कार्रवाई की मांग की है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि पीड़ित ने तहरीर दी है। आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम लगा दी गई है। जल्द ही आरोपी को पकड़ कर कार्यवाही की जाएगी।



आरोपी के खिलाफ तहरीर देते नितिन जैन।

# युवक ने दबंगों पर लगाया प्लाट पर कब्जा करने का आरोप, एसएसपी से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचे पीड़ित युवक ने बताया कि दबंगों ने उसके 100 गज के प्लॉट पर ताला तोड़कर कब्जा कर लिया है। जब पीड़ित ने मौके पर पहुंचकर कब्जा करने का विरोध किया तो पीड़ित को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित युवक ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर दबंग के खिलाफ शिकायत पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

रऊफ पुत्र इलियासुद्दीन निवासी इस्माईल थाना कोतवाली क्षेत्र का रहने वाले हैं। पीड़ित रऊफ ने बीती सात अगस्त को पहलवान नगर फतेहउल्लापुर स्थित एक 100 गज के प्लाट का एक पंजीकृत इकरारनामा असल मालिक मौहम्मद नबील पुत्र मौहम्मद वकील निवासी उमर नगर थाना लोहिया नगर से कराया था जिसके बाद पीड़ित युवक ने मौहम्मद वकील से 13 अगस्त को प्लाट का रजिस्टर्ड बैनामा उपनिबंधक सदर चतुर्थ मेरठ के यहां रजिस्टर्ड कराया था तभी से पीड़ित युवक प्लाट का मालिक चला आ रहा है। पीड़ित युवक ने आरोप लगाते हुए बताया कि आरोपी सलमा, ताज, रहीस, फाजिल और अज्ञात लोगों ने 14 अगस्त को पीड़ित युवक के प्लाट में घुस गया और जबरदस्ती प्लाट का ताला तोड़कर अपना ताला लगा दिया। पीड़ित युवक को जब इसकी जानकारी मिली तो मौके पर पहुंचकर प्लॉट पर कब्जा करने का विरोध करने लगा। वहीं आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोपियों ने धमकी देते हुए कहा अगर तू दोबारा इस प्लाट पर आया तो तेरी लाश का भी पता नहीं चलेगा। पीड़ित युवक का कहना है कि आरोपी किसी के मकान पर कब्जा कर लेते हैं उनके परिवार वालों को डराते व धमकाते हैं। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर तूने किसी से शिकायत की तो तुझे व तेरे बीवी-बच्चों को जान से मरवा देंगे और पुलिस भी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती।

पीड़ित ने बताया कि आरोपी दबंग व बदमाश अपराधी किस्म के लोग हैं और गैंग बनाकर अवैध तरीके से गरीबों की जमीनों व मकानों पर कब्जा करके धोखाधड़ी व फर्जी तरीके से कागजात तैयार करके बेच देते हैं और मुकदमें में फंसाने की धमकी देकर फैसले के नाम पर मोटी रकम ऐंठने का काम करते हैं इसीलिए कोई इनके खिलाफ बोलने को तैयार नहीं है।

पीड़ित युवक रऊफ ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। एसएसपी डॉ. विपिन टाडा ने मामले की जांच कराकर कारवाई का आश्वासन दिया है।



पीड़ित युवक

# गांव के बाहर जंगल में पड़ा मिला युवक का शव

## परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए किया हंगामा, हत्या से गांव में शोक की लहर



मृतक का फाइल फोटो







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र के फैजपुर निनाना गांव से दो दिन से लापता युवक आकाश उर्फ काला का शव गांव के बाहर जंगल में पड़ा मिला है। शव की खोज तब हुई जब कुछ किसान खेतों में काम करने पहुंचे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और दोषियों की जल्द गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। किसी तरह पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया। वहीं युवक की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। एडिशनल एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सुबह जंगल से शव मिलने की सूचना मिली। मृतक की पहचान फैजपुर निनाना निवासी आकाश पुत्र प्रेम सिंह 23 वषीय के रूप में हुई है। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। आकाश को आखिरी बार इन्हीं दोनों युवकों के साथ देखा गया था। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। वे हर पहलू की बारीकी से जांच कर रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित परिवार को जल्द घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

## काम कर रहे युवक की करंट लगने से मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को बड़ौत कस्बे में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। निर्माणाधीन होटल पर काम करने के दौरान 24 वर्षीय मजदूर आर्यन को विद्युत करंट लग गया। हादसा तब हुआ जब आर्यन होटल की छत पर काम कर रहा था।

करंट लगने के बाद आर्यन जमीन पर गिर गया। आसपास के लोगों ने तुरंत उसे स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। यहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद आर्यन को मृत घोषित कर दिया। आर्यन अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। स्थानीय लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे हैं।

## शिक्षा अधिकारी अधिशासी अधिकारियों के साथ करे नियमित फील्ड का निरीक्षण, प्रेरणा एप पर करे फोटो अपडेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अधिशासी अधिकारियों के साथ मिलकर नियमित फील्ड निरीक्षण करें और उसकी स्थिति प्रेरणा एप पर फोटो सहित अपडेट करें, जिससे जवाबदेही तय की जा सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति नियमित हो और पढ़ाई की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल नामांकन बढ़ाना नहीं है, बल्कि हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अवसर पहुँचाना है। विद्यालयों में समय-समय पर बालसभा, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य प्रेरक गतिविधियाँ आयोजित की जाएँ। यह न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करेगा।

## हाईवे पर ट्रैक्टर चालक ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर सिसाना गांव के पास एक ट्रेक्टर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी पर सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में मुजफ्फरनगर के हुसैनपुर कला गांव के अयान पुत्र इरफान, महबूब पुत्र सलाउद्दीन और वकीला पत्नी मतलूब शामिल हैं।

स्थानीय लोगों और पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया। तीनों स्कूटी सवार थाने में किसी काम से आए थे और वापस गांव लौट रहे थे। पुलिस ने घायलों के परिजनों को घटना की जानकारी दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार ट्रेक्टर चालक की तलाश जारी है।





## एक नजर

### मिड-डे मील और पोषण पर विशेष ध्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बैठक में मिड-डे मील की गुणवत्ता, रसोईघर की साफ-सफाई और बच्चों को पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराने की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित भोजन दिया जाना जरूरी है। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### युवाओं ने ली सदस्यता, चुनावी रणनीति पर हुई चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राष्ट्रीय लोकदल के नेता ओमबीर ढाका ने शहर की माता कालोनी में दौरा किया। रालोद नेता ओमबीर ढाका ने कार्यकर्ताओं के साथ आगामी चुनाव की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। बैठक में सदस्यता अभियान पर भी चर्चा हुई। इस दौरान शहर के सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ली। नए सदस्यों ने कहा कि लोकदल के मुखिया की नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली है। वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी के लिए काम करेंगे। रालोद नेता ओमबीर ढाका ने कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि पार्टी हर वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान में भी सक्रिय भागीदारी की अपील की।

### पीड़ितों को समर्थन देने पहुंचे सपा कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गांव खिंदोडा में 3 महीने से लापता साक्षी शर्मा का आज तक भी कोई सुराग नहीं लग मिला है। पुलिस प्रशासन खाली हाथ परेशान होकर पीड़ित परिवार व साक्षी के पिता पिछले तीन दिन से भूख हड़ताल पर हैं। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र देव पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ के साथ धरने पर पहुंचकर पीडित परिवार को समर्थन दिया। उन्होने कहा कि सपा पार्टी हर शोषित पीड़ितो के साथ खड़ी है। इस दौरान संजीव त्यागी, राहुल यादव आदि मौजूद रहे।

### मेरठ मंडल आरटीओ ने बागपत एआरटीओ कार्यालय का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले में परिवहन सेवाओं की गुणवत्ता और जनता को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेरठ मंडल आरटीओ अनीता सिंह ने बागपत स्थित सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित रजिस्टर, अभिलेखों और रखरखाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को हिदायत दी कि जनता को मिलने वाला लाभ सीधे, पारदर्शी और समय पर मिलना चाहिए।

### अटल भूजल योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले में भूजल स्तर को बढ़ाने और पारंपरिक जल स्रोतों को संरक्षित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अटल भूजल योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और आगामी लक्ष्यों पर चर्चा हुई। बैठक में अटल भूजल योजना के नोडल अधिकारी ज़फ़र अली ने बताया कि वर्ष 2023-24 में जिले को योजना अंतर्गत 10 तालाबों की खोदाई का लक्ष्य मिला था, जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इसी तरह भूमि संरक्षण विभाग को सौंपे गए 14 तालाबों में से 13 का कार्य पूर्ण हुआ। वर्ष 2024-25 में लघु सिंचाई विभाग को 13 तालाबों की खोदाई का लक्ष्य मिला जिसके अनुरूप 11 तालाबों की खोदाई पूर्ण हुई।

## बच्चों के भविष्य से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा स्वीकार:डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विद्यालयों की स्वच्छता, मूलभूत सुविधाएँ, छात्र उपस्थिति, मिड-डे मील की गुणवत्ता, भवनों की सुरक्षा और पढ़ाई की स्थिति तक हर पहलू पर गहन समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों के भविष्य से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल कक्षाओं तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व, संस्कार और समाज में सकारात्मक योगदान के अवसर प्रदान करने वाली होनी चाहिए। बैठक में विशेष रूप से बरसात के मौसम में स्कूलों की छतों की स्थिति और चारदीवारी की मजबूती की जांच कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि कहीं भी सीपेज, रिसाव या कमजोर निर्माण की सूचना मिले तो संबंधित विभाग तत्काल कार्यवाही कर समस्या का समाधान करे। बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालयों में बेंच, पेयजल, साफ-सफाई, शौचालय, खेल सामग्री और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएँ हर हाल में उपलब्ध कराई जाएँ। यदि किसी भी विद्यालय में बच्चों की अनुपस्थिति, गंदगी, खराब भोजन या शिक्षकों की लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी और प्रधानाध्यापक पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गीता चौधरी ने बताया कि जनपद के 61 प्राथमिक विद्यालयों को अधिकारियों द्वारा गोद लिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिन विद्यालयों को अधिकारियों ने गोद लिया है, वहां शौचालय, पेयजल, साफ-सफाई, फर्नीचर और खेल सामग्री जैसी सभी सुविधाएँ अनिवार्य रूप से सुनिश्चित हों। हर अधिकारी अपने गोद लिए विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी वित्त /राजस्व पंकज वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गीता चौधरी, जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, बीडीओ, डीपीआरओ और अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गणपति की विधि विधान से की पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के मलकपुर रोड श्रीशिव गुरुकुल स्वाधालय केंद्र में स्थापित किए गए गणेश विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। संस्कृत के विद्यार्थियों ने विधि विधान के साथ श्रीगणेश को भोग लगाया। वहीं पर विराजमान किए गए गणेश बप्पा मोर्या श्रद्धालुओ ने श्रीगणेश को तिलक लगाकर मंगल आरती गाते हुए उनका गुणगान किया। शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जा रहा है। बडौत, छपरौली, मलकपुर रोड स्थित गुरुकुल स्वाधालय केंद्र में विद्वान पंडित आचार्य संदीप गौतम एवं आचार्य श्याम वशिष्ठ ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर गुरुकुल में गणेश पूजन किया। श्रीगणेश को भोग लगाकर गणपति बप्पा की स्थापना हुई। श्रद्धालुओं ने मंगल कामनाओं के साथ भजन कीर्तन गाकर उन्हें भोग लगाया गया। इस अवसर पर शिव गुरुकुल स्वाधालय केंद्र छपरौली मलकपुर रोड पर विद्वान आचार्य पंडित संदीप गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि शास्त्रों और पंचांग से गणपति स्थापना हुई। इस मौके पर आचार्य श्याम वशिष्ठ प्रधानाचार्य। पंडित अरुण भारद्वाज ने विधि विधान के अनुसार पूजा संपन्न कराई। इस अवसर पर माधव पंडित कार्तिक पंडित शरद पंडित मुकुल पंडित शिव पंडित प्रिंस पंडित आदि विद्यार्थियों ने भाग लिया।



## सड़क पर चलता हुआ ट्रक अचानक बना आग का गोला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के गौरीपुर मोड़ पर एक चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। ट्रक सरूरपुर ईंट भट्टे से ईंट लेकर हरियाणा के सोनीपत जा रहा था। गौरीपुर मोड़ के पास पहुंचते ही ट्रक से धुआं निकलने लगा।

कुछ ही क्षणों में ट्रक में आग लग गई। चालक और परिचालक ने तुरंत कूदकर अपनी जान बचाई। घटना से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। ट्रक में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना रहा। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ट्रक को सड़क किनारे खड़ा करवाया है। मामले की जांच जारी है।

## डॉक्टर द्वारा गलत ऑपरेशन करने पर किया हॉस्पिटल में हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिजरौल निवासी ऋषिपाल सिंह ने बताया कि उनके बड़े बेटे प्रभात तोमर को 15 अगस्त की रात्रि सिसाना गांव स्थित क्रिस्टल हॉस्पिटल में भर्ती किया था। उसे अपेंडिक्स था हास्पिटल में डॉक्टर ने गलत ऑपरेशन किया और 10 दिन बाद हालत बिगड़ने पर रेफर कर दिया। एक जगह से ऑपरेशन करना था, लेकिन तीन जगह से पेट की चीर-फाड़ की गई, जिससे बेटे की हालत बिगड़ गई। रेफर करने के दौरान कहा गया था कि दिल्ली ले जाएं वहां हमारे जानकार डाक्टर हैं, लेकिन जब सबदरजंग हॉस्पिटल लेकर गए तो वहां भर्ती नहीं किया। वहां से एम्स लेकर गए, वहां भी बेटे को भर्ती नहीं किया। हालत ज्यादा बिगड़ती देख गाजियाबाद में यशोदा हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ा। इसके विरोध में हास्पिटल में हंगामा किया। डॉक्टर के न मिलने पर कर्मचारियों से उनकी नोकझोंक हुई। हॉस्पिटल पर कार्रवाई के लिए धरना शुरू कर दिया। शाम के समय स्वजन सीएमओ कार्यालय पहुंचे। सीएमओ ने वार्ता के दौरान स्वजन को कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिस पर धरने को समाप्त किया गया। योगेश, अमित, सुधीर पहलवान, सनसपाल, ओमपाल, रामपाल, रविंद्र, शशि, समोद, देवराज, कल्भ्लू, शुभम, निशांत और स्वजन मौजूद रहे।

## मतदेय स्थलों का चयन कर लिया जाए सुनिश्चित:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** साथ ही, अधिनियम की धारा 27(6) के अनुसार अर्हता की तिथि उस वर्ष के नवम्बर माह का पहला दिन निर्धारित होगी जिसमें निर्वाचक नामावली की तैयारी अथवा पुनरीक्षण कार्य प्रारम्भ किया जाएगा।निर्वाचन आयोग के मानक अनुसार 16 किमी से अधिक नहीं होगी मतदाता की मतदान दूरी पारदर्शी व सुगम तरीके से विधान परिषद चुनाव के लिए प्रशासनिक तैयारियां हुई तेज बैठक में यह तथ्य सामने आया कि खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियां भागवार (पार्ट वाइज) तैयार होती हैं, किंतु मतदेय स्थलों का प्रस्ताव निर्वाचन की घोषणा के बाद ही आयोग को भेजा जाता है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पुनरीक्षण प्रक्रिया से पूर्व ही मतदाताओं की संख्या और सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दलों से विमर्श कर मतदेय स्थलों का चयन सुनिश्चित कर लिया जाए। आयोग के मानक के अनुसार किसी भी मतदाता को मतदान हेतु अधिकतम 16 किलोमीटर की दूरी तय करनी होगी, इसलिए मतदेय स्थलों का निर्धारण इस प्रकार किया जाए कि मतदाताओं को न्यूनतम दूरी तय करनी पड़े और सभी स्थानों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हों। रिटर्निंग ऑफिसर के माध्यम से मतदेय स्थलों का प्रस्ताव आयोग को अनुमोदनार्थ भेजा जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन क्षेत्र में आने वाले सभी जनपदों के साथ बैठक कर मतदेय स्थलों का निर्धारण किया जाए।

## विधान परिषद निर्वाचन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के मेरठ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़े मतदेय स्थलों के चयन एवं निर्धारण को लेकर अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं की संख्या, उनकी सुविधा, मतदेय स्थलों पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं तथा निर्वाचन आयोग के मानकों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के पाँच खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ, मेरठ, आगरा, वाराणसी एवं इलाहाबाद-झांसी और छह खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ, मेरठ, आगरा, वाराणसी, बरेली-मुरादाबाद एवं गोरखपुर-फैजाबाद से निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 7 दिसम्बर 2026 तक है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 16 के अनुसार, सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों की पदावधि समाप्ति से तीन माह से अधिक पूर्व निर्वाचन की अधिसूचना जारी नहीं की जा सकती। विधिक प्रावधानों के अनुसार जिस वर्ष इन निर्वाचन क्षेत्रों का चुनाव होना है, उस वर्ष से पूर्ववर्ती वर्ष में निर्वाचक नामावली तैयार कराई जाती है। बागपत जिले में मेरठ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए बिनौली, छपरौली, बड़ौत, बागपत, खेकड़ा एवं पिलाना में मतदान केंद्र विकास खंड कार्यालयों में स्थापित किए जाएंगे। बड़ौत के लिए अतिरिक्त मतदान केंद्र नगर पालिका परिषद बड़ौत में भी होगा। इसी प्रकार, मेरठ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए भी इन्हीं स्थानों पर मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में स्थल समान होंगे, किंतु मतदाताओं की सुविधा के लिए पृथक कक्ष निर्धारित किए जाएंगे। बैठक के समापन पर जिला निर्वाचन अधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि पारदर्शिता और सुविधा, दोनों को ध्यान में रखते हुए मतदेय स्थलों का चयन समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए, ताकि आगामी निर्वाचक नामावली प्रकाशन और निर्वाचन प्रक्रिया सुचारु ढंग से संपन्न हो सके। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव, आप जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह सेन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष लव कश्यप आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र विक्रम उर्फ विक्की व पुत्रवधू मुस्कान से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मीरा देवी पत्नि स्व.रामकुमार निवासी ग्राम खेडकी थाना व तहसील बागपत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र कृष्ण व पुत्रवधू बबीता से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। महावीर सिंह पुत्र चेतराम निवासी ग्राम बाखरपुर बालैनी थाना बालैनी तहसील बागपत जनपद बागपत।

# फायर स्टेशन की मांग को लेकर सीएम से मिले विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आसपास के क्षेत्रों के विकास को लेकर विधायक धर्मेश सिंह तोमर की पहल से कई महत्वपूर्ण बदलाव हो रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर पिलखुवा और धौलाना में एक आधुनिक फायर स्टेशन की स्थापना और हापुड़ जिले की सीमा के विस्तार की मांग रखी, जिसे मुख्यमंत्री ने तुरंत मंजूरी दी।

पिलखुवा और धौलाना क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा एक बड़ी चिंता का विषय रही है। विधायक ने इस समस्या का समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में छह हज़ार वर्ग मीटर भूमि पर फायर स्टेशन के निर्माण की मांग की गई, जो पहले से ही उपलब्ध है। मुख्यमंत्री की सहमति के बाद, अब इस भूमि पर एक आधुनिक फायर स्टेशन का निर्माण होगा। यह पहल औद्योगिक श्रमिकों और व्यापारियों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। विधायक तोमर ने हापुड़ जिले की सीमा के विस्तार का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने गाज़ियाबाद के सात गांवों अतरौली, शामली, दतैड़ी, कनकपुर, जोया, मुकीमपुर, और महमदपुर-सुजानपुर को हापुड़ जिले में शामिल करने की मांग की। इन गांवों को हापुड़ से जोड़ने का मुख्य कारण उनकी भौगोलिक निकटता और सामाजिक-आर्थिक जुड़ाव है। उनका मानना है कि इस कदम से इन क्षेत्रों का विकास तेज़ी से होगा और प्रशासनिक कार्यों में भी सुधार आएगा। विधायक धर्मेश सिंह तोमर के प्रयासों की स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने सराहना की है। उनका कहना है कि इन पहलों से पिलखुवा और धौलाना को



औद्योगिक नगरी के रूप में विक. सित करने में मदद मिलेगी।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन चोर के कब्जे से थाना सिम्भावली क्षेत्र से चोरी की गई एक स्प्लेण्डर मोटर साइकिल बरामद की गई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि लगातार पुलिस द्वारा चौक चौराहा पर भी चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में उप निरीक्षक हरिपाल सिंह, हेड कांस्टेबल गजेन्द्र शर्मा आदि के साथ नानई से चांदनेर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रहे थे। तभी पुलिस को एक ससंदिग्ध वाहन चालक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने वाहन चालक को रोक. रकर ज़ब जाँच की तो पता चला कि मोटरसाइकिल चोरी की है और वाहन चालक एक चोर है। पुलिस ने तुरंत वाहन चोर को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस के मुताबिक वाहन चोर की पहचान




उमेश पुत्र सुरेश ग्राम पलवाडा थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने वाहन चोर के कब्ज़े से थाना सिम्भावली क्षेत्र से चोरी की गई स्प्लेण्डर मोटर साईकिल बरामद की गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वाहन चोर को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# जय भारत मंच के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने नरेंद्र शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नई दिल्ली में हुई जय भारत मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में संगठन के विस्तार और भावी योजनाओं पर चर्चा की गई। यह बैठक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक और मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गईं।




नरेंद्र शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष से राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए, डा. सूर्य कुमार शुक्ला पूर्व डीजीपी को लीगल एडवाइजर का दायित्व सौंपा गया, अंजू प्रसाद राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त हुईं, पवन त्यागी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी बनाए गए। इस दौरान संगठन विस्तार पर जोर दिया गया। इंद्रेश कुमार ने जय भारत मंच के कार्यकर्ताओं से राष्ट्र निर्माण और सामाजिक एकता के लिए जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय होने का आहवान किया। उन्होंने जोर दिया कि संगठन को समाज के हर वर्ग तक पहुँचना चाहिए ताकि इसके उद्देश्यों को और प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद, नरेंद्र शर्मा अपने गृह जनपद हापुड़ पहुँचे। वहाँ उनका भव्य स्वागत किया गया, जहाँ डा. करुण शर्मा, सुधीर त्यागी, श्योदान सिंह, आदित्य त्यागी और राजकुमार शर्मा सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर, नरेंद्र शर्मा ने जय भारत मंच के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# क्यूब रूट फाउंडेशन ने 150 टीबी रोगियों को वितरित किया पोषाहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** क्यूब रूट फाउंडेशन ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत लगातार पाँचवें महीने भी टीबी रोगियों को पोषाहार वितरित किया। यह सराहनीय कार्य मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी डा. सुनील कुमार त्यागी और जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



गढ़मुक्तेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित एक कार्यक्रम में, क्यूब रूट फाउंडेशन ने 150 टीबी रोगियों को पोषण पोटली बांटी। संस्था के प्रतिनिधि रूपेश सिंह ने बताया कि उनकी संस्था ने जिले के कुल 250 टीबी रोगियों को गोद लिया है और पिछले पाँच महीनों से उन्हें नियमित रूप से पोषाहार दे रही है। इस पोटली में सोयाबीन, दाल, गुड़, तिल, गजक और प्रोटीन पाउडर जैसी पौष्टिक सामग्री शामिल थी। डा. राजेश सिंह ने बताया कि क्यूब रूट फाउंडेशन के अलावा, रोटरी क्लब, व्यापार संघ, लायन क्लब, इनर व्हील क्लब, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हापुड़, देवनंदनी हॉस्पिटल, आरोग्य हॉस्पिटल, मोनाड विश्वविद्यालय और शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट जैसे कई अन्य संगठन भी टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित कर रहे हैं। इस अवसर पर, जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने मरीजों और उनके परिजनों को टीबी के लक्षणों और बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी सलाह दी कि टीबी का उपचार कभी अधूरा नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि इससे बीमारी और गंभीर हो सकती है।

# खाद लेने के लिए किसान सेवा केंद्र पर किसानों की लगी कतार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को हापुड़ की नवीन मंडी में स्थित इफ्को किसान सेवा केंद्र पर डाई खाद लेने के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हापुड के नवीन मंडी स्थल पर इफ्को किसान सेवा केंद्र है। जहां से किसानों को खाद आदि का वितरण किया जाता है। जहाँ सैकड़ो किसान सुबह से ही ट्रैक्टर लेकर नवीन मंडी में स्थित इफ्को किसान सेवा केंद्र पर पहुँच गए और लाइन में लग गए।



मिली जानकारी के अनुसार किसानों को सूचना मिली थी कि केंद्र पर प्रति किसान आधार कार्ड पर चार कट्टे डाई खाद मिलेगी। एक कटे की कीमत 1,350 रुपये है। यह खबर सुनते ही सैकड़ो किसान अपनी जरूरत पूरी करने के लिए नवीन मंडी में स्थित इफ्को किसान सेवा केंद्र पर पहुँच गए। केंद्र पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि फिलहाल केवल 400 कट्टे डाई खाद का वितरण किया जाना था। आलू की बुआई का मौसम होने के कारण डाई खाद की माँग बहुत ज्यादा थी। आपूर्ति और माँग में भारी अंतर की अफवाहों के चलते, किसान किसी भी हाल में खाद लेना चाह रहे थे, जिससे वहाँ अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

# ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत 4 वारंटी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत 4 वारन्टियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारंटीयों को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा 4 वारंटी मनोज पुत्र विजय सिहं निवासी ग्राम सबली थाना हापुड नगर जनपद हापुड, शिवम पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम गोयना थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड, मनोज पुत्र मदनलाल निवासी गली नं.5 आदर्श नगर कॉलोनी थाना हापुड नगर जनपद हापुड और अमित पुत्र प्रेम सिंह प्रजापति निवासी ग्राम सबली थाना हापुड नगर जनपद हापुड को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वारंटी न्यायलय से फरार चल रहे थे। वारंटीयों के खिलाफ न्यायालय ने जारी किए थे। न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर फरार वारंटीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## एक नजर

### भाजपा नेत्री के घर पर शराबियों का हमला, पति-पत्नी से की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मीरा की रेती में बुधवार देर रात भाजपा नेत्री के घर पर कुछ शराबी युवको ने भाजपा नेत्री के घर के पास हुड़दंग मचाया। आरोप है कि जब भाजपा नेत्री के पति ने इसका विरोध किया, तो उन युवकों ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जब नेत्री ने अपने पति को बचाने की कोशिश की तो हमलावरों ने उन्हें एक कमरे में खींच लिया और उनके साथ बदसलूकी की।

संबंधित मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। भाजपा नेत्री ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि बुधवार की देर रात कुछ शराबी युवक भाजपा नेत्री के घर के पास हुड़दंग मचा रहे थे। जब भाजपा नेत्री के पति ने इसका विरोध किया, तो उन युवकों ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जब भाजपा नेत्री ने अपने पति को बचाने का प्रयास किया तो हमलावरों ने उन्हें एक कमरे में खींच लिया और उनके साथ बदसलूकी की। पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ सह कार्रवाई करने की मांग की है। गढ़मुक्तेश्वर सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और पीड़िता की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना कपूरपुर क्षेत्र के गांव सपनावत में में नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है, जहाँ गांव सपनावत के रहने वाले इरशाद को दो सगे भाइयों ने दुबई में नौकरी दिलाने का झांसा देकर डेढ़ लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की पत्नी ने हापुड़ एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित इरशाद की पत्नी इरफाना ने बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मजीदपुरा के दो भाइयों ने उनके पति को दुबई में दो साल की नौकरी का वादा किया। इसके लिए उन्होंने इरशाद से 1.5 लाख रुपये लिए और 8 फरवरी 2025 को उन्हें अपने साथ दुबई ले गए। वहाँ पहुँचने के बाद, उन्होंने इरशाद को अकेला छोड़ दिया और खुद वापस लौट आए। आरोप है कि इरशाद का एक महीने का वीजा भी खत्म हो गया है और वह दुबई में मुश्किल हालात में भटक रहे हैं। इरफाना ने अपने पति को वापस लाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह को शिकायती पत्र दिया है। कपूरपुर थाना प्रभारी विनोद पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### छात्र से मारपीट के मामले में स्कूल की शिक्षिका समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के बछलौता रोड पर स्थित किड्स कैसल स्कूल में कक्षा छठी के छात्र के साथ डंडे से मारपीट करने के मामले में छात्र के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने स्कूल की एक शिक्षिका समेत तीन अध्यापको के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

गौरतलब है कि बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर निवासी पीड़ित छात्र के पिता वेद प्रकाश ने एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह को शिकायत पत्र देते हुए बताया था कि बछलौता रोड पर स्थित किड्स कैसल स्कूल में उनकी बड़ी बेटी, जो नौवीं कक्षा में पढ़ती है, उसकी 12,000 की फीस उन्होंने हाल ही में जमा की थी। लेकिन छोटे बेटे आयुष की फीस जमा करने में थोड़ी देरी हो गई। इसी बात पर अंकुश को शिक्षिका राशि, अध्यापक विपिन और कपिल ने कमरे में बंद कर दिया था। आरोप है कि तीनों ने डंडे से छात्र को बेरहमी से पीटा जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि छात्र ने ज़ब पूरी आपबीती परिजनों को बताई तो उसके होश उड़ गए। पीड़ित छात्र के पिता ने इस मामले की शिकायत एसपी कुंवर ज्ञानंजय से की। एसपी ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए पुलिस को इस पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए शिक्षिका राखी, अध्यापक विपिन और कपिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है।

# टोल बूथ में टक्कर मारकर कार चालक फरार, एक टोलकर्मी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे- 9 स्थित छिजारसी टोल प्लाजा पर एक तेज रफ्तार कार द्वारा एक बूथ को टक्कर मारकर तोड़ने का मामला सामने आया है। हादसे में बूथ में बैठा टोलकर्मी घायल हो गया। संबंधित मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर पिलखुवा के छिजारसी टोल प्लाजा पर एक तेज रफ्तार कार आ रही थी। टोल खाली न होने के कारण तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर टोल बूथ को तोड़ते हुए फरार हो गई। जिससे बूथ के अंदर बैठा टोलकर्मी विनीश घायल हो गया। कार की टक्कर इतनी तेज थी कि जोरदार धमाके के साथ बूथ का एक हिस्सा टूटकर सड़क पर गिर गया। जब तक टोलकर्मी कुछ समझ पाते, आरोपी कार चालक कार लेकर फरार हो गया। संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश में जुट गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# किशोर को ब्लैकमेल करने वाली युवती गिरफ्तार

## प्रेम जाल में फंसाकर ले गयी थी मुम्बई, पांच लाख की डिमांड की थी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** नाबालिग को प्रेम जाल में फंसाकर मुम्बई ले जाने के बाद परिजनों से पांच लाख रूपये की डिमांड करने वाली नेहा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि उसका एक साथी अभी भी फरार है। थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपूरा भूड़ शर्की निवासी इसराईल पुत्र अख्तर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि नेहा पुत्री तेजवीर सिंह निवासी ग्राम भगौत थाना चांदीनगर जिला बागपत हाल निवासी ग्राम ढक्का ने उसके नाबा. लिग बेटे को प्रेम जाल में फंसा लिया तथा वह उसे मुम्बई लेकर फरार हो गयी। जब पिता को इस बात का पता लगा तो वह किसी तरह मुम्बई पहुंचे तथा युवती से सम्पर्क किया तथा वह किसी तरह युवती के चंगुल से अपने बेटे को निकाल घर ले आया। इस दौरान युवती ने अपने नाबालिग प्रेमी के परिजनों को धमकी दी कि उन्होंने पांच लाख रूपये नहीं दिये तो वह उसे बलात्कार व धर्म परिवर्तन के झूंठे मामले में फंसा देगी। इस खेल में युवती का प्रेमी इस्तेखार पुत्र इंतजार निवासी अल्लीपुर भूड़ शर्की भी शामिल था। पीड़ित किशोर के पिता ने थाने में युवती व उसके प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी परन्तु पुलिस ने उन्हें डांटकर भगा दिया था।


**केन फिन होम्स लि.**
#5, प्रथम तल, पिनैकल टॉवर, वैशाली कॉर्नर, गढ़ रोड, मेरठ, यू.पी. पिन-250004
फोन: 0121-4060006 मोबाईल सं. 7625079159
ईमेल: meerut@canfinhomes.com, CIN:L85110KA198PLC008699
Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality

**मांग सूचना**
"वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का सं 54) की धारा 13(2) के अधीन

सेवा मे,
1. श्रीमती शहनाज पत्नी नूरुदीन (उधारकर्ता)
2. श्री शाकिब पुत्र नूरुदीन (सह-उधारकर्ता)
पता - 1, आवासीय भवन नगरपालिका - 75, खसरा संख्या - 2756/3, ब्लॉक - डी, समर कॉलोनी, हापुड़ रोड, तहसील एवं जिला - मेरठ, उत्तर प्रदेश - पिन - 250002
पता - 2, मकान संख्या - 210/9, सेक्टर - 09, शास्त्री नगर तहसील और जिला- मेरठ, यूपी- पिन- 250002
श्री नूरुदीन पुत्र अब्दुल शकूर (गारंटर), मकान नंबर - 617, वार्ड नंबर - 17, गोल मार्केट के पास, कल्याण सिंह, मवाना, तहसील और जिला-मेरठ, यूपी पिन - 250401
श्री आसिफ अहमद सैफी पुत्र नूरुदीन (गारंटर), मकान नंबर - 210, सेक्टर- 09, सुजल भवन के पास, गुरुद्वारा रोड, मेरठ शहर, तहसील और जिला-मेरठ, यूपी पिन - 250002

नं० 1 एवं 2, हमारी शाखा से नं०-1 की निम्नलिखित संपति को गिरवी रखकर गृह ऋण रु. 7,41,724/- (रुपए सात लाख इकतालिस हजार सात सौ चौबीस मात्र) राशि का प्राप्त किया है, जो कि 05.08.2025 को कैन फिन होम्स लिमिटेड को अनुबंधित दर पर भविष्य के ब्याज के साथ देय है।

**बंधक रखी आस्ति का विवरण**
आवासीय भवन नगरपालिका - 75, खसरा संख्या -2756/3, ब्लॉक - डी, समर कॉलोनी, हापुड़ रोड, तहसील और जिला- मेरठ, उत्तर प्रदेश- पिन- 250002
चौहद्दी: पूर्व: - 36 फीट 3 इंच / अन्य घर, पश्चिम: - 36 फीट 3 इंच / सलीम का घर
उत्तर: - 16 फीट/20 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण: - 16 फीट/मदरसा

आप को सरफासी ऐक्ट, 2002 की धारा 13(2) के अधीन पंजीकृत मांग सूचना आपको प्रेषित की गई थी। परन्तु सूचना बिना सुपुर्दगी में वापस कर दिया गया। अतएव अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम के अनुसार उक्त कर्जदार/रों के अंतिम ज्ञात पते के परिसर पर चस्पा करवा दी है। अतः समाचार पत्र में यह सूचना प्रकाशित की जा रही है। चूंकि आप मंजूरी की शर्तों का पालन करने में असफल रहे हैं, अतः यह खाता एनएचबी के दिशानिर्देशों के अनुसार दिनांक 29.07.2025 को गैर निष्पादक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जा चुका है। एतद्द्वारा आपसे उपरोक्त राशि का भुगतान दिनांक 05.08.2025 से उस पर संविदा दर पर ब्याज सहित इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की जाती है, जिसमें विफल रहने पर अधोहस्ताक्षरी सरफासी ऐक्ट के अधीन उपरोक्त प्रतिभूति प्रवर्तित करने के लिए कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु बाध्य होगा।
इसके अतिरिक्त कर्जदारों/गारंटरों का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

हस्ता./-
दिनांक: 28-08-2025 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: मेरठ केन फिन होम्स लिमिटेड


# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव अहरौला अहमद यार खां में एक भव्य सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुरू हो गया है। इसकी शुरुआत गुरुवार को एक शानदार कलश यात्रा के साथ हुई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह कलश यात्रा कथा पंडाल से शुरू हुई और पूरे गांव के अलग-अलग रास्तों से होते हुए वापस पंडाल पर आकर समाप्त हुई। इस दौरान गांव में भक्तिमय और आध्यात्मिक माहौल देखने को मिला। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं कन्याएं अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। जिससे इसकी भव्यता और बढ़ गई। कलश यात्रा के दौरान, पूरा गांव श्जय श्री कृष्णश और जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। यह सात दिवसीय आयोजन पूरी तरह से भक्ति और अध्यात्म को समर्पित है। इसमें वृंदावन से आई कथा वाचक राधिका माधव श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगी और श्रद्धालुओं को ज्ञानवर्धक प्रवचन देंगी। इन प्रवचनों से लोगों को धर्म



और जीवन से जुड़ी कई अहम बातें सीखने को मिलेंगी। इस अवसर पर गांव और आसपास के क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इस शुभ अवसर पर कुलदीप सिंह, चंद्रपाल सिंह, सतीश सिंह, राजेंद्र सिंह, टेकन सिंह, राहुल,देवदास गौतम, संजय चौहान, अंशु चौहान, सुमन चौहान, माया चौहान, पिंकी चौहान, सविता चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे. यह आयोजन गांव में एकता और सद्भाव का संदेश दे रहा है, जहां सभी लोग एक साथ मिलकर धार्मिक कार्यों में भाग ले रहे हैं. आने वाले सात दिनों तक गांव में भक्ति और अध्यात्म का यह माहौल बना रहेगा।

# बेइज्जती का बदला लेने के लिए की थी बब्लू की हत्या

## मृतक की पत्नी से थे हत्यारोपी के अवैध संबंध, एसपी ने किया घटना का खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पंचायत में हुई बेइज्जती का बदला लेने के लिए फैक्ट्री कर्मी की हत्या उसके ही पड़ौसी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर की थी। मृतक की पत्नी के साथ हत्यारोपी के अवैध संबंध थे। जिसे लेकर गांव में पंचायत हुई थी। पुलिस ने तीनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव जब्दी निवासी 40 वर्षीय बब्लू सिंह नोएडा की फर्म में नौकरी करता था। परिवार में पत्नी के अलावा बेटा विशाल, बेटी नेहा, नंदिनी व राधिका है। हर सप्ताह शनिवार शाम को वह बच्चों से मिलने के लिए नोएडा से बाइक पर सवार होकर घर के लिए आ रहे थे। बीते शनिवार को भी बब्लू सिंह बाइक पर सवार होकर आ रहा था परंतु रात को घर नहीं पहुंचा। रविवार सुबह पास के गांव खालकपुर के जंगल में लोगों ने सड़क किनारे एक खेत में बब्लू सिंह का शव पड़ा देखा। बाइक व मोबाइल भी वहीं था। मामले में परिजनों ने रंजिश से इनकार कर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। रस्सी से गला घोट कर



बब्लू सिंह की हत्या की गई थी, गर्दन के अलावा शरीर पर घाव के गहरे निशान थे। पुलिस तभी से मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल के सहारे हत्यारों तक पहुंचने के प्रयास में जुटी हुई थी जिसमें आखिरकार सफलता मिल गई। गुरुवार को हत्याकांड का खुलासा करते हुए एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि मुख्य हत्यारा.`पी पोखर और मृतक बब्लू का घर गांव में बिल्कुल आमने-सामने है। पोखर के बब्लू की पत्नी से प्रेम संबंध थे। जिसका राज खुलने पर तीन साल पहले गांव में पंचायत हुई थी। बब्लू और उसके परिवार के लोगों ने भरी पंचायत में पोखर को बेइज्जत किया था। उसी बेइज्जती का बदला लेने के लिए पोखर ने बब्लू की हत्या की पटकथा लिखी थी। पोखर जोधपुर की एक फैक्ट्री में काम करता था। वहीं पर नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव शेखूपुरा इम्मा निवासी दीपक और बिहार के पटना जिले के गांव नया टोला सबनीमा निवासी रविंद्र भी साथ में नौकरी करते थे। तीनों ने मिलकर बब्लू की हत्या की योजना बनाई। इसके बाद पोखर और रविंद्र दीपक को साथ लेकर हत्याकांड वाली रात जोधपुर से सीधे नौगावां सादात आया। मूंढ़ामुकरी तिराहे से बब्लू का पीछा शुरू कर दिया। तीनों ने गांव खालकपुर के पास एक खेत में बब्लू को गिराकर बेल्ट से उसका गला घोट कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद पोखर व रविंद्र जोधपुर चले गए थे। ट्रेन पकड़ने के लिए इन दोनों को दीपक ने ही अमरोहा रेलवे स्टेशन छोड़ा था। इस दौरान सीओ अवधभान भदौरिया व प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार मौजूद रहे।

# लेखपाल से मारपीट में दो भाईयों पर रिपोर्ट

## तालाब की जमीन की जांच करने पहुंचा था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** तालाब की जमीन की पैमाइश करने पहुंचे लेखपाल के साथ मारपीट के मामले में दो सगे भाईयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चौधरपुर की है। कुछ लोगों ने गांव में स्थित एक तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत प्रशासनिक अफसरों से की थी। जिसकी जांच के लिए बीती 25 अगस्त को हल्का लेखपाल प्रशांत कुमार तालाब की जमीन की पैमाइश करने पहुंचे थे। उसी दौरान तालाब के पास रहने वाले सगे भाई अमजद व असलम ने अभद्रता शुरू कर दी। पैमाइश करने से रोकते हुए दोनों ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी देते हुए गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लेखपाल के साथ मारपीट का भी प्रयास किया। लेखपाल प्रशांत कुमार ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। इतना ही नहीं आरोपियों ने दोबारा से तालाब की पैमाइश के लिए आने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, ग्रामीणों से घटना की जानक.ारी ली। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि लेखपाल प्रशांत कुमार की तहरीर पर आरोपी अमजद व असलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी सगे भाई हैं, मामले की जांच की जा रही है।

# निर्मल फैक्ट्री में मशीन की चपेट में आकर श्रमिक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के हाइवे स्थित निर्मल फाइबर प्राईवेट लिमिटेड कंपनी में मशीन की चपेट में आकर एक श्रमिक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व मृतक के परिजन फैक्ट्री में पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार गजरौला ब्लॉक के गांव अटारी निवासी रामचंद्र(50) पुत्र लेखराज फैक्ट्री में मजदूरी करता थे। सुबह 6:00 बजे वे ड्यूटी पर गए थे और काम कर रहे थे। बताते हैं कि इसी दौरान बिलिंग मशीन की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई। उनके सिर पर काफी चोटें आईं। घटना से फैक्ट्री कर्मियों और प्रबंधन में दुख की



रामचंद्र ( फाइल फोटो )

लहर दौड़ गई। रामचंद्र के परिजनो व पुलिस को सूचना दी गई। चौपला चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। श्रमिक जिस ठेकेदार के अण्डर में काम करता था, वह भी कंपनी में पहुंच गया। श्रमिक व ठेकेदार के



मध्य सहयोग को लेकर बातचीत हुई, क्योंकि श्रमिक के परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी सुदृढ़ नहीं थी। वह पिछले 15 वर्ष से कंपनी में काम करता था। उसका पीएफ आदि दिलाने के लिये भी ठेकेदार ने हामी भरी। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। उधर ड्यूटी पर श्रमिक की मौत से परिजनों के साथ साथ ग्रामीण भी दुखी नजर आए, क्योंकि वह रामचंद्र काफी मिलनसार था।।

# झोलाछाप के इलाज से नवजात की मौत

## परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** झोलाछाप डॉक्टर के इलाज के दौरान नवजात शिशु की मौत हो गई। मासूम के परिजनों ने डॉक्टर की क्लीनिक पर जमकर हंगामा किया। डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया।

मामला रहरा थाना क्षेत्र के ओम बच्चा क्लीनिक का है। यहां रहरा थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर जुनुवी निवासी सचिन कुमार की पत्नी रोशनी ने बुधवार की शाम रहरई के एक निजी अस्पताल में बड़े ऑपरेशन से बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद नवजात बच्ची को रहरा के अवैध रूप से चल रहे ओम बच्चा क्लिनिक पर भर्ती कराया गया। जहां गुरुवार को करीब तीन बजे उपचार के दौरान नवजात बच्ची की मौत हो गई। महिला पर यह पहला बच्चा था। महिला के पति सचिन कुमार ने बताया कि उनकी बच्ची बिल्कुल ठीक थी। लेकिन कुछ समय बाद ही उसकी मौत हो गई। डॉक्टर की लापरवाही के कारण ही बच्चे की जान गई। इस दुखद घटना के बाद, एक



बार फिर से झोलाछाप डॉक्टरों का मुद्दा गरमा गया है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे रहरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ शशांक चौधरी ने अवैध रूप से चल रहे बच्चा क्लिनिक को सील कर दिया। इस मामले में रहरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर शशांक चौधरी ने बताया कि नवजात बच्ची की मौत और परिजनों के हंगामे की सूचना पर पर वह मौके पर पहुंचे और अवैध रूप से चल रहे इस बच्चा क्लीनिक को सील कर दिया गया है। अस्पताल संच.ालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है।

# गंगा में डूबे तीन सगे भाईयों का नहीं चल सका पता

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बुधवार की शाम को भतीजे के मुंडन संस्कार में आए तीन सगे भाईयों का कुछ पता नहीं चल सका। वे तीनों नहाते समय गंगा में डूब गए थे। उनके कपड़े, मोबा.इल आदि किनारे पर बिछे तख्त पर रखे मिले। गुरूवार को सुबह होते ही पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पीएसी की फ्लड कंपनी व स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से गंगा में डूबे हुए भाईयों की तलाश शुरू कराई मगर उनका कुछ पता नहीं चल सका।

जानकारी के अनुसार अमरोहा के मोहल्ला दानिशमंदान निवासी आकाश के बेटे विनायक का मुंडन संस्कार होना था। परिवार के लोग

**दुखद**

**भतीजे के मुंडन संस्कार में आए थे, नहाते समय डूबे**

बुधवार दोपहर तिगरी गंगा तट पर मुंडन संस्कार करवाने गए थे। यहां आकाश की पत्नी राखी, मां शशिबाला, बहन सुधा, 23 वर्षीय भाई बंटी, 25 वर्षीय ओमकार व 18 वर्षीय अनुज भी गए थे। मुंडन संस्कार के बाद परिवार के लोग वापस जाने की तैयारी करने लगे तो उन्हें बंटी, ओमकार व अनुज नहीं दिखाई दिए। परिजनों ने तलाश की तो उनके कपड़े तख्त पर रखे मिले। आशंका है



तीनों भाई नहाते वक्त गंगा में डूब गए। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश कराई मगर कुछ नहीं पता चला। वहीं गुरूवार को सुबह होते ही पुलिस व तीनों भाईयों के परिजन तिगरी गंगा तट पहुंच गए थे। पीएसी व स्थानीय गोताखोरों ने उनकी काफी तलाश की मगर उनका



कुछ पता नहीं चला। वहीं तीन सगे भाईयों के गंगा में डूबने की घटना से हर कोई दुखी है। परिवार के लोगों के साथ साथ पूरे मोहल्ले में दुख का वातावरण है। बता दें कि इस समय गंगा का पानी काफी ज्यादा चल रहा है। गहराई भी ज्यादा है और गंगा के पानी का तेज वेग मिट्टी का कटान भी कर रहा है।

# विवाहिता की मौत में छह पर रिपोर्ट

## पुलिस ने पति को पकड़कर जेल भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जबकि पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुरादाबाद जिले के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव नगला मनवीर निवासी फुरकान ने अपनी बेटी गुलफिजा की शादी 20 मार्च 2025 को डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेड़ा के रहने वाले परवेज के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज लाने के ताने देकर गुलफिजा को प्रताड़ित कर रहे थे। उस पर मायके से दस लाख रुपये व क्रेटा दिलाने का दबाव बनाते थे। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में कई बार पंचायत भी हुई लेकिन ससुराल वालों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। फुरकान का आरोप है कि बीती 11 अगस्त को ससुराल वालों ने गुलफिजा के साथ मारपीट की और जान से मारने के



इरादे से उसे जबरन तेजाब पिला दिया। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने गंभीर हालत में गुलफिजा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। मामले में विवाहिता के पिता फुरकान ने पति परवेज, आसिम, गुलिस्ता, मोनिश, सैफ, डा.भूरा तथा बब्बू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बुधवार दोपहर में उपचार के दौरान गुलफिजा की मौत हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में नामजद पति परवेज को गिरफ्तार कर चालान किया गया है।

# सर्वोच्च क्षमा पर्युषण पर्व का मुख्य सिद्धांत

## जैन समाज का दसलक्षण महापर्व शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जैन समाज के दशलक्षण महापर्व के पहले दिन पंडित सचिन जैन शास्त्री जी ने कहा कि उत्तम क्षमा एक जैन अवधारणा है जिसका अर्थ है 'सर्वोच्च क्षमा'। यह जैन धर्म के पर्युषण पर्व का एक मुख्य सिद्धांत है, यह आठ या दस दिनों तक चलने वाला त्योहार है और यह चिंतन, अध्ययन और शुद्धि का समय है। दशलक्षण महापर्व के पहले दिन सुबह में श्री जैन मंदिर कोट मैं अभिषेक शांतिधारा एवं पूजन की गई। भोपाल (मध्य प्रदेश ) से पधारे हुए पंडित सचिन जैन शास्त्री ने उत्तम क्षमा धर्म का अर्थ समझाया। कहां कि उत्तम क्षमा एक ऐसा गुण है जो अहिंसा के सिद्धांत पर आधारित है और इसे करुणा का सर्वोच्च रूप माना जाता आध्यात्मिक प्रगति, सामा.जिक सद्भाव और शांति की ओर ले जाना है। शाम को आरती,बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए इस दौरान जैन समाज समिति अमरोहा के अध्यक्ष योगेश कुमार जैन ,महामंत्री शरद कुमार जैन, कोषाध्यक्ष राकेश जैन, राजेश जैन,अतुल कुमार जैन, संयम जैन, अरुण जैन, राहुल जैन, शिवम जैन, जैन पार्श्वनाथ युवा मंडल अध्यक्ष वैभव जैन, महामंत्री आदित्य जैन, कोषाध्यक्ष सौरभ जैन, सिद्ध जैन, नगर पालि.का अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन,मंजू जैन, मीना, जैन, रीना जैन, निरुपमा जैन, रीता जैन, सरिता जैन, रजनी जैन समस्त जैन समाज अमरोहा।एवं पार्श्वनाथ युवा मंडल अमरोहा मौजूद रहा

# आत्महत्या के लिए उकसाने में तीन पर मुकदमा

## ससुराल में पीटने का दे रहे थे ताना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** आत्महत्या करने के लिए उकसाये जाने के मामले में पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव खेलिया पट्टी निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया था कि मेरे चाचा छोटेलाल पुत्र कोमिल सिंह अपने परिवार सहित ग्राम निबोरा थाना केला देवी जनपद संभल गये हुए थे। वहां पर उनके गांव के जगपाल से कहा सुनी हो गई थी। उन लोगों ने उसके चाचा को बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया था। उसके चाचा अपने घर खेलिया पट्टी वापस आ गये। आरोपियों ने उसके चाचा को बार-बार अपमानित किया। तेरी ससुराल में हमने तुझे जमकर पीटा है तुझे डूब कर मर जाना चाहिये। ऐसे शब्द बोलकर आरोपियों ने किसान को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित किया। छोटेलाल ने अपमान महसूस करते हुए गले में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने एक मामले में सूरजपाल पुत्र प्रेम सिंह व शिवकुमार पुत्र सूरजपाल गांव निबोरा, शिवकुमार पुत्र सूरजपाल जगपाल शीशपाल निवासी ग्राम खेलिया पट्टी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भाकियू अराजनैतिक का वकीलों को समर्थन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नए तहसील भवन में उपनिबंधक, एसडीएम व विनियमित क्षेत्र कार्यालय के अलावा चौंबर्स व बार रूम बनाने की मांग को लेकर सदर तहसील शुरू हुआ बार एसोसिएशन का धरना गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रहा। आंदोलनरत अधिवक्ताओं ने जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मांग को पूरा नहीं किया जाता। धरना जारी रहेगा। उधर, भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष चौधरी किशनपाल सिंह ने भी संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। तहसील बार एसोसिएशन धनौरा, हसनपुर व नौगावां सादात के पदाधिकारी भी धरने में पहुंचे। जनहित से जुड़ी जायज मांगों को लेकर साथ खड़े होने का भरोसा दिलाया। इस दौरान बार अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह एडवोकेट, महफज अली, मुस्ते हसन खान, एसपी सक्सैना, आसिफ हसन, सीमा सक्सैना आदि मौजूद रहे।

# हुजूर से मुहब्बत व अकीदत की बुनियाद नमाज़

## हजरत मुहम्मद ने अपनी ज़िंदगी को इंसानों के लिए नमूना अमल बनाया: उसमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पंजाब के शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने मोहम्मद साहब की जिदंगी पर रोशनी डालते हुए उनकी बातों पर अमल करने पर जोर दिया। मुस्लिम कमेटी के तत्वावधान में ईद मिलादुन्नबी के 17 दिवसीय कार्यक्रम की कड़ी में बुधवार रात दूसरा जलसा सीरत्त उन नबी एमएच रिजॉर्ट में आयोजित किया गया। जलसे की शुरुआत कुरान की तिलावत से हुई। इसके बाद शायरों ने नात का नजराना पेश किया। अध्यक्षता पूर्व एमएलसी परवेज अली ने की। जबकि संचालन कौसर अली अब्बासी ने किया। बतौर मुख्य अतिथि जलसे को खिताब फरमाते हुए मौलाना मुहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने कहा कि सीरत मोहम्मद हुजूर अकदस हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम तमाम इंसानों के लिए हिदायत का जरिया है। बोले अगर इंसान आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की बातों पर अमल करे तो वह कभी किसी दूसरे से हक तल्फी नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब ने अपनी जिंदगी को तमाम इंसानों के लिए नमूना अमल बनाया है, आपने जिंदगी गुजारने के एक-एक पहलू को ना सिर्फ बयां किया है बल्कि उसको खुद करके भी एक नजीर रहती दुनिया तक पेश की है। मौलाना रहमानी ने जोर देकर कहा कि हजरत मोहम्मद साहब से मोहब्बत और अकीदत का तकाजा है कि उनकी तालिमात पर अमल करें और दूसरे मजहब के लोगों तक अपने नबी और अपने दीन के पैगाम को अपने अमल के जरिए पहुंचाएं। मौलाना ने कहा के हुजूर से मोहब्बत और अकीदत की बुनियाद नमाज है। हमें अपनी नमाजों को दुरुस्तगी के साथ अदा करना होगा जमात का एहतमाम करना होगा। बोले मस्जिदों से कार ए खैर के काम अंजाम देने होंगे। इलाके के जरूरतमंदों की मदद को आगे आना होगा। पड़ोसियों के हक अदा करने होंगे चाहें वह किसी भी मजहब के हों। वालदेन का एहतराम बहनों के हुकूक और बीवी व औलाद के हक अदा करने होंगे। दुआ के साथ जलसे का समापन हुआ। इस मौके पर पूर्व एमएलसी परवेज अली, कमेटी सदर इकबाल अहमद खां, हाजी नसीम खां, आरिफ मलिक एडवाकेट, मुराद आरिफ एडवाकेट, रोमी शफात, एजाज एडवाकेट, सालार गाजी, एहसान सलमानी, नईम उल हक, अब्दुल वहाब सैफी, आरिफ कुरैशी, रियाज मंसूरी, कौसर अली अब्बासी, अनस अब्बासी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे




अमरोहा। मुस्लिम कमेटी की ओर से आयोजित जलसे को खिताब करते पंजाब के शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उसमान रहमानी।

# सट्टा लगाता सटोरिया गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** गस्ती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सट्टे का नम्वर लगाते एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से सट्टे के नम्वर लिखी पर्ची, पेन, गत्ता व नगदी बरामद करने का दावा किया है।

थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने वताया कि उनकी टीम के एस आई अमरजीत सिंह बुधवार शाम को थाना क्षेत्र में हमराह सिपाहियों के साथ गस्त पर थे।तभी मुखबिर ने सूचना दी कि लखा तिराहे पर बन्द दुकान के सामने एक व्यक्ति सट्टे की पर्ची लगा रहा है। सूचना पर लखा तिराहे से नईम शाह पुत्र मोहब्बत शाह निवासी पंजावी कालोनी समा होटल के पीछे कस्बा व थाना बहेड़ी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से सट्टे के नम्वर लिखी एक पर्ची,एक गत्ता,एक पेन के साथ ही 270 रुपए बरामद कर लिए आरोपित आसपास खड़े लोगों से एक के नब्बे रुपये देने की आवाज लगा रहा था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया।

# स्वच्छता से जहां दूर होती हैं बीमारियां वहीं, वातावरण भी रहता है साफः डीएम

## स्वच्छता के व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए लोगों को किया जाए जागरूकः जिलाधिकारी

■ ओडीएफ व ओडीएफ प्लस में स्थायित्व बनाये रखने हेतु यूनिसेफ द्वारा दिया जाएगा तकनीकी सहयोग



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में 10 विकासखण्डों के 150 ग्रामों को यूनिसेफ द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में इन्ट्रोडक्ट्री रिव्यू की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में अवगत कराया गया कि इस कार्य हेतु 10 ब्लॉक कोआर्डिनेट तैनात किए गए हैं, यह कोआर्डिनेटर विकासखण्ड भोजीपुरा, शेरगढ़, बहेड़ी, क्यारा, फरीदपुर, मझगवां, नवाबगंज, भुता, बिथरी चैनपुर व दमखोदा में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अन्तर्गत ओडीएफ व ओडीएफ प्लस के स्थायित्व एवं ऑपरेशन विद्यालय कायाकल्प, आंगनबाडी कायाकल्प एवं महावारी स्वच्छता प्रबन्धन हेतु कार्य करेंगे।

जनपद बरेली के इन 10 विकासखंडों के 150 ग्रामों में ब्लॉक कोआर्डिनेटर्स के माध्यम से यूनिसेफ द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जायेगा। अवगत कराया गया कि इन ब्लॉक कोआर्डिनेटर्स को चार दिन का आवासीय प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें सम्बंधित योजनाओं आदि की विस्तार से जानकारी दी गयी है।

बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि सम्बंधित अधिकारी भी इन्हें बुलाकर अपनी विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दे दें, जिससे इन्हें कार्य करने में दिक्कत न हो। इनके द्वारा अधिकांश समय फील्ड में रहकर स्थलीय स्तर पर योजनाओं का इम्पीलीमेंशन कैसा हो रहा है या देखना और रिपोर्ट देना है।

ब्लॉक कोआर्डिनेटर्स द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत कितने ओवर हैण्ड टैंक बने हैं और कितनी रोड का रिस्टोरेशन हुआ है, यह ब्लॉक के माध्यम से निरीक्षण करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। निरीक्षण के दौरान ओवर हैण्ड टैंक बने हैं या नहीं, पानी की सप्लाई हो रही है या नहीं।

स्कूल में पैरामीटर पूर्ण है या नहीं, आरआरसी सेंटर संचालित है या नहीं आदि का भी निरीक्षण इनके द्वारा किया जाएगा।

बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि स्वच्छता को अपनाने के लिए व्यवहार परिवर्तन की दिशा में भी कार्य किया जाए। व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय आदि का प्रयाग लोग करें, कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालें इन सब के लिए लोगों को समझाया जाए। जल जीवन मिशन के तहत पानी की पानी की बर्बादी न हो, तथा आरआरसी सेंटर के फायदे भी ग्रामीणों को समझाये जाएं, व महिलाओं को हाइजीन के बारे में जागरूक किया जाए, तथा सेनेटरी नैपकीन का प्रयोग व इंसीनेटर के बारे में जानकारी दी जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, उप निदेशक पंचायत, डीसी मनरेगा हसीब अंसारी, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम, सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान व सचिव उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** नगर की एक युवती ने अपने प्रेमी और उसके परिवार वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। युवती ने आरोप लगाया है कि मोहम्मद शहजाद ने उससे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए, और जब उसने शादी की बात की तो शहजाद और उसके परिवार वालों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित युवती ने 27 अगस्त को बहेड़ी कोतवाली में शिकायत की, पुलिस ने शिकायत पर प्रेमी शहजाद और उसके परिवार वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

जानकारी के मुताबिक शहजाद और युवती के बीच प्रेम प्रसंग था, लेकिन जब उसने शहजाद से शादी की बात की तो शहजाद के परिवार वालों ने शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद युवती ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया। बहेड़ी पुलिस ने प्रेमी शहजाद पुत्र अतीक अहमद, अतीक अहमद, रूबी पत्नी अतीक अहमद, शहबाज पुत्र अतीक अहमद, अरबाज पुत्र अतीक अहमद, अयाज पुत्र अतीक अहमद, हिबा पुत्री अतीक अहमद, सलीम अहमद पुत्र नामालूम निवासी मोहल्ला बाजार थाना बहेड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है, और स्थिति सामान्य है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

# फरीदपुर में जिस लाइनमैन के घर से बिजली टीम ने छापा मारकर बिजली चोरी पकड़ी वह नवाबगंज में बिना काम के पा रहा है वेतन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** गुरुवार को फरीदपुर कस्बे के मोहल्ला फर्रखपुर में रह रहे लाइनमैन मो. सलीम शाह नवाबगंज बिजली घर में तैनात हैं, जिनपर विभाग खासा मेहरबान है, और उन्हें बिना काम के ही वेतन दिया जा रहा है।

गुरुवार को बिजली विभाग की टीम ने छापा मारकर लाइनमैन सलीम शाह के फरीदपुर स्थित घर से बड़ी संख्या में सामग्री, खराब मीटर बरामद किए, इतना ही नहीं टीम ने लाइनमैन के दो घरों में चोरी से बिजली जलाते हुए भी पकड़ा, साथ ही टीम को 8 ई-रिक्शा भी चार्ज होते मिले थे। इस मामले में विभाग तो लाइनमैन के खिलाफ तो कार्यवाही करेगा ही, लेकिन उसका रसूख नवाबगंज बिजली कर्मियों पर भी खूब चलता है, इसी रसूख के चलते वह पिछले कई माह से बिना काम के ही वेतन पा रहा है।

एसडीओ राजेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह लाइनमैन नहीं है, पीजीटी है और जब वह काम नहीं करेगा तो वेतन भी नहीं मिलेगा, और विभाग उसके खिलाफ कार्यवाही करेगा। अवर अभियंता साबिर खां का इस मामले में कहना है कि फरीदपुर के रहने वाले जिस लाइनमैन सलीम शाह के घर पर छापामारी की गई है वह नवाबगंज में तैनात है, और उसके लगातार गैर हाजिर रहने के कारण एक माह का वेतन काटा गया है, इसके बारे में उन्होंने एसडीओ को लिख कर भी दिया है, लेकिन उसके खिलाफ कार्यवाही नहीं की जा रही है।

# सर्प दंश से महिला की मौत, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** घटना क्षेत्र के गांव चेना की है। गांव के भानु प्रताप कश्यप की 40 वर्षीय पत्नी सोमवती बुधवार की रात खाना खाकर बिस्तर करने के बाद जमीन पर अपने दो साल के पुत्र के साथ लेट गई थी।



बताया जाता है कि रात में किसी समय उसे सर्प ने काट लिया था। सर्प के काटने के बाद उसने अपने पुत्र के रोने के बाद अपना स्तन पान करा दिया और फिर अचेत अवस्था में सो गई। सुबह जब परिवार के लोगों ने देखा तो वह बिस्तर पर मृत्य मिली, साथ ही उसका पुत्र भी बेहा. ेश मिला, जिसे तत्काल ही चिकित्सक को दिखाया गया था। सोमवती के निधन पर घर में को. हराम मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

मृतक सोमवती का परिवार बेहद गरीब है, बस्ती के लोगों ने तहसील प्रशासन से मृतक के परिजनों को तत्काल ही आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है।

तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा ऐसे मामलों में अहेतुक सहायता के रूप में चार लाख रुपये की मदद की जाती है, तहसील प्रशासन तत्काल ही मृतक के परिवार को सहायता उपलब्ध कराएगा, क्षेत्रीय राजस्व कर्मियों को कागजी कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# वन एवं पर्यावरण मंत्री ने विकास कार्यों एवं अन्य क्रिया कलापों के संबंध में की बैठक

■ निर्माणाधीन कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** वन एवं पर्यावरण मंत्री डा. अरुण कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास कार्यों एवं अन्य क्रिया कलापों के संबंध में आवश्यक बैठक सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई।

बैठक में मंत्री अरूण कुमार ने कहा कि जनपद बरेली को स्मार्ट सिटी, नाथ नगरी के नाम से भी जाना जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि जो भी निर्माणाधीन कार्य चल रहे हैं उन्हें समयान्तर्गत पूर्ण कराया जाए, और जो कार्य पूर्ण हो गए हैं उन्हें सम्बंधित विभाग को शीघ्र हैंड ओवर किया जाए।

वन एवं पर्यावरण मंत्री ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड, आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण करने में जनपद बरेली प्रदेश में प्रथम स्थान पर है जो कि अच्छी बात है, और हमें पूर्ण विश्वास है कि आगे भी लगातार ऐसी ही रैंक रहेगी।

बैठक में मंत्री अरूण कुमार ने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिए कि जिन जगहों पर पेड़ लगाए गए हैं उन पेड़ों के रख रखाव का भी ध्यान रखा जाए, इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से 22 अक्टूबर के बीच 7500 पौधों का रोपण कराया जाये, जिसके लिए पहले से ही गड्ढों का खुदान करा लिया जाए, तथा ट्री गार्ड का भी प्रयोग किया जाये। फलदार पौधे लगाये जाएं जिससे वह बड़े होकर फल दे सकें। उन्हांने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोगों को अपने-अपने घरों में वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षित हो सके, और पेड़ों के कटान को अधिक से अधिक रोका जाए।

बैठक में वन एवं पर्यावरण मंत्री ने यूनानी मेडिकल कॉलेज के कार्य के प्रगति के बारे में जानकारी ली, जिसपर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि यूनानी मेडिकल कॉलेज में सिर्फ विद्युतीकरण का कार्य अधूरा रह गया है, जिसकी व्यवस्था भी कराने कि दिशा में कार्य किया जा रहा है।

बैठक में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, वीसी बीडीए मणिकंदन ए, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भण्डारी उपस्थित रहीं।

# युवती को बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

■ आरोपी ने वीडियो बनाया, वायरल करने की दे रहा धमकी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** भुता थाना क्षेत्र में एक युवती ने चार युवकों पर अगवा करने और बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई। आरोप है कि इसके बावजूद पुलिस ने तहरीर बदलवा कर एक ही आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। जबकि युवती का कहना है कि घटना में चार युवक शामिल थे।

पीड़ित युवती ने एसएसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह 20 अगस्त की सुबह गांव के बाहर गोबर डालने गई थी, तभी गांव चंदपुरा निवासी राजेश तीन साथियों के साथ आया और उसे जबरन चारपहिया वाहन में डालकर अपने गांव ले गया। वहां राजेश ने चाकू दिखाकर उससे दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। उसके एक साथी ने भी दुष्कर्म किया। एक महिला कमरे के बाहर पहरा देती रही।

युवती का आरोप है कि 20 से 23 अगस्त तक राजेश और उसके साथी ने बंधक बनाकर कई बार उससे दुष्कर्म किया। 24 अगस्त की सुबह मौका पाकर पीड़िता वहां से भागी और अपने घर पहुंची। उसने अपने माता-पिता को पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद वह थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंची, लेकिन पुलिस ने उसे डांटकर भगा दिया। जबकि उसके पिता 23 अगस्त को उसकी गुमशुदगी दर्ज करा चुके थे। पीड़िता और उसके परिजनों ने चौकी इंचार्ज कुआंडांडा पर भी अभद्रता का आरोप लगाया।

पीड़िता कहना है कि आरोपी अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। अगर वीडियो वायरल कर दिया गया तो वह आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाएगी। आरोप लगाया कि भुता थाना पुलिस ने उसके पिता से तहरीर बदलवाकर एक ही आरोपी राजेश कुमार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

# यूट्यूबर साक्षी मिश्रा ने ससुराल वालों पर दर्ज कराई एक और रिपोर्ट

■ ससुर-जेठ पर लगाया गाली गलौज व जान से मारने की धमकी का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** यूट्यूबर साक्षी मिश्रा ने इज्जतनगर थाने में अपने ससुराल वालों के खिलाफ एक और रिपोर्ट दर्ज करा दी है। इस बार गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

साक्षी ने इज्जतनगर थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह को बताया कि उनके ससुर हरीश कुमार उर्फ हरीश नायक लक्खी शाह क्रांतिकारी समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। ससुर, उनका जेठ अभिषेक कुमार, चचिया ससुर शील कुमार और दादी सास सुशीला आए दिन उन्हें और उनके पति अजितेश कुमार को धमकाते हैं। उन्हें धमकाया जाता है कि पहले किए गए मुकदमे वापस ले लो वर्ना पति-पत्नी और बच्चे को जान से मार दिया जाएगा।

साक्षी ने पुलिस को बताया कि उनके पहले किए गए मुकदमे अदालत में विचाराधीन हैं। इसके



बावजूद आरोपी जमानत पर बाहर आकर उन पर दबाव बना रहे हैं कि मुकदमे वापस ले लो।

आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने उनके कमरे के बाहर ऑडियो रिकॉर्डिंग वाले सीसीटीवी कैमरे लगवाकर उनकी जासूसी शुरू करा दी है। उन्होंने शिकायत की तो पुलिस आरोपियों को समझाकर चली गई। पुलिस ने अब तक कैमरे नहीं हटवाए हैं।

साक्षी के मुताबिक 20 अगस्त की शाम जब उनके पति अजितेश ने कैमरे लगाने का विरोध किया तो ससुर हरीश नायक और दादी सास सुशीला आग बबूला हो गए। झगड़े के दौरान गाली गलौज की।

आरोपियों ने साफ कहा कि तेरा जल्द इंतजाम करेंगे, चाहे जेल जाना पड़े। तुझे मारकर ही दम लेंगे। साक्षी ने दादी सास पर गालियां देने का आरोप लगाकर इसके प्रमाण में ऑडियो होने का दावा किया है।

उधर कुछ समय पहले अपनी पार्टी बनाने वाले साक्षी के ससुर हरीश नायक ने सफाई दी कि गाली गलौज और धमकाने का आरोप बिल्कुल गलत है। यह लोग उन्हीं के घर में रहकर उन्हीं के साथ अभद्रता करते हैं। ये जो तहरीर देते हैं, पता नहीं किस वजह से पुलिस तुरंत रिपोर्ट दर्ज कर लेती है।

उन्हें इस रिपोर्ट की जानकारी नहीं है लेकिन ऐसी ही तीन और रिपोर्ट उनके परिवार पर साक्षी की ओर से दर्ज कराई जा चुकी हैं।

हरीश नायक का कहना था कि उन्होंने भी कई बार प्रमाण के साथ तहरीर दी, लेकिन उनकी कभी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। अधिकारी उन्हें दिलासा देकर घर भेज देते हैं।

# आमद ए रसूल की तैयारी शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** नगर के मोहल्ला सलमानी चौक पर दस रविउल अव्वल को एक अजीमुश्शान जलसा आयोजित किया जाता है, जिसकी तैयारी को लेकर गत रात्रि अंजुमन आशिकाने रसूल की एक बैठक हुई। जिसमें इंतजाम की बेहतरी पर बल दिया गया, साथ ही तय हुआ कि जलसा जोश खराश से मनाया जाए, लेकिन सादगी का दामन थामे रहना है। यूं तो कस्बे के अनेक मोहल्लों में जलसे होते हैं, लेकिन मोहल्ला फकीर हज्जाम यानी सलमानी चौक पर आयोजित जलसा भव्य पैमाने पर आयोजित किया जाता है। इस बार के जलसे में हिंदुस्तान के मशहूर आलिम ए दीन मौलाना नोमान अख्तर सूबा ए बिहार से तशरीफ ला रहे हैं, जिनके इस्तकबाल की रूप रेखा भी बैठक में तय की गई।वहीं शायर ए इस्लाम अहमद फतह फैजाबाद से तशरीफ ला रहे हैं। बानी ए जलसा इकरार सलमानी ने बताया कि हमने अंजुमन के अरकान को जिम्मेदारियां बांट दी हैं, और जलसे की कामयाबी को अंजुमन के सभी लोग जुटे हुए हैं।बैठक में हुजैफा पठान, रिजवान सलमानी, नाजिम अल्वी, मुजीब साहिल, आकाश अजहरी, इरफान सलमानी, महशर अली, शानू सलमानी आदि मौजूद रहे।

# फूल तोड़ने गई किशोरी हुई लापता, मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** मंगलवार की सुबह 10 बजे कस्बे में अपने बगीचे में फूल तोड़ने गई नाबालिग पुत्री लापता हो गई। मां ने बस्ती के ही मो. कासिम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कस्बे की प्रभातनगर बस्ती की रहने वाली एक वृद्ध महिला ने कस्बे में ही फूलों का बगीचा लगा रखा है, महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री को मंगलवार की सुबह दस बजे बगीचे में फूल तोड़ने भेजा था, जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटी तो उसकी मां को फिक्र हुई। मां ने बगीचे में जाकर देखा तो फूल इधर-उधर फैले पढ़े थे, शाम तक जब पुत्री का कोई सुराग नहीं लगा तो उसने पुत्री के मोबाइल में पड़े मेसेज को देखा, जिसमें चलने की बात लिखी थी। मां ने बस्ती के मो. कघसिम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस किशोरी की बरामदगी में लग गई है।

## एक नजर

# बिजली ऑपरेटर सरकारी फोन लेकर गया घर, बिजली आपूर्ति रही ठप

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कस्बे का बिजली घर अधिकारियों की आपसी खींचतान के राम सहारे चल रहा है। बुधवार की रात करीब 10.15 बजे बिजली ऑपरेटर निवेश वर्मा सरकारी फोन लेकर बिजली घर छोड़कर निकल गया, जब अवर अभियंता ने उसे फोन किया तो उन्हें इसकी जानकारी हुई, इस बीच करीब 15 मिनट बिजली आपूर्ति ठप रही थी। अवर अभियंता साबिर खां ने बताया कि वह इस मामले में कई बार लिखकर दे चुके हैं, लेकिन उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है, जिसके चलते कस्बे की बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है।

# ब्लैकमेलिंग से परेशान युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में ब्लैकमेलिंग से परेशान युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। युवती की मां ने पीलीभीत निवासी एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वह फोटो वायरल करने की धमकी देकर शादी करने का दबाव बना रहा था। आरोप है कि उसने फेसबुक पर युवती की तस्वीरें पोस्ट कर दी थीं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

इज्जतनगर क्षेत्र निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर बेटी को ब्लैकमेल करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। उसने बताया कि एक साल पहले उनकी बेटी का रिश्ता पीलीभीत निवासी विक्की से तय हुआ था। इस दौरान विक्की ने उनकी बेटी की कुछ तस्वीरें मोबाइल फोन से खींच लीं। बाद में जब परिवार को पता चला कि विक्की नशा करता है, जुआ खेलता है और चाल-चलन भी ठीक नहीं है तो उन्होंने शादी करने से इनकार कर दिया। इससे नाराज होकर विक्की ने उनकी बेटी को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। विक्की कहता था कि अगर मुझसे शादी नहीं करोगी तो तस्वीरें वायरल कर दूंगा।

महिला ने बताया कि 24 अगस्त को विक्की ने युवती की तस्वीरें फेसबुक पर पोस्ट कर दीं। इसकी शिकायत करने पर विक्की और उसका पिता लड़कों को लेकर घर आ धमके और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर धमकी दी कि अगर शादी नहीं होगी तो वह उनकी बेटी को जान से मार देंगे। ब्लैकमेलिंग और धमकियों से परेशान होकर बेटी मानसिक दबाव में आ गई। 25 अगस्त की सुबह उसने कीटनाशक दवा पी ली। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ब्रजपाल को बनाया अब्दुल्ला... पीयूष को मोहम्मद अली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** पकड़े गए धर्मांतरण गिरोह के तार देश भर में फैले हुए हैं। पुलिस की जांच के दौरान सामने आया है कि कुछ वर्ष पहले गिरोह के अब्दुल मजीद ने अपनी बहन आयशा का निकाह आगरा के पीयूष से कर दिया था। बाद में पीयूष का धर्मांतरण कराकर उसे मोहम्मद अली बना दिया। पीयूष और उसके परिजनों को धर्मांतरण गिरोह में शामिल भी कर लिया।



अब्दुल मजीद ने ऐसे खेला धर्मांतरण का खेल

कुछ महीने पहले आगरा में भी धर्मांतरण गिरोह का खुलासा हुआ था। पुलिस ने पीयूष समेत कई अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। एसपी साउथ अंशिका वर्मा का कहना है कि भय और प्रलोभन के कारण धर्मांतरण करने वालों की संख्या ज्यादा हो सकती है। आरोपियों से बरामद साहित्य की भी जांच की जा रही है। पीयूष के संबंध में आगरा पुलिस से संपर्क करने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। जो भी सूचनाएं मिल रहीं हैं, उनकी सत्यता परखी जा रही है। धर्मांतरण गिरोह ने सुभाषनगर के गांव करेली निवासी ब्रजपाल साहू समेत उसके पूरे परिवार का धर्मांतरण करा दिया। ब्रजपाल को अब्दुल्ला, उसकी बहन राजकुमारी को आयशा और मां ऊषा देवी को अमीना बना दिया। ब्रजपाल मुस्लिमों की तरह दाढ़ी भी रखने लगा है। अब जांच में पता चला है कि सुभाषनगर थाना क्षेत्र में ही एक और परिवार का धर्मांतरण प्रलोभन देकर कराया गया है। मौलाना अब्दुल मजीद ने परिवार के चार सदस्यों को कई दिन तक भुता के गांव फैजनगर स्थित मदरसे में रखा। यह परिवार अब सुभाषनगर में ही रहता है। गिरोह के सदस्य सलमान के करीबी बताए जा रहे सुभाषनगर के करेली निवासी कुछ लोगों का नाम भी इस प्रकरण में सामने आ रहा है। धर्मांतरण करने वाले इस परिवार को पुलिस तलाश रही है। पुलिस ने भुता क्षेत्र के फैजनगर में छापा मारकर मदरसा संचालक अब्दुल मजीद समेत चार आरो. पियों को गिरफ्तार कर धर्मांतरण गिरोह का खुलासा किया था। यह गिरोह लोगों को शादी कराने व रुपयों का लालच देकर उनका धर्मांतरण करता था। अलीगढ़ के थाना क्वार्सी क्षेत्र की निवासी अखिलेश कुमारी की शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की थी। जांच में पांचवें आरोपी का नाम भी सामने आया है। इज्जतनगर थाना के रहपुरा निवासी महबूब बेग की तलाश में दबिश दी, लेकिन वह हाथ नहीं आया। पुलिस आरोपियों के परिजनों व करीबियों की भी कुंडली खंगाल रही है। हवाला के जरिये लेन-देन की आशंका में आरोपियों के बैंक खातों में हुए लेन-देन का ब्योरा खंगाला जा रहा है। एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बताया कि जेल भेजे गए गिरोह के सरगना भुता थाना क्षेत्र के गांव फैजनगर निवासी अब्दुल मजीद, सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव करेली निवासी सलमान, आरिफ और भोजीपुरा थाना क्षेत्र के सैदपुर चुन्नीलाल निवासी फईम की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। जांच में सामने आया है कि अब्दुल जमीद अक्सर तेलंगाना, केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, राजस्थान के लैंडलाइन नंबरों पर बात करता था। अब्दुल मजीद और उसकी पत्नी के पांच बैंक खातों की भी जांच की जा रही है। उसके इन खातों में 13.20 लाख रुपये से ज्यादा होने की बात सामने आई है। एसपी साउथ ने बताया कि पांचवें आरोपी महबूब बेग को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# संभल हिंसा पर आयोग की रिपोर्ट को मुस्लिम उलमा ने एक पक्षीय बताकर किया खारिज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** संभल हिंसा मामले में आयोग ने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी। रिपोर्ट को लेकर अब मुस्लिम उलमा ने सवाल खड़े करने शुरू कर दिए हैं। बरेली के मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने इसा विरोध किया। उन्होंने कहा कि भारत का मुसलमान इस रिपोर्ट को खारिज करता है, क्योंकि ऐसा लगता है कि रिपोर्ट पक्षपात पूर्ण तरीके से तैयार की गई है।

आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने संभल की जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा को लेकर आयोग की रिपोर्ट पर कहा कि रिपोर्ट निष्पक्ष होनी चाहिए थी मगर ऐसा लग रहा है कि ये पक्षपाती है। उन्होंने दावा किया कि रिपोर्ट मे कहा गया है कि हरिहर मंदिर को तोड़कर मस्जिद का निर्माण कराने की बात रिपोर्ट में कही गई। जबकि जबकि हकीकत ये है कि सन 1525 ईसवी में बाबर के शासन काल में मस्जिद का निर्माण शुरू हुआ और 1530 में मस्जिद का निर्माण पूरा हुआ। मस्जिद के निर्माण की निगरानी बाबर के एक हिंदू पदाधिकारी ने की थी। मौलाना ने कहा कि दिन के उजाले में सम्भल की जामा मस्जिद के साथ नइंसाफी की जा रही है। जहां तक देश की बात है तो हम देश की एकता अखंडता के लिए हर कुर्बानी देने के लिए तैयार हैं।

शाह टाइम्स आपके साथ....
हमें बताएं अपने इलाके की समस्या
प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# डांस प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर




**पीलीभीत।** जेसीआई वीक उत्सव 2.0 के दूसरे दिन मंच पर रौनक छा गई जब बच्चों ने रंग–बिरंगी पोशाकों और जोश से भरपूर प्रस्तुतियों के साथ ग्रुप डांस प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाया। तालियों की गड़गड़ाहट और दर्शकों के उत्साह के बीच हर प्रस्तुति ने यह साबित किया कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। किड्स वर्ग में अवध पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान पर बेनहर पब्लिक स्कूल और ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल (टनकपुर रोड) संयुक्त रूप से रहे। तृतीय स्थान बेनहर किड्स वर्ल्ड (बेनहर रोड कैंपस) और शेमरॉक किरण स्कूल को प्राप्त हुआ। सब–जूनियर वर्ग में लिटिल एंजल्स स्कूल और लॉर्ड कृष्णा स्कूल संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहे, एस. के. पब्लिक स्कूल, मझोला ने द्वितीय स्थान और बेनहर पब्लिक स्कूल व स्पर्श वर्ल्ड स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में स्पर्श वर्ल्ड स्कूल ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अवध पब्लिक स्कूल और एसके पब्लिक स्कूल, मझोला द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से रहे। तृतीय स्थान ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल (टनकपुर रोड) और लिटिल एंजल्स स्कूल ने साझा किया। सीनियर वर्ग में लिटिल एंजल्स स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता साबित की, जबकि द्वितीय स्थान ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल (टनकपुर रोड) ने हासिल किया और तृतीय स्थान संयुक्त रूप से बेनहर पब्लिक स्कूल एवं गोस्वामी मॉम्स प्राइड (जंगरौली) को मिला। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुरदित्त सिंह सैहमी, ज़ोन प्रेसीडेंट गौरव अरोड़ा, शेमरॉक किरण स्कूल की प्रिंसिपल अदिति सक्सेना, बेनहर पब्लिक स्कूल के फाउंडिंग प्रिंसिपल रणजीत सिंह सैहमी, प्रिंसिपल करिश्मा सैहमी, जेसीआई अध्यक्ष अमन अग्रवाल, सचिव जपनीत सिंह, जेसीआई वीक उपाध्यक्ष अभिजीत आनंद सिंह, संयोजक शुभम आदि रहे।

## ऑटो, टेंपो, मैजिक इत्यादि वाहनों में अलग से सीट लगाकर संचालित होने वाले वाहनों का चालान



**पीलीभीत।** असम चैराहे पर क्षेत्राधिकार यातायात विधिभूषण मौर्य, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह एवं यातायात निरीक्षक राघवेंद्र सिंह द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए ऐसे वाहनों (ऑटो, टेम्पो, मैजिक) के विरुद्ध अभियान चलाया गया जोकि अलग से सीट लगाकर संचालित हो रहे हैं। असम चैराहे पर चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान ऐसे लगभग 50 ऑटो टेंपो मैजिक वाहन पकड़े गए जिन पर निर्धारित क्षमता से अधिक सीट लगी हुई पाई गई। जिस पर मौके पर ही कार्यवाही करते हुए उनकी अलग से लगी हुई सीटों को गैस कटर से कटवा दिया गया तथा वाहन स्वामियों को चेतावनी दी गई कि इस प्रकार की अलग से सीट लगाए पाए जाने पर वाहन सीज कर दिया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी। एआरटीओ द्वारा बताया गया कि विगत दिनों वाहनों में सीट क्षमता से अधिक सवारियाँ बैठाकर संचालित हो रहे वाहनों से दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। जिसको नियंत्रित करने के उद्देश्य से पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई की जा रही है जोकि आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## शिक्षामित्रों की समस्याओं को लेकर सीएम योगी से की मुलाकात

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में 25 वर्षों से पढ़ा रहे शिक्षामित्रों की समस्याओं से अब छुटकारा मिलने की उम्मीद जागी है। यह बात एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने मा. मुख्यमंत्री से मिलने के बाद जानकारी दी। आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह कुशवाहा ने बताया कि 25 जुलाई 2017 को मा. उच्चतम न्यायालय के द्वारा समायोजन रद्द होने के पश्चात काफी लंबे समय से शिक्षामित्र काफी आर्थिक तंगी से गुजरकर विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे थे। अल्प मानदेय मिलने के चलते परिवार की स्थिति सही न होने से प्रदेश के हजारों शिक्षामित्रों की मौत भी हो चुकी है। इस सम्बंध में सरकार के विधायकों, सांसदों, मंत्रियों, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय विनायक जोशी एवं सरकार के पदाधिकारियों से निरंतर शिक्षामित्रों की समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार से सामंजस्य बनाने का प्रयास जारी रहा।

## एनडीपीएस एक्ट में दिलदार खां को दो वर्ष की सजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** पुलिस की विवेचना/अभियोजन की पैरवी से न्यायालय द्वारा धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के अभियोग में एक अभियुक्त को 2 वर्ष कारावास व 5 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। पुलिस अधीक्षक, पीलीभीत के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने एवं पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे "ऑपरेशन कनविक्शन" के क्रम में 6 अक्टूबर 2019 को थाना पूरनपुर पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया था, गहन विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्य एवं सुबूत के साथ अभियुक्त दिलदार खां पुत्र समशेर खां नि० इन्दिरा नगर थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत के विरुद्ध 6 दिसंबर 2019 को आरोप पत्र प्रेषित किया गया। न्यायालय एडीजे 3 एनडीपीएस एक्ट पीलीभीत में पैरोकार द्वारा पैरवी से विचारण की कार्यवाही संपन्न हुई और विचारण के दौरान पुलिस द्वारा न्यायालय में उपलब्ध कराए गए साक्ष्य एवं सुबूत के आधार पर गुरुवार को अभियुक्त दिलदार खां उपरोक्त को धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट में दोषसिद्ध पाते हुए 2 वर्ष कारावास व 5 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

## दहेज की खातिर महिला का उत्पीड़न, रिपोर्ट

**गुलावठी।** नगर क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना का एक मामला प्रकाश में आया है। हिमानी वर्मा नाम की महिला ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। हिमानी की शादी 2019 में हरियाणा के पलवल निवासी धीरज से हुई थी। शादी में उसके परिवार ने 40 लाख रुपये का दहेज दिया था। इसके बावजूद ससुराल वाले उससे और दहेज की मांग करते आ रहे थे। कुछ समय बाद बीमारी के कारण हिमानी के पति का निधन हो गया। पति की मृत्यु के बाद ससुराल वालों का अत्याचार और बढ़ गया। प्रताड़ना से तंग आकर हिमानी ने ऑलआउट मच्छर रिपेलेंट पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। समय पर इलाज मिलने से उसकी जान बच गई। जब हिमानी ने अपनी संतान की परवरिश के लिए अपने अधिकारों की मांग की, तो ससुराल वालों ने उसे घर से निकालने की धमकी दी। इसके बाद हिमानी ने गुलावठी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने ससुर, जेठ समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**बुलंदशहर।** अरनिया थाना क्षेत्र के इसनपुर फ्लाईओवर पर सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान जहानपुर निवासी 40 वर्षीय सत्येंद्र राघव के रूप में हुई है। वह जेवर से तारीख करके अपने गांव वापिस लौट रहे थे। घटना देर रात जहांपुर गांव के पास हुई। तेज रफ्तार कार ने सत्येंद्र की बाइक को टक्कर मार दी। घायल सत्येंद्र को तुरंत कैलाश हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मेरठ रैफर कर दिया। मेरठ ले जाते समय रास्ते में ही सत्येंद्र ने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता का नाम ओमपाल सिंह है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची अरनिया पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# महावन में खाद्य आपूर्ति विभाग की बड़ी कार्रवाई



**मथुरा।** जनपद के थाना महावन क्षेत्र के गांव पचावर में खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने रात में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रखा गया भारी मात्रा में राशन बरामद किया। जिला आपूर्ति अधिकारी के नेतृत्व में हुई इस छापेमारी में 84 बोरी चावल और 33 बोरी गेहूं जब्त किया गया। बताया जा रहा है कि यह चावल व गेहूं कालाबाजारी के उद्देश्य से अवैध रूप से स्टॉक कर रखा गया था। महावन तहसील के पूर्ति निरीक्षक रविकांत ने जानकारी दी कि उन्हें कई दिनों से लगातार सूचना मिल रही थी कि गांव पचावर निवासी भुवनेश अग्रवाल द्वारा सरकारी राशन का चावल और गेहूं अवैध रूप से इकट्ठा कर बेचा जा रहा है। इस पर उन्होंने उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपी और कार्रवाई करने का निर्णय लिया। वह रात टीम के साथ मौके पर पहुंचे। संदिग्ध गोदाम पर पहुंचने पर ताला बंद मिला। पुलिस की मौजूदगी में ताला तोड़ा गया तो अंदर से भारी मात्रा में राशन बरामद हुआ। एक निजी गोदाम में मिले राशन के चावल और गेहूं के बोरों की गिनती करने पर 84 बोरी चावल और 33 बोरी गेहूं पाया गया। बरामद राशन सामिग्री को खाद्य विभाग की टीम ने कब्जे में लेकर सुधा स्वयं सहायता समूह के प्रति. निधि नेत्रपाल सिंह को सुपुर्द कर दिया गया। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि आरोपी भुवनेश अग्रवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि यह राशन सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) से उठाकर खुले बाजार में ऊंचे दामों पर बेचने की तैयारी थी। कार्रवाई के दौरान पहुंचे मकान मालिक उत्तम सिंह ने बताया कि उन्होंने यह मकान भुवनेश को किराए पर दे रखा है और उन्हें अवैध भंडारण की जानकारी नहीं थी। छापामार कार्रवाई के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी संजीव कुमार गौतम, महावन पूर्ति निरीक्षक रविकांत, एआरओ नरेन्द्र सह, फूल सिंह यादव, लिपिक लवकुमार उपस्थित थे।

## हाइवे किनारे दिखा कूड़ा तो संबंधित के विरुद्ध होगी कार्यवाही : डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान डीएफओ द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा की गई जियो टैगिंग की स्थिति से अवगत कराया गया। उन्होंने ट्री गार्ड की उपलब्धता हरिशंकरी रोपण, विद्यार्थियों के जागरूकता कार्यक्रम एवं जनजागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक कराए जाने के संबंध में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला पर्यावरण समिति में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। क्लब, स्कूल को अभियान में शामिल किया जाए। उन्होंने वृक्ष कॉरिडोर विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को सभी हाइस्कूल एवं इंटर कॉलेज में इको क्लब की स्थापना किये जाने के निर्देश दिए। जिला गंगा समिति के अंतर्गत डीएफओ द्वारा अवगत कराया गया कि गोमती नदी के किनारे 16 में से 16 गांव ओडीएफ प्लस हो गए हैं।

## व्यापारियों ने सौंपा समस्याओं का ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** गुरूवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एसपी सिटी को एक ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। ज्ञापन में जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि जिले की विभिन्न तहसीलों से आने वाला समस्त ट्रैफिक भूड़ चौराहा अडोली तिराहा मार्ग से होकर राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ता है। मार्ग पर गहरे गड्ढों के कारण प्रतिदिन भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिससे आमजन एवं व्यापारियों को परेशानियों से जूंझना पड़ता है। जिला प्रभारी पृथ्वीराज सिंह, गुफरान गाजी, सतीश कुमार, सुंदर सिंह, विक्की कुमार, साजिद गाजी, अमित, विकास गुप्ता, जाकिर खान व अनस मौजूद रहे।

## सामूहिक विवाह: नहीं हो रहे आवेदन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** प्रदेश सरकार द्वारा सामूहिक विवाह योजना के लिए लाँच किए गए पोर्टल में पिछले कई दिनों से तकनीकी समस्या के चलते आवेदन नही हो पा रहे हैं। जिसकी वजह से आवेदक लगातार परेशान हैं। विभाग के अधिकारियों ने इस परेशानी से जल्द निजात दिलाने की बात कही है। प्रदेश सरकार ने गरीब बेटियों की शादी के लिए सामूहिक विवाह योजना को फिर से शुरू किया है। इसमें गरीब बेटियों की शादी के लिए प्रदेश सरकार द्वारा आर्थिक मदद दी जाती है। इसमें आवेदन करने के लिए सरकार ने पोर्टल भी लाँच किया है। इसमें लाभार्थी अपने आधार कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर के अतरिक्त जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, शादी का कार्ड या शादी का कार्ड संलग्न कर आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल में तकनीकी समस्या के चलते विभाग अधिकारी भी परेशान हैं। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पोर्टल में तकनीकी समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है। इसके लिए शासन से पत्राचार किया जा रहा है।

## बीआरसी प्रशिक्षण हाल की गिरी छत

**डिबाई।** गुरूवार को नगर क्षेत्र के टाउन स्कूल स्थित बीआरसी कार्यालय के प्रशिक्षण हॉल न0- वन का लेंटर अचानक भर भराकर गिर गया, हालांकि बड़ा हादसा टल गया। घटना से ब्लॉक संसाधन केंद्र के कर्मचारियों में आफरा-तफरी मच गई। प्रशिक्षण हॉल के छत की जर्जर अवस्था देखते हुए चार दिन पूर्व उसमें ताला लगा दिया गया था। बताया कि चार दिन पूर्व प्रशिक्षण हॉल के लैंटर में दरारें आ गई थी। जिसकी गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने हॉल में से जरूरी कीमती सामान निकाल कर अन्य कमरों में शिफ्ट कर दिया था। वर्तमान में 100 शिक्षकों का एफएलएन प्रशिक्षण भी बीआरसी प्रांगण के अन्य कमरों में चल रहा था।

## नहर किनारे पड़ा मिला साधु का शव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** गुरूवार की सुबह सवेरे अहार थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर में एक साधु का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रसूलपुर से नरसैना मार्ग पर रजवाहे की पटरी के निकट ग्रामीणों ने एक 60 वर्षीय साधु का शव पड़ा देखा। ग्रामीणों ने नहर किनारे शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अहार थाना पुलिस, जहांगीराबाद और नरसैना की पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंची गई। सीओ अनूपशहर रामकरण सिंह ने घटना सील का निरीक्षण किया। अहार थाना प्रभारी अनूप प्रताप सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक सांस और हृदय रोग का मरीज था। वह दो दिन पहले दरावर के एक मंदिर में रुका था। साधु के थैले से दवाइयां मिली हैं। उनके हाथ पर बाबा जगदानंद गुदा हुआ है। वह क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में रुकते थे। क्षेत्राधिकारी अनूपशहर रामकरण सिंह ने बताया कि पुलिस शव की शिनाख्त के लिए प्रयास कर रही है। पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## फिर बढ रहा यमुना का जलस्तर

**मथुरा।** खतरनाक स्तर को छूने के बाद यमुना का जल स्तर घट गया था। इस दौरान मथुरा के जयसिंहपुरा खादर में बसीं आधा दर्जन कॉलोनियों में पानी भर गया था। वहीं वृंदावन के कई क्षेत्र प्रभावित हुए थे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में बलदेव का गांव अकोस और शेरगढ़ क्षेत्र का गावां बाबूगढ़ सर्वाधिक प्रभावित हुए थे। मंगलवार रात को यमुना का जलस्तर स्थिर हो गया इसके बाद फिर बढ़ने लगा। गुरूवार को खादर की कॉलोनियों में हलचल थी, पानी के बढने का क्रम यही रहा तो एक दो दिन में उन्हें फिर यहां से पलायन करना होगा। यमुना का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों को चिंता सताने लगी है। क्षेत्र के गांव छिनपारई, अड्डा मीणा, मुकदुमपुर, फिरोजपुर, अड्डा मल्हान, मांगरखोर, अड्डा जाटव, इनायतगढ़, दौलतपुर सहित अन्य गांवों के पास तक नदी का पानी पहुंचने से फसलें डूबने लगी हैं। पशुओं के चारे की समस्या खड़ी हो गई है। नौहझील शेरगढ़ मार्ग पर भी तीन जगह पानी सड़क पर बहने लगा। यमुना पुल के पास दो से ढाई फीट, छिनपारई प्याऊ के समीप एक से डेढ़ फीट व छिनपारई गांव के सामने आधा से एक फीट ऊंचाई तक पानी सड़क पर बह रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे हर पल यमुना के जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं। किसी भी समय हालात बिगड़ सकते हैं। लोगों ने प्रशासन से राहत और बचाव कार्य शुरू करने की मांग की है। नायब तहसीलदार राकेश उपाध्याय ने बताया कि गांवों में यमुना के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है।

## राधाष्टमी मेला की सफाई के लिए पंचायत विभाग ने भेज 150 सफाई कर्मी

**बरसाना।** जिले के पंचायत राज विभाग को बरसाना में 30६31 अगस्त को आयोजित होने वाले राधाष्टमी महोत्सव के तीन सेक्टरों की सफाई कराने की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने 150 सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई है। ये कर्मचारी तीन चरणों में मेला के दौरान सफाई कार्य करेंगे। प्रत्येक चरण में 50–50 सफाई कर्मी सफाई करार्य करेंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि सफाई कर्मियों की निगरानी के लिए 9 ग्राम पंचायत अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

## केएमयू : मनमोहक परिधानों के बीच जमकर नाचे मेडीकल छात्र–छात्राएं

**मथुरा।** कृष्णा मोहन विश्व. विद्यालय में गणेश चतुर्थी पर्व की धूम मची है। बुधवार शाम विवि में बैंड बाजों की धुन और छात्र–छात्राओं के नाच–गाने के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी के प्रतिनिधि देवी सिंह (डीएम) ने वैदिक मंत्रों के बीच पंडाल में गणेश प्रतिमा विराजित की तो गणपति बप्पा मोरिया के उद्घोषों से पूरा विश्वविद्यालय परिसर गूंज उठा। मेडिकल छात्र–छात्राओं ने रात्रि में गरवा सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गणेश महोत्सव की शुरूआत बुधवार शाम केएम विश्वविद्यालय पहुंची शोभायात्रा में विराजमान गणेश भगवान की विशाल प्रतिमा के साथ हुआ। इसे देख पूरे परिसर में छात्र–छात्राएं, पीजी डाक्टर सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ पार्वती के लाड़ले की अलौकिक छवि निहारते रह गए।

शोभायात्रा में मेडीकल छात्र–छात्राएं गणपति के गीतों पर नाचते पंडाल तक गणेशजी की प्रतिमा को ले गए। जहां वैदिक मंत्रों के बीच विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी और जिअपं प्रतिनिधि देवी सिंह ने गणेशजी पूजा अर्चना कर उनकी आरती उतारी। इसी बीच मेडीकल स्टूडेंटों सहित पीजी के डाक्टरों ने पूजा अर्चना में बढ़चढ़कर भाग लिया। रात्रि में गरवा कार्यक्रम का शुभारंभ विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने किया। इस दौरान पंडाल में मनमोहक परिधानों को पहनकर सैकड़ों मेडीकल छात्र–छात्राओं ने जमकर नाचे और गणेश महोत्सव का लुफ्त उठाया।

## खिलाड़ियों ने नेशनल में जीते मेडल

**कोसीकलां।** नंदगांव रोड स्थित विद्या देवी जिंदल स्कूल स्पोर्ट्स अकैडमी के खिलाड़ियों ने कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आयोजित नेशनल कराटे चौंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर क्षेत्र एवं गुरूजनों तथा परिजनों का नाम रोषन किया। खिलाड़ियो ने एसजीएफआई में अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा दिलाया। कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में नेशनल कराटे चौंपीयनशिप प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में विद्यालय के करीब एक दर्जन बच्चों ने हिस्सा लिया। खिलाडियों ने धमाल मचाते हुए खिलाडी चंदन सिंह ने 35 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक, नकुल जैन ने 55 किलो, तनिष्क चौधरी 49 किलो भार वर्ग तथा वी अकादमी के खिलाड़ी कार्तिक शर्मा ने 68 किलो भार में रजत पदक जीतकर क्षेत्र एवं गुरूजनों तथा परिजनों का नाम रोषन किया। पदक जीतकर विद्यालय लौटे खिलाडियों का विद्यालय प्रबंध तंत्र ने जोशीला स्वागत किया।

## महानगर में अब कुत्तों की भी होगी जीओ टैगिंग



**मथुरा।** गाय, भैंस की तरह महानगर में अब कुत्तों की भी जीओ टैगिंग होगी। आवारा कुत्तों के मानवीय एवं वैज्ञानिक प्रबंधन में इससे मदद मिलेगी। नगरी क्षेत्र में आवारा कुत्तों के मानवीय प्रबंधन के लिए एबीसी सेंटर का निर्माण किया गया है। कंस्ट्रक्शन ऐंड डिजाइन सर्विसेज द्वारा सिविल लाइन्स डेयरी फार्म के समीप निर्मित पशु जन्म नियंत्रण केंद्र एवं स्वान गृह (डॉग शेल्टर) का नगर आयुक्त जग प्रवेश ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि भवन से संबंधित सभी शेष कार्य शीघ्रता से पूर्ण किए जाएँ, ताकि केंद्र को सुचारू रूप से चालू कर जल्द संचालन प्रारम्भ किया जा सके। यह केंद्र वेटरिनरी हॉस्पिटल द्वारा संचालित होगा। इसका मुख्य उद्देश्य शहर में आवारा कुत्तों की संख्या का मानवीय और वैज्ञानिक प्रबंधन करना है। केंद्र पर कुत्तों का नसबंदी, एंटी रेबीज टीकाकरण, ऑपरेशन पश्चात देखभाल एवं रिकवरी, पहचान, टैगिंग एवं रिकॉर्ड रखरखाव तथा नियमों के अनुसार मूल स्थान पर सुरक्षित पुनर्वास (रिलीज) सुनिश्चित किया जाएगा।

## बूंदाबांदी ने बढ़ाई उमस, लोग बेहाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जिले में मौसम में लगातार बदल रहा है। कभी बारिश तो कभी बादलों के छाए रहने का सिलसिला बना हुआ है। गुरुवार को दोपहर तक बादलों की आवाजाही होती रही। दोपहर बाद शहर से देहात तक कहीं बारिश तो हीं बादल छाए रहे। हल्की बारिश के चलते उमस का असर बढ़ गया। न्यूनतम तापमान 27 और अधिकतम 34 डिग्री सेल्सियस पर रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को तापमान फिर 29 डिग्री तक पहुंचेगा। जिससे तेज बारिश के साथ गर्मी में राहत की उम्मीद है। गुरुवार को सुबह से मौसम बदला हुआ नजर आया।

## ब्रज यात्रा का स्वागत करके मिला साधुओं का आशीर्वाद, वैष्णव दास



**कोसी कलाँ।** नन्दगांव के प्राचीन देव स्थान पथवारी मन्दिर पर काठिया बाबा की यात्रा का भव्य स्वागत किया गया प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली वार्षिक ब्रजयात्रा बुधवार को नंदगावं पहुंची। यहां स्थानीय लोगों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। हर वर्ष काठिया बाबा की ब्रजयात्रा गणेश चतुर्थी के अवसर पर नंदगांव पहुंचती है। बुधवार को गाजीपुर से नंदगांव पहुंची जहाँ श्री श्री वैष्णव दास जी महाराज ने पथवारी मन्दिर में ब्रज यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा में शामिल करीब 1 हजार साधुओं को भोजन कराया गया। महाराज जी के चरण सेवक गोविंद दास महाराज ने समस्त साधु संतों को दक्षिणा देकर सन्त सेवा कर सन्तो की परम्परा का निर्वाहन किया श्री श्री वैष्णव दास जी महाराज ने कहा की पुराने समय से काठिया बाबा के नेतृत्व में ब्रज यात्रा का आयोजन किया जाता है। व्रन्दावन से प्रारम्भ होकर ब्रज भृमण एव ब्रज के आकर्षण निहारती है और यात्री ब्रज के मंदिरों में दर्शनों का भी लाभ लेते है पप्पू पण्डित श्याम मोहन गोपी पण्डित कृष्ण गोपाल जय प्रकाश हरी गोविंद अटल ने साधु सेवा की

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

खेल विशेष

## भारतीय मुक्केबाजों ने 26 पदक सुनिश्चित किए

**चीन, वार्ता।** भारत के जूनियर लड़के और लड़कियों ने चीन के झिंजियांग में आयोजित तीसरे बेल्ट एंड रोडष अंतर्राष्ट्रीय यूथ बॉक्सिंग गाला - अंडर-17 /अंडर-19/ अंडर- 23 अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और टूर्नामेंट में लगातार शानदार जीत के साथ सुर्खियां बटोरीं। 26 सेमीफाइनलिस्टों के साथ, भारत ने 26 पदक पक्के कर लिए हैं। भारत ने 20 लड़कों और 20 लड़कियों सहित 58 सदस्यीय दल भेजा है, जिसे 12 कोच, 6 सहयोगी स्टाफ और 1 रेफरी एवं जज का समर्थन प्राप्त है। इस संस्करण में केवल अंडर-17 लड़के और लड़कियां ही भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस टीम का चयन छठी अंडर-17 जूनियर लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 से किया गया है, जिसमें एशियाई युवा खेलों और गैर-एशियाई युवा खेलों के भार वर्गों के पदक विजेताओं को जगह मिली है। सेमीफाइनलिस्टों में ध्रुव खरब (46 किग्रा), उदय सिंह (46 किग्रा), फलक (48 किग्रा), पीयूष (50 किग्रा), आदित्य (52 किग्रा), उधम सिंह राघव (54 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), देवेंद्र चौधरी (75 किग्रा), जयदीप सिंह हंजरा (80 किग्रा) और लोवेन गुलिया ( 80 किग्रा) शामिल हैं, जिन्होंने चीन, कोरिया, उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान के कड़े प्रतिद्वंद्वियों को हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। 27 अगस्त को, भारतीय जूनियर लड़कियों ने शानदार जीत के साथ रिंग में अपना दबदबा बनाया। खुशी (46 किग्रा), भक्ति (50 किग्रा), राधामणि (60 किग्रा), हर्षिका (60 किग्रा), दीया (66 किग्रा), प्रिया (66 किग्रा), लक्ष्मी (46 किग्रा), चाहत (60 किग्रा), हिमांशी (66 किग्रा), हरनूर (66 किग्रा) और प्राची ( 80 किग्रा) सभी ने चीन और कोरिया के कड़े प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ प्रभावशाली जीत हासिल की।

# चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में सिंधु

- **वर्ल्ड नंबर-2 वांग झी को हराया, मिक्सड डबल्स में ध्रुव- तनिषा की भारतीय जोड़ी भी जीती**

**पेरिस, वार्ता।** डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने गुरुवार को विमेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 16 मैच में चीन की वांग झी को सीधे गेम में हराकर बाहर कर दिया।

मिक्स्ड डबल्स इवेंट में भी भारतीय जोड़ी को सफलता मिली। वर्ल्ड नंबर-2 के खिलाफ हावी हैं सिंधु ओलिंपिक में सिल्वर और ब्रान्ज मेडल जीत चुकीं सिंधु ने वर्ल्ड नंबर-2 वांग झी के खिलाफ अपना दबदबा कायम रखा। सिंधु ने 5वें हेड टु हेड मैच में वांग को तीसरी बार हराया। वर्ल्ड नंबर-15 सिंधु ने पहला गेम कड़ी टक्कर के बाद 21-19 के अंतर से जीता। सिंधु ने पहला गेम जीतने के बाद दूसरे गेम में भी 12-6 के अंतर से बढ़त बना ली। उन्होंने इस बढ़त को कायम रखा



और 21-15 के अंतर से दूसरा गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना वर्ल्ड नंबर-1 साउथ कोरिया की आन से यंग से हो सकता है। वर्ल्ड नंबर-16 भारत के ध्रुव कपिला और तनिषा ख्रष्टो की जोड़ी ने 3 गेम में राउंड ऑफ 16 मैच जीता। वर्ल्ड नंबर-2 हान्ना कान्ग के तांग चुन मिन और से यिंग सुट ने दोनों को पहला गेम 21-19 के अंतर से हरा दिया। ध्रुव-तनिषा ने दूसरे गेम में वापसी की और 21-12 से जीत दर्ज कर मैच बराबर कर दिया। भारतीय जोड़ी ने 21-15 के अंतर से तीसरा गेम जीता और क्वार्टर फाइनल में एंट्री कर ली। ध्रुव कपिला और तनिषा दृष्टो की भारतीय जोड़ी ने वर्ल्ड नंबर-5 जोड़ी को हराया। प्रणय को वर्ल्ड नंबर-2 ने हराया मेंस सिंगल्स इवेंट में भारतीय चुनौती खत्म हो गई।

एचएस प्रणय को बुधवार देर रात राउंड ऑफ 32 में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें वर्ल्ड नंबर-2 डेनमार्क के आंद्रेस ने 3 गेम में हरा दिया। आंद्रेस ने पहला गेम बेहद आसानी से 21-7 के अंतर से जीत लिया। प्रणय ने वापसी की और 21-17 से दूसरा गेम अपने नाम किया और मैच बराबरी पर ला दिया। तीसरे गेम में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और एक समय स्कोर 21-21 से बराबर हो गया। एंटोनसेन ने फिर अटैकिंग गेम खेला और 23-21 से तीसरा गेम जीतकर मैच भी अपने नाम कर लिया। प्रणय से पहले राउंड ऑफ 64 में लक्ष्य सेन को वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा था।

# एफआईएच प्रो लीग भारत-पाक की होगी भिड़ंत

- **पाकिस्तान हॉकी की भागीदारी से टूर्नामेंट प्रारूप के तहत भारत बनाम पाक के दो मैच पक्के माने जा रहे है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एफआईएच प्रो लीग 2025-26 सीजन में भारत और पाकिस्तान की हॉकी टीम भिड़ेंगी। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने गुरुवार को बताया कि न्यूजीलैंड के स्थान पर पाकिस्तान की हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के सीजन में खेलेगी।

एफआईएच कहा कि पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम 2025-26 सीजन में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार करने के बाद पहली बार एफआईएच प्रो लीग में भाग लेगी। 2024-25 एफआईएच नेशंस कप विजेता न्यूजीलैंड के प्रतियोगिता से बाहर होने के बाद एफआईएच प्रो लीग 2025-26 में पाकिस्तान का प्रवेश हुआ है। मलेशिया में हुए टूर्नामेंट में उपविजेता होने के नाते, ग्रीन शर्ट्स पदोन्नति की कतार में वह अगली टीम थी।

पाकिस्तान हॉकी की भागीदारी से टूर्नामेंट प्रारूप के तहत भारत बनाम पाकिस्तान के दो हॉकी मैच पक्के माने जा रहे हैं। एफआईएच अध्यक्ष तैय्यब इकराम ने इस कदम को एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि पाकिस्तान को शीर्ष प्रतियोगिताओं में वापस देखकर बहुत अच्छा लगा।

यह विश्व हॉकी के लिए वाकई एक प्रभावशाली उपलब्धि है। इकराम ने कहा कि उनकी वापसी न केवल एक समृद्ध और गौरवशाली इतिहास वाली टीम की वापसी का प्रतीक है, बल्कि एफआईएच हॉकी प्रो लीग की लोकप्रियता और पहुंच को भी बढ़ावा देती है।

# सात्विक-चिराग और कपिला-क्रैस्टो चौथे दिन अहम मुकाबले के लिए तैयार

- **भारतीय शटलरों ने पेरिस में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया**




**पेरिस, वार्ता।** पेरिस में चल रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 में भारत का अभियान आज और भी तेज हो गया है क्योंकि पीवी सिंधु का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त वांग जी यी से होगा, जबकि पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, साथ ही मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो, शीर्ष रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने-अपने ड्रॉ में आगे बढ़ने का लक्ष्य रखेंगे। भारतीय शटलरों ने बुधवार को पेरिस में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन किया।

पीवी सिंधु ने मलेशिया की करुपाथेवन लेत्शाना को 21-19, 21-15 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। नौवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भी चीनी ताइपे की लियू-यांग को 22-20, 21-13 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। मिश्रित युगल में, ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो ने सीधे गेमों में जीत हासिल की, जबकि रोहन कपूर और ऋत्विका गाडे को दुनिया की चौथे नंबर की मलेशियाई जोड़ी के हाथों हार का सामना करना पड़ा। मुख्य आकर्षण एचएस प्रणय का दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटनसन के खिलाफ ऐतिहासिक मुकाबला था—प्रणय ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी की, निर्णायक गेम में दो मैच प्वाइंट भी हासिल किए, लेकिन अंततः 8-21, 21-17, 21-23 से हार गए।

# श्रीलंका ने जिम्बाब्वे दौरे के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए चरित असालंका की अगुवाई वाली 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की है।

चयनकर्ताओं ने जिम्बाब्वे दौरे के लिए चोटिल वानिंदु हसरंगा को टीम में शामिल नहीं किया है। ऐसे में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में उनका खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। टीम में पथुम निसंका , कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, कामिंडु मेंडिस और दासुन शनाका जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं। महेश थीक्षाना और दुनिथ वेल्लालेज को भी दी है। अनुभवी ऑलराउंडर चरित असालंका दोनों सीमित ओवरों

**अनुभवी ऑलराउंडर असालंका दोनों सीमित ओवरों की सीरीज में टीम की कप्तानी करेंगे**

की श्रृंखला में टीम की कप्तानी करेंगे। श्रीलंका और जिम्बाब्वे के बीच एकदिवसीय सीरीज की शुरुआत 29 अगस्त से तथा टी-20 सीरीज तीन सितंबर से हरारे में शुरू होगी। एकदिवसीय सीरीज का दूसरा मैच 31 अगस्त को हरारे में खेला जायेगा। वहीं दूसरा टी-20 मैच छह तथा तीसरा सात सितंबर को होगा। जिम्बाब्वे दौरे के लिए की टीम इस प्रकार है :- चरित असालंका (कप्तान), पथुम निसंका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, विशेन हलंबगे, दासुन शनाका, डुनिथ



वेलालागे, चमिका करुणारत्ने, महीश थीक्षाना, दुशान हेमंथा, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा और मथीशा पथिराना।

# राज्य लीगें प्रतिस्पर्धा को नहीं प्रतिभाओं को पोषित करती हैं: रोहन

- **ये टूर्नामेंट एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं है यह ऐसे मंच है जोकि नई प्रतिभाओं को खोजने और निखारने में मद्द करते है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने गुरुवार को देश भर में टी-20 लीगों के उदय की सराहना करते हुए कहा कि ये टूर्नामेंट एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं है, यह ऐसे मंच हैं जो कि नई प्रतिभाओं को खोजने और निखारने में मदद करते हैं।

डीडीसीए के अध्यक्ष जेटली ने कहा कि उनका मानना है कि इस तरह की पहल भारत के क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र में गहराई लाती है और खेल के समग्र विकास में योगदान देती है। उन्होंने कहा कि राज्य लीग एक-दूसरे की प्रतिस्पर्धी नहीं हैं, वे अपने-अपने पारिस्थितिकी तंत्र को पोषित करती हैं। प्रत्येक राज्य का अपना प्रतिभा भंडार और संरचना होती है।

ज्यादा लीग का मतलब खिलाड़ियों के लिए अधिक अवसर हैं, और यह कुल मिलाकर भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा है। दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे संस्करण के बारे में बात करते हुए डीडीसीए अध्यक्ष ने इस बात पर बल दिया कि अपने पहले सीजन की तुलना में प्रतियोगिता का आकार, संगठन और गुणवत्ता बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि लीग ने न केवल मैदान पर प्रदर्शन के मामले में मानक ऊंचा किया है, बल्कि राजधानी में पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों के लिए एक मजबूत माहौल बनाने में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है।

उन्होंने कहा कि एक प्रशासक के तौर पर, आप हमेशा पिछले सीजन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं बेहतर संगठन, बेहतर तैयारी, बेहतर क्रियान्वयन। मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि इस साल लीग अधिक व्यवस्थित और पेशेवर है। टीमें बेहतर तैयारी कर रही हैं, टीम प्रबंधन अधिक चुस्त है तथा समग्र माहौल और भी मजबूत हुआ है। खिलाड़ी अधिक फिट, ज्यादा प्रतिबद्ध और बेहतर तैयारी कर रहे हैं।

वे हफ्तो से खेल की लय में हैं, और फिटनेस शिविर और मैच उन्हें घरेलू सीजन से पहले अपने चरम पर बनाए हुए हैं। उन्होंने इस सीरीजन में दो नई टीमों के मालिकों की पेशेवर रवैये की सराहना करते हुए कहा कि नए टीम मालिक इस माहौल में बहुत अच्छी तरह घुल-मिल गए हैं। उनका रवैया पेशेवर रहा है और मौजूदा टीमें भी सहयोगी रही हैं। यह देखकर बहुत खुशी होती है कि अधिक खिलाड़ियों को मौके मिल रहे हैं, जिससे लीग और मजबूत होती है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन

**नई दिल्ली, वार्ता।** श्याम लाल कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 29 एवं 30 अगस्त 2025 को विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह दिवस हॉकी के महानायक मेजर ध्यानचंद की जयंती को समर्पित है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रबी नारायण कर ने बताया कि खेल केवल शारी. रिक स्वास्थ्य का साधन नहीं हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल विकसित करने का माध्यम भी हैं। उन्होंने कहा कि एक घंटा खेल के मैदान में का यह संदेश युवाओं को सक्रिय जीवनशैली अपनाने और खेलों को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करता है। 29 अगस्त को सुबह स्पोर्ट्स असेंबली से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद वॉलीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिताएँ होंगी। इसी दिन राकेश , मुख्य संपादक खेल टुडे, 'ओलंपिक्स एवं पैरालंपिक्स' विषय पर व्याख्यान देंगे

# सबालेंका-अल्काराज तीसरे दौर में पहुंचे



- **सबालेंका ने महिला एकल के दूसरे दौर में पोलिना को 7-6 ( 4 )6-2 से हराया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका ने महिला एकल के दूसरे दौर में पोलिना कुडरमेतोवा को 7-6 (4), 6-2 से हराया, जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने इटली के मटिया बेलुची को 6-1, 6-0, 6-3 से हराकर 2025 यूएस ओपन के पुरुष एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया।

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने कुडरमेतोवा के खिलाफ धीमी शुरुआत की, ठीक उसी तरह जैसे उन्होंने स्विट्जरलैंड की रेबे. का मासरोवा के खिलाफ पहले दौर के मैच में की थी। पहले सेट के टाई-ब्रेकर में कड़ी टक्कर के बाद, तीन बार की ग्रैंड स्लैम विजेता ने बुधवार को दूसरे सेट में अपनी लय और जीत हासिल की। साल के अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश में लगी सबालेंका ने जीत के बाद कहा कि पहला सेट मेरे लिए बहुत कड़ा था। यह ज्यादातर सर्विस और पहले शॉट के बारे में था। मुझे खुशी है कि मैं दबाव को संभाल पाई और कुडरमेतोवा को जवाब दे पाई। दूसरे सेट में, मैं अपने रिटर्न गेम में काफी बेहतर महसूस कर रही थी, और मेरी सर्विस भी बेहतर थी।

दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने बेलुची पर सीधे सेटों में ज्यादा आसानी से जीत हासिल की। स्पेनिश खिलाड़ी ने कहा, ष्मैंने मैच की शुरुआत में कुछ लक्ष्य बनाए थे, और मैं पहली गेंद से लेकर आखिरी गेंद तक उन पर अमल करने की को. शिश कर रही हूँ। इसी चीज ने मुझे मैच में बने रहने, सकारात्मक बने रहने, हर समय आक्रामक बने रहने में बहुत मदद की। उतार-चढ़ाव नहीं आए। महिलाओं की अन्य शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी भी तीसरे दौर में पहुंच गईं, जहां घरेलू स्टार जेसिका पेगुला ने अन्ना ब्लिंकोवा को 6-1, 6-3 से हराया, और पांचवीं वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने अनस्तासिया पोटापोवा को 6-1, 6-3 से आसानी से हराया। पुरुष वर्ग में, चौथी वरीयता प्राप्त संयुक्त राज्य अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने दक्षिण अफीका के लॉयड हैरिस को 4-6, 7-6 (3), 6-2, 6-4 से हराया, जबकि 38 वर्षीय अनुभवी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने दूसरे दौर में अमेरिका के ज़ाचरी स्वेज्दा को 6-7 (5), 6-3, 6-3, 6-1 से हराया।

## कैरेनो बुस्टा को हराकर शेल्टन तीसरे राउंड में पहुंचे

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** अमेरिका के बेन शेल्टन ने स्पेन के पाब्लो कैरेनो बुस्टा को हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। बुधवार रात खेले गए मुकाबले में शेल्टने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी बुस्टा पर आक्रामक हिटिंग के साथ 6-4, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। 22 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी शेल्टन ने हर सेट की शुरुआत में कैरेनो बुस्टा की सर्विस तोड़ी और 34 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी को कभी भी शांत नहीं होने दिया। शेल्टन ने अपने प्रतिद्वंद्वी के 18 के मुकाबले 42 विनर लगाए, जिसमें उनकी तेज़ बाएं हाथ की सर्विस, आक्रामक बेसलाइन हिटिंग और चतुर वैरिएशन का संयोजन था। शेल्टन अगले दौर में फ्रांसीसी एड्रियन मन्नारिनो से भिड़ेंगे। 37 वर्षीय इस बाएं हाथ के खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को 6-4, 6-7(5), 6-3, 6-3 से हराकर छठी बार न्यूयॉर्क में तीसरे दौर में प्रवेश किया। माना. रिनो ने शेल्टन के साथ अपने पिछले तीन मुकाबलों में से दो में जीत हासिल की है, हालांकि अमेरिकी खिलाड़ी ने इस महीने की शुरुआत में टोरंटो में उन्हें हराया था।

## एसएफएल फुटबॉल लीग 2025 का दूसरा संस्करण 27 सितम्बर से शुरू होगा

**मुंबई, वार्ता।** पश्चिमी भारत की सबसे रोमांचक ग्रासरूट फुटबॉल लीग वापस आ गई है। और यह पहले से कहीं ज्यादा बड़ी है। एसएफएल द्वारा आयोजित एसएफएल फुटबॉल लीग 2025 युवा एथलीटों के लिए संरचित, तकनीक-सक्षम प्रशिक्षण पर केंद्रित एक बहु-खेल अकादमी - 27 सितंबर, 2025 को शुरू होगी, जो मुंबई और पुणे दोनों में छह महीने का प्रतिस्पर्धी, तकनीक-संचालित युवा फुटबॉल लेकर आएगी। मुंबई में एक सफल शुरुआती सीजन के बाद, लीग का विस्तार पूरे क्षेत्र में एक जुड़े हुए ग्रासरूट फुटबॉल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है। एमएफए और पीडीएफए से आधिकारिक रूप से संबद्ध है।

# दलीप ट्रॉफी: गिल, जुरेल-ईश्वरन नहीं खेल पाए पहला मुकबला, शमी की वापसी

- **गिल को नॉर्थ जोन की टीम का कप्तान बनाया गया था लेकिन तबीयत खराब होने की वजह से वह पहला मैच नहीं खेल पाए**

**बेंगलुरु, वार्ता।** शुभमन गिल ईस्ट जोन के खिलाफ भारतीय घरेलू क्रिकेट के पहले दलीप ट्रॉफी मुकाबले में नहीं खेल पाए हैं, गिल की तबीयत पूरी तरह ठीक नहीं थी। गुरुवार को बीसीसीआई के बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों की शुरुआत हो गई है। गिल को नॉर्थ जोन की टीम का कप्तान बनाया गया था, लेकिन तबीयत खराब होने की वजह से वह पहला मुकाबला नहीं खेल पाए। गिल को कौन सी बीमारी हुई है, इसकी जानकारी ने बीसीसीआई ने अब तक आधिकारिक तौर पर साझा नहीं की है। हालांकि इस बात की पूरी उम्मीद है कि वह 9 सितंबर से अबु धाबी में शुरू होने वाले एशिया कप के लिए रवाना होने से पहले फिट हो जाएंगे। दलीप ट्रॉफी के पहले मुक.



ाबले में उनकी अनुपस्थिति में हरियाणा के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अंकित कुमार नॉर्थ जोन की टीम की कप्तानी कर रहे हैं, जबकि सर्विसेज के बल्लेबाज शुभम रोहिल्ला ने गिल के स्थान पर टीम में जगह बनाई है। गिल ने कप्तान के रूप में अपनी पहली सीरीज, तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने पांच मैचों में 75-40 की औसत से 754 रन बनाते हुए कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए थे। उन्हें एशिया कप के लिए भारतीय टीम का उप-कप्तान भी बनाया गया है। गिल के अलावा, नॉर्थ जोन की टीम में एशिया कप जाने वाले दो और सदस्य हैं: हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह, जो इस मैच के दौरान एक्शन में रहेंगे। उधर ईस्ट जोन की टीम में भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। वहीं ईस्ट जोन की टीम को भी झटका लगा है, उनके कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन बुखार के कारण बाहर हो गए हैं। ऑलराउंडर रियान पराग दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में ईस्ट जोन की कप्तानी कर रहे हैं। तो वहीं विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल, जिन्हें नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में सेंट्रल जोन का कप्तान बनाया गया था, वह भी चोट की वजह से बाहर हो गए हैं।

# आगामी घरेलू सत्र से पहले विजय ने शंकर तमिलनाडु को दिया झटका

**चेन्नई, वार्ता।** आगामी घरेलू सत्र 2025-26 के लिए ऑलराउंडर विजय शंकर ने अपने गृह राज्य तमिलनाडु को छोड़ने का फैसला कर लिया है। 34 वर्षीय विजय को इस संबंध में तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) की ओर से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट भी मिल गया है।

बुची बाबू टूर्नामेंट में शंकर ने चेन्नई में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ टीएनसीए इलेविन की ओर से खेला था लेकिन ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि जब उन्हें महाराष्ट्र के खिलाफ दूसरे मैच में बाहर बैठाया गया तो उन्होंने राज्य बदलने का फैसला कर लिया, शंकर ने निरंतर मौकों की तलाश में यह निर्णय लिया है। 2024-25 के घरेलू सत्र में शंकर को रणजी ट्रॉफी में पहले दो मैच खेलने के अवसर मिले और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के अधिकतर मुकाबलों में वह प्लेइंग इलेवन से बाहर रहे थे। इस फैसले के साथ तमिलनाडु के साथ शंकर का 11 वर्षों का कार्यकाल समाप्त हो गया, इस दौरान उन्होंने अपनी अगुवाई में अपने राज्य की टीम को विजय हजारे, देवधर और सैयद मुश्ताक अली खिताब जिताने में मदद की थी। दिसंबर 2012 में रणजी ट्रॉफी डेब्यू के बाद उन्होंने मध्य क्रम में एस बद्रीनाथ की जगह भरने का प्रयास किया था और इस दौरान बल्लेबाजी क्रम में उन्हें बी इंद्रजीत का भी भरपूर साथ मिला।

शंकर ने तमिलनाडु के लिए रणजी ट्रॉफी की 81 पारियों में 44-25 की औसत से 3142 रन बनाए जिसमें 11 शतक और 16 अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने अपनी मध्यम गति की तेज गें. दबाजी से रणजी ट्रॉफी में 53-93 की औसत से 43 विकेट भी हासिल किए।

## सम्पादकीय

शुक्रवार, 29 अगस्त 2025

# यात्रा के बीच आतंकी

बिहार में राहुल के वोटर अधिकार यात्रा के 12वें दिन कुछ आतंकवादियों के बिहार में घुसने की बात सामने आई है, जिसके चलते वहां आतंकी एलर्ट भी जारी कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट के बाद राहुल की यात्रा के दौरान अतिरिक्त सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। जिस तरह वोटर अधिकारी यात्रा के सुरक्षा कार्यक्रम में बड़ा बदलाव दिखा, उससे साफ है कि खतरा भी बड़ा है। गुरुवार को राहुल गांधी की यात्रा सीतामणि में पहुंचे, वहां उनका जगह-जगह स्वागत हुआ। सीतामणि में कैंप के बाद वह सीधे जानकी मंदिर पहुंचे, यहां उनके स्वागत के लिए कई मंच थे, लेकिन राहुल बिना रुके सीधे मंदिर दर्शन गए और तय कार्यक्रम के अनुसार उनका जो रोड शॉ होना था, उसको सुरक्षा कारणों से रद्द कर दिया गया। इतना ही नहीं राहुल गांधी खुली गाड़ी की जगह पूरी तरह बंद गाड़ी से यात्रा कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि ये आतंकवादी जैश-ए-मोहम्मद से संबंध रखते हैं और नेपाल के रास्ते बिहार में प्रवेश कर गए हैं। निश्चित रूप से यह एक गंभीर मामला है। हालांकि अभी यह नहीं कहा जा सकता कि आतंकवादियों का क्या मकसद है, लेकिन इससे राहुल गांधी की यात्रा कहीं न कहीं जरूर प्रभावित होती दिखाई दे रही है, लेकिन एक बात साफ है कि तमाम बातों के बावजूद राहुल गांधी के तेवरों में किसी तरह की नर्मी आती दिखाई नहीं दे रही है और अब तो उन्होंने कर्नाटक के बाद लोकसभा व हरियाणा के चुनाव में हुई वोट चोरी का भी पर्दाफाश करने की बात कह डाली। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा और हरियाणा विधानसभा में हुई वोट चोरी का प्रमाण के साथ खुलासा करेंगे। निश्चित रूप से राहुल गांधी वोट चोरी के मुद्दे को कैश करने में काफी हद तक सफल होते दिखाई दे रहे हैं, जिस तरह बिहार की जनता ने उनकी बात पर ध्यान दिया है, वह केंद्र में बैठी मोदी सरकार के लिए कहीं न कहीं जरूर असहज की स्थिति पैदा करता है। भले ही केंद्र में बैठी सरकार राहुल गांधी के आरोपों को सिरे से नकार रही है, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि कहीं न कहीं वह सहमी हुई दिखाई दे रही है और ठीक से बचाव करने की मुद्रा में दिखाई नहीं पड़ती। असल में जिस तरह इस पूरे मामले से निपटना चाहिए था केंद्र सरकार, उस तरह निपट नहीं पा रही है। होना तो यह चाहिए था कि केंद्र सरकार बिना किसी का पक्ष लिए नेता प्रतिपक्ष के आरोपों की जांच कराने का आश्वासन देती, लेकिन इसके उलट वह पूरी तरह चुनाव आयोग के पक्ष में खड़ी दिखाई दे रही है। जोकि ठीक नहीं है और कहीं से भी तर्कसंगत नहीं है। जाहिर है केंद्र सरकार के लिए मौजूदा हालात बिल्कुल भी इसके अनुकूल दिखाई नहीं दे रहे हैं और एक के बाद एक वह ऐसी गलती कर रही है, जिससे विपक्षी दलों में जहां एकजुटता बढ़ रही है, वहीं वह अपनी बात को और प्रभावशाली ढंग से कह रहे हैं। अब तो राहुल गांधी खुलकर अपने भाषणों में सीधे प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साध रहे हैं और मुख्य चुनाव आयोग का सरकार के साथ मिलकर काम करने की बात कह रहे हैं।


### राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत किस भाषा में लिखे गए



टीएमसी किसी को भी लोगों का मताधिकार नहीं छीनने देगी, भाजपा बंगालियों पर भाषायी आतंक फैला रही है, भाजपा ने वोटर लिस्ट से मतदाताओं के नाम हटाने के मकसद से करवाए जा रहे सर्वे के लिए दूसरे राज्यों से 500 से ज्यादा टीमें बंगाल में भेजी हैं, लेकिन जब तक मैं जिंदा हूं, किसी को भी मता. धिकार नहीं छीनने दूंगी, आप खुद जांच करें कि आपका नाम अभी भी लिस्ट में है या नहीं, चुनाव आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है, भाजपा स्वतंत्रता आंदोलन में बंगालियों की भूमिका को भुलाने की कोशिश कर रही है, अगर बंगाली भाषा ही नहीं है, तो राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत किस भाषा में लिखे गए हैं।

**ममता बनर्जी, सीएम, पश्चिम बंगाल**

# त्वरित सफलता के मंत्रः एक भ्रामक प्रलोभन





रजनीश कपूर

आज के डिजिटल युग में, जहां सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स ने सूचना के प्रसार को अभूतपूर्व गति दी है, ज्योतिष भी इस डिजिटल क्रांति का हिस्सा बन गया है। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर ज्योतिष से संबंधित वीडियो की बाढ़ सी आ गई है। इनमें से कई वीडियो दावा करते हैं कि वे त्वरित सफलता के मंत्र, उपाय या टोटके प्रदान करते हैं, जो कुछ ही दिनों में जीवन की समस्याओं को हल कर सकते हैं, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या यह वीडियो वास्तव में लोगों की मदद कर रहे हैं या यह केवल अज्ञानी और अनुभवहीन ज्योतिषियों द्वारा लोकप्रियता और दर्शकों की संख्या बढ़ाने का एक हथकंडा है? दूसरी ओर, पारंपरिक और अनुभवी ज्योतिषी जो जन्म कुंडली के गहन विश्लेषण के बाद ही उपाय सुझाते हैं, उनकी विश्वसनीयता और प्रामाणिकता की तुलना में यह तथाकथित त्वरित उपाय कितने प्रभावी हैं?

सोशल मीडिया पर उपलब्ध ज्योतिषीय वीडियो में अक्सर आकर्षक शीर्षक देखने को मिलते हैं, जैसे तीन दिन में धन प्राप्ति का चमत्कारी उपाय या इस मंत्र से बदल जाएगी आपकी किस्मत। यह वीडियो आमतौर पर छोटे, तेजी से संपादित और मनोरंजक होते हैं, जो दर्शकों का ध्यान तुरंत खींचते हैं। इनमें बताए गए उपाय सरल और त्वरित लगते हैं, जैसे किसी विशेष रंग का धागा बांधना, कोई मंत्र जपना या किसी वस्तु को घर में रखना। वृंदावन में कई वर्षों से ज्योतिष विद्या कर रहे सुप्रसिद्ध आचार्य राजेश पाण्डे के अनुसार, इन उपायों का कोई वैदिक या ज्योतिषीय आधार नहीं होता। ज्योतिष एक जटिल विद्या है, जिसमें ग्रहों, नक्षत्रों और कुंडली के बारह भावों का गहन अध्ययन शामिल होता है। बिना किसी व्यक्ति की जन्म कुंडली का विश्लेषण किए, सामान्य उपाय देना न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि यह लोगों को गलत दिशा में ले जा सकता है। आचार्य पाण्डे जी कहते हैं कि ऐसे वीडियो का उद्देश्य अक्सर दर्शकों की भावनाओं को भुनाना होता है। कम समय में ज्योतिष विद्या कभी भी नहीं सीखी जा सकती।

दिल्ली में कई वर्षों से ज्योतिष विद्या का कार्य कर रहे एक अन्य ज्योतिषाचार्य का विचार है कि आज के समय में, जहां लोग तनाव, आर्थिक समस्याओं और अनिश्चितता से जूझ रहे हैं, वे त्वरित समाधान की तलाश में होते हैं। इन वीडियो में दिए गए उपाय आशा की किरण की तरह प्रतीत होते हैं, लेकिन वास्तव में यह केवल सतही और अस्थाई प्रभाव डालते हैं। कई बार यह उपाय न केवल अप्रभावी साबित होते हैं, बल्कि लोगों का समय, धन और विश्वास भी बर्बाद करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रामाणिक और अनुभवी ज्योतिषी किसी भी उपाय को सुझाने से पहले व्यक्ति की जन्म कुंडली का गहन अध्ययन करते हैं। ज्योतिष शास्त्र में, प्रत्येक व्यक्ति की कुंडली अलग होती है, जो उनके जन्म के समय ग्रहों की स्थिति पर आधारित होती है। कुंडली में ग्रहों के गोचर, दशा, अंतर्दशा और विभिन्न योगों का विश्लेषण करके ही यह तय किया जाता है कि व्यक्ति को किस प्रकार के उपाय की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में शनि की साढ़ेसाती चल रही है, तो ज्योतिषी विशिष्ट मंत्र, दान, या पूजा की सलाह दे सकते हैं, जो उस व्यक्ति की स्थिति के लिए उपयुक्त हो। यह प्रक्रिया समय लेने वाली और जटिल होती है, लेकिन यह अधिक विश्वसनीय और प्रभावी होती है। प्रामाणिक ज्योतिषी यह भी समझते हैं कि ज्योतिष केवल भविष्यवाणी या उपाय देने तक सीमित नहीं है। यह एक मार्गदर्शन प्रणाली है, जो व्यक्ति को उनकी ताकत, कमजो. रियों और जीवन की संभावनाओं को समझने में मदद करती है। इसके विपरीत, तथाकथित त्वरित सफलता वीडियो सामान्यीकृत समाधान प्रदान करते हैं, जो हर व्यक्ति पर लागू नहीं हो सकते। उदाहरण के लिए, एक ही उपाय जो एक व्यक्ति के लिए लाभकारी हो सकता है, वह दूसरे के लिए हानिकारक भी हो सकता है, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की कुंडली अलग होती है।

यह विचारणीय है कि क्या यह त्वरित सफलता के मंत्र देने वाले वीडियो केवल लोकप्रियता और दर्शक संख्या बढ़ाने का एक हथकंडा हैं। सोशल मीडिया पर व्यूज, लाइक्स और सब्सक्राइबर्स की संख्या सीधे तौर पर आय से जुड़ी होती है। इसलिए, कई अनुभवहीन या स्वयंभू ज्योतिषी आकर्षक और सनसनीखेज सामग्री बनाकर दर्शकों को लुभाने की कोशिश करते हैं। वे जटिल ज्योतिषीय सिद्धांतों को सरल और त्वरित समाधानों में बदल देते हैं, जो वास्तव में ज्योतिष शास्त्र की गहराई को कमजोर करते हैं।

आचार्य पाण्डे जी के अनुसार, कुछ लोग केवल सतही जानकारी के आधार पर वीडियो बनाते हैं, जो किताबों, इंटरनेट, या अन्य स्रोतों से ली गई होती है। इनमें से कई स्वयंभू ज्योतिषियों के पास न तो औपचारिक प्रशिक्षण होता है और न ही गहन अनुभव। फिर भी, वे अपने आत्मविश्वास, आकर्षक प्रस्तुति और मार्केटिंग रणनीतियों के दम पर लाखों दर्शकों तक पहुंच जाते हैं। यह न केवल ज्योतिष की विश्वसनीयता को कम करता है, बल्कि उन लोगों को भी निराश करता है, जो इन उपायों पर भरोसा करते हैं।

ज्योतिष एक प्राचीन और सम्मानित विद्या है, जिसका उपयोग सदियों से लोगों के मार्गदर्शन के लिए किया जाता रहा है, लेकिन इस तरह के भ्रामक वीडियो इसकी साख को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जब लोग इन तथाकथित उपायों को आजमाते हैं और उन्हें कोई लाभ नहीं मिलता, तो वे न केवल उन वीडियो पर विश्वास खो देते हैं, बल्कि पूरे ज्योतिष शास्त्र पर ही सवाल उठाने लगते हैं। यह उन अनुभवी ज्योतिषियों के लिए भी चुनौती बनता है, जो वर्षों के अध्ययन और अभ्यास के बाद लोगों की मदद करते हैं।

अंत में, यह कहना गलत नहीं होगा कि त्वरित सफलता के मंत्र देने वाले ज्योतिषीय वीडियो अधिकांशतः भ्रामक और लोकप्रियता के लिए बनाए जाते हैं। ए वीडियो लोगों की भावनाओं और आशाओं का शोषण करते हैं, वो भी बिना किसी ठोस आधार के। दूसरी ओर, प्रामाणिक ज्योतिषी, जो कुंडली के गहन विश्लेषण के बाद उपाय सुझाते हैं, अधिक विश्वसनीय और प्रभावी होते हैं। इसलिए, लोगों को चाहिए कि वे ऐसे वीडियो पर आंख मूंदकर भरोसा करने के बजाय, किसी अनुभवी और विश्वसनीय ज्योतिषी से संपर्क करें।ज्योतिष एक विज्ञान और कला का मिश्रण है, जो तभी प्रभावी होता है जब इसे गंभीरता और जिम्मेदारी से अपनाया जाए। त्वरित सफलता का लालच छोड़कर, हमें धैर्य और समझदारी के साथ सही मार्गदर्शन की तलाश करनी चाहिए। तभी हम ज्योतिष के वास्तविक लाभों को प्राप्त कर सकते हैं और इस प्राचीन विद्या की गरिमा को बनाए रख सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या लीथियम याद्दाश्त बचाने में मददगार है

**लीथियम प्राकृतिक रूप से चट्टानों, समुद्री पानी, कुछ सब्जियों जैसे पत्ता गोभी और टमाटर और कुछ क्षेत्रों के पीने के पानी में पाया जाता है। फिर भी विशेषज्ञ इस खोज को काफी महत्वपूर्ण मानते हैं और एंटी-एमिलॉइड दवाओं में हालिया प्रगति के बावजूद, इसे एक प्रभावी उपचार के रूप में देखते हैं। हालांकि यह नतीजे उम्मीद जगाने वाले हैं, लेकिन महज इन नतीजों के आधार पर लीथियम सप्लीमेंट न लेने लगें।**

लीथियम धातु का उपयोग फोन और लैपटॉप की बैटरियों में किया जाता है, लेकिन चिकित्सा, खासकर मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी चिकित्सा, में भी लीथियम का उपयोग होता है। इसका उपयोग मूडवर्धक के तौर पर सॉफ्ट ड्रिंक तथा बाइपोलर डिसऑर्डर में मूड स्विंग नियंत्रित करने के लिए किया जाता रहा है। और अब नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन के अनुसार लीथियम याददाश्त और दिमाग की सेहत के लिए भी अहम हो सकता है।

इस अध्ययन में हारवर्ड के न्यूरोसाइंटिस्ट ब्रूस यैंकनर और उनकी टीम ने मृत्यु के पश्चात सैकड़ों बुजुर्गों के मस्तिष्क का अध्ययन किया। इनमें से कुछ को अल्जाइमर था, कुछ में हल्की स्मृतिभ्रंश की समस्या थी, और बाकी पूरी तरह स्वस्थ थे। उन्होंने पाया कि अल्जाइमर और मामूली संज्ञानात्मक समस्या वाले लोगों के मस्तिष्क में लीथियम का स्तर स्वस्थ लोगों की तुलना में कम था और तो और, ऐसे लोगों में जो लीथियम था वह भी ज्यादातर अल्जाइमर से जुड़े एमिलॉइड प्लाक के बीच फंसा था जिससे दिमाग के सामान्य कार्य के लिए और भी कम लीथियम बचा था।

मस्तिष्क में लीथियम का कम स्तर मिलना सिर्फ पहला कदम था। इसके बाद टीम ने जांचा कि क्या लीथियम का स्तर बढ़ाने से मदद मिल सकती है। उन्होंने लीथियम ओरोटेट नामक यौगिक को उन चूहों पर आजमाया जिन्हें आनुवंशिक रूप से अल्जाइमर जैसे लक्षण विकसित करने के लिए तैयार किया गया था। गौरतलब है कि बाइपोलर डिसऑर्डर की चिकित्सा में लीथियम के एक अन्य लवण लीथियम कार्बोनेट का इस्तेमाल किया जाता है।



उन्होंने पाया कि जिन चूहों को पीने के पानी में थोड़ी मात्रा में लीथियम ओरोटेट दिया गया, उनमें एमिलॉइड प्लाक्स या टाउ नहीं बना। यहां तक कि जिन वृद्ध चूहों की याददाश्त कमजोर हो चुकी थी, वे फिर से चीजों को पहचानने और भूल-भुलैया में रास्ता ढूंढने लगे। इसमें सबसे अहम बात यह रही कि इतनी कम मात्रा में लीथियम देने से किडनी या थायरॉयड को वह नुकसान नहीं हुआ जो कभी-कभी लीथियम कार्बोनेट से हो जाता है। दूसरी ओर, जिन चूहों को लीथियम की कमी वाला आहार दिया गया, उनकी याददाश्त कमजोर हो गई और उनके मस्तिष्क में और अधिक प्लाक्स बनने लगे।

गौरतलब है कि लीथियम प्राकृतिक रूप से चट्टानों, समुद्री पानी, कुछ सब्जियों जैसे पत्ता गोभी और टमाटर और कुछ क्षेत्रों के पीने के पानी में पाया जाता है। फिर भी विशेषज्ञ इस खोज को काफी महत्वपूर्ण मानते हैं और एंटी-एमिलॉइड दवाओं में हालिया प्रगति के बावजूद, इसे एक प्रभावी उपचार के रूप में देखते हैं।

हालांकि यह नतीजे उम्मीद जगाने वाले हैं, लेकिन महज इन नतीजों के आधार पर लीथियम सप्लीमेंट न लेने लगें। एक तो अभी यह अध्ययन बस चूहों पर हुआ है, दूसरा डॉक्टर की सलाह के बिना इसे न लें।

**स्रोत फीचर्स**

# मेजर ध्यानचंदः भारत का हॉकी का विजार्ड, खेलों का स्वर्णिम सूरज



योगेश कुमार गोयल



खेलों की दुनिया में भारत अब नई ताकत के रूप में उभर रहा है और देश में प्रतिवर्ष हॉकी के पूर्व कप्तान मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया जाता है। 29 अगस्त 1905 को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में जन्मे ध्यानचंद हॉकी के ऐसे महान खिलाड़ी और देशभक्त थे कि उनके करिश्माई खेल से प्रभावित होकर जब एक बार जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने उन्हें अपने देश जर्मनी की ओर से खेलने का न्यौता दिया था, तो ध्यानचंद ने उसे विनम्रतापूर्वक ठुकराकर सदा अपने देश के लिए खेलने का प्रण लिया। हालांकि उन्हें बचपन में खेलने का कोई शौक नहीं था और साधारण शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे 16 वर्ष की आयु में दिल्ली में सेना की प्रथम ब्राह्मण रेजीमेंट में सिपाही के रूप में भर्ती हो गए थे। सेना में भर्ती होने तक उनके दिल में हॉकी के प्रति कोई लगाव नहीं था।

सेना में भर्ती होने के बाद ध्यानचंद को हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया हॉकी खिलाड़ी सूबेदार मेजर तिवारी ने, जिनकी देखरेख में ही ध्यानचंद हॉकी खेलने लगे और बहुत थोड़े समय में ही हॉकी के ऐसे खिलाड़ी बन गए कि उनकी हॉकी स्टिक मैदान में दनादन गोल दागने लगी। उनकी हॉकी स्टिक से गेंद अक्सर इस कदर चिपकी रहती थी कि विरोधी टीम के खिलाड़ियों को लगता था, जैसे ध्यानचंद किसी जादुई हॉकी स्टिक से खेल रहे हैं। इसी शक के आधार पर एक बार हॉलैंड में उनकी हॉकी स्टिक तोड़कर भी देखी गई कि कहीं उसमें कोई चुम्बक या गोंद तो नहीं लगा है लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। उन्हें अपने जमाने का हॉकी का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माना जाता है, जिसमें गोल करने की कमाल की क्षमता थी। भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था।

1922 में सेना में भर्ती होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आर्मी हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले। उसके बाद उन्हें भारतीय सेना टीम के लिए चुना गया, जिसे न्यूजीलैंड में जाकर खेलना था। उस दौरान हुए कुल 21 मैचों में से उनकी टीम ने 18 मैच जीते जबकि दो मैच ड्रा हुए और केवल एक मैच उनकी टीम हारी। मैचों में ध्यानचंद के सराहनीय प्रदर्शन के कारण भारत लौटते ही उन्हें लांस नायक बना दिया गया और उन्हें सेना की हॉकी टीम में स्थाई जगह मिल गई। 1928 में एम्सटर्डम में होने वाले ओलम्पिक के लिए भारतीय टीम का चयन करने हेतु भारतीय हॉकी फेडरेशन द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। ध्यानचंद को सेना द्वारा यूनाइटेड प्रोविंस की ओर से टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति मिल गई और अपने शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें ओलम्पिक में हिस्सा लेने वाली टीम में जगह मिल गई। 1928, 1932 और 1936 के ओलम्पिक खेलों में ध्यानचंद ने न केवल भारत का नेतृत्व किया बल्कि लगातार तीनों ओलम्पिक में भारत को स्वर्ण पदक भी दिलाए। भारतीय हॉकी टीम की ओर से 17 मई 1928 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने ओलम्पिक डेब्यू में ध्यानचंद ने तीन गोल करते हुए भारत को 6-0 से जीत दिलाई। एम्सटर्डम में आयोजित उस ओलम्पिक में ध्यानचंद ने सर्वाधिक 14 गोल किए थे। तब वहां के एक स्थानीय अखबार ने उनके शॉट्स से प्रभावित होकर लिखा था कि यह हॉकी नहीं बल्कि जादू था, ध्यानचंद वास्तव में हॉकी के जादूगर हैं। 1932 के लॉस एंजिल्स ओलम्पिक में ध्यानचंद और उनके भाई रूप सिंह ने भारत की ओर से एक मुकाबले में कुल 35 में से 25 गोल किए। उस ओलम्पिक के कुल 37 मैचों में भारत के कुल 330 गोल में से अकेले ध्यानचंद ने ही 133 गोल किए थे। 1936 के बर्लिन ओलम्पिक में तो उन्होंने इतना बेहतरीन प्रदर्शन किया कि तानाशाह हिटलर ने उन्हें हॉकी का जादूगर उपाधि दे डाली, जिसके बाद से हर कोई उन्हें इसी नाम से जानने लगा। हालांकि 1936 के ओलम्पिक खेल शुरू होने से पहले एक अभ्यास मैच के दौरान भारतीय टीम जर्मनी से 4-1 से हार गई थी। उस हार से ध्यानचंद इतने व्यथित हुए कि उन्होंने इस बारे में अपनी आत्मकथा गोल में लिखा, मैं जब तक जीवित रहूंगा, उस हार को कभी नहीं भूलूंगा। उस हार ने हमें इतना हिलाकर रख दिया था कि हम पूरी रात सो नहीं पाए। दो बार के ओलम्पिक चौम्पियन केशव दत्त का ध्यानचंद के बारे में कहना था कि वह हॉकी के मैदान को उस ढ़ंग से देख सकते थे, जैसे शतरंज का खिलाड़ी चेस बोर्ड को देखता है। इसी प्रकार भारतीय ओलम्पिक टीम के कप्तान रहे गुरुबख्श सिंह का कहना था कि 54 साल की उम्र में भी ध्यानचंद से भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी बुली में उनसे गेंद नहीं छीन सकता था। मेजर ध्यानचंद ने 43 वर्ष की उम्र में वर्ष 1948 में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा। हॉकी में बेमिसाल प्रदर्शन के कारण ही उन्हें सेना में पदोन्नति मिलती गई और वे सूबेदार, लेफ्टिनेंट तथा कैप्टन बनने के बाद मेजर पद तक भी पहुंचे और 1956 में 51 वर्ष की आयु में सेना से मेजर पद से सेवानिवृत्त हुए। उसी वर्ष उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद वे माउंट आबू में हॉकी कोच के रूप में कार्यरत रहे और बाद में कई वर्षों तक पाटियाला के नेशनल इंस्टीटड्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में चीफ हॉकी कोच बन गए। 3 दिसम्बर 1979 को उन्होंने दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। अपने कैरियर में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ एक हजार से भी ज्यादा गोल दागे। भारत सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद के सम्मान में वर्ष 2002 में नेशनल स्टेडियम का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम कर दिया गया। ध्यानचंद इतने महान हॉकी खिलाड़ी थे कि वियना के स्पोर्ट्स क्लब में उनकी चार हाथों में चार हॉकी स्टिक लिए एक मूर्ति लगाई गई है और उन्हें एक देवता के रूप में दर्शाया गया है। भारत में उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया गया है और इसी दिन विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### ट्रम्प के मंत्री बोले: H-1B वीजा एक स्कैम, फ्लोरिडा गवर्नर ने कहा: अमेरिकियों की नौकरी छीन रहे भारतीय

# टैरिफ के बाद वीजा पर अमेरिका सख्त




■ विदेशी पत्रकारों को 240 दिन का वीजा मिलेगा
■ वीजा धारकों की निगरानी आसान होगी और दुरुपयोग पर रोक लगेगी
■ अमेरिका में जारी होने वाला एच-1बी वीजा लगभग 75 प्रतिशत भारतीयों को मिलता है

**वाशिंगटन।** टैरिफ के बाद अब अमेरिका वर्क वीजा, स्टूडेंट वीजा और ग्रीन कार्ड पर भी सख्ती दिखाने लगा है। सरकार ने नए नियम लाने की तैयारी की है, जिनके तहत विदेशी छात्रों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आने वाले लोगों और विदेशी पत्रकारों की वीजा अवधि कम की जाएगी।

अभी तक इन लोगों को जरूरत के हिसाब से अमेरिका में रहने की इजाजत थी। लेकिन नए नियम के मुताबिक, विदेशी छात्र और सांस्कृतिक मेहमानों को 4 साल तक का वीजा मिलेगा। विदेशी पत्रकारों को 240 दिन का वीजा मिलेगा। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि इससे वीजा धारकों की निगरानी आसान होगी और दुरुपयोग पर रोक लगेगी। लेकिन इस फैसले का सीधा असर भारतीय आईटी कंपनियों और अमेरिका में पढ़ने व काम करने वाले भारतीयों पर पड़ सकता है। इस बीच अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक और फ्लोरिडा के गवर्नर रान डिसेंटिस ने एच-1बी वीजा को 'घोटाला' बताया है।

डिसेंटिस का कहना है कि इस वीजा का सबसे ज्यादा फायदा भारत के लोगों को मिल रहा है। अमेरिका में जारी होने वाले एच-1बी वीजा का लगभग 75 प्रतिशत भारतीयों को मिलता है। भारत हर साल लाखों इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस के ग्रेजुएट तैयार करता है, जो अमेरिका की टेक इंडस्ट्री में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो, काग्निजेंट और एचसीएल जैसी कंपनियां सबसे ज्यादा एच-1बी वीजा स्पान्सर करती हैं। इसीलिए कहा जाता है कि भारत अमेरिका को सामान से ज्यादा लोग यानी इंजीनियर, कोडर और छात्र एक्सपोर्ट करता है। स्टूडेंट (एफ वीजा) और एक्सचेंज वीजा (जे वीजा) को लेकर भी ट्रम्प प्रशासन सख्त है। पहले से नियम यह था कि जब तक छात्र का एडमिशन रहता है, उसे रहने की अनुमति मिलती है। लेकिन अब नया नियम यह है कि छात्र और एक्सचेंज वीजा सिर्फ 4 साल तक ही मान्य होंगे। विदेशी पत्रकारों (आई वीजा) की अवधि 240 दिन तय की जाएगी, जिसे बाद में बढ़ाया जा सकता है। अमेरिका में 1978 से नियम है कि छात्रों और एक्सचेंज वीजा लेने वालों को 'डयूरेशन आफ स्टेटस' के आधार पर एंट्री मिलती थी। यानी अगर किसी छात्र का दाखिला जारी है, तो उसे बिना बार-बार इमिग्रेशन चेक के अमेरिका में रहने की अनुमति मिल जाती थी। इससे वे अपनी पढ़ाई या एक्सचेंज प्रोग्राम खत्म होने तक रुक सकते थे, लेकिन ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि यह व्यवस्था 'परमानेंट स्टूडेंट्स' पैदा कर रही है। इसलिए नए नियमों में एफ और जे वीजा की वैधता अधिकतम 4 साल तक सीमित होगी। अगर कोई छात्र या एक्सचेंज प्रोग्राम इससे लंबा है, तो उसे वीजा एक्सटेंशन के लिए अलग से आवेदन करना होगा। भारतीय छात्र अमेरिका में बड़ी संख्या में मास्टर और पीएचडी करने जाते हैं। पढ़ाई के बाद वे ओपीटी प्रोग्राम के जरिए एच-1बी में प्रवेश करते हैं। ट्रम्प प्रशासन इस रास्ते को भी सीमित करने की कोशिश कर रहा है। मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा कि मौजूदा एच-1बी सिस्टम असल में एक घोटाला है, जो अमेरिकी नौकरियों को विदेशी कर्मचारियों से भर रहा है। उन्होंने दावा किया कि ग्रीन कार्ड और एच-1बी दोनों सिस्टम को बदला जाएगा ताकि अमेरिका सिर्फ टाप टैलेंट को आकर्षित करे। लुटनिक ने कहा कि औसत अमेरिकी की सैलरी 75000 डालर है, जबकि औसत ग्रीन कार्ड यूजर 66000 डालर कमाता है। यानी अमेरिका को घाटा हो रहा है। लुटनिक के मुताबिक ट्रम्प इस सिस्टम को बदलेंगे और 'गोल्ड कार्ड' लाएंगे। वहीं, फ्लोरिडा के गवर्नर रान डेसेंटिस ने आरोप लगाया कि कई कंपनियां अमेरिकी कर्मचारियों को निकालकर एच-1बी कर्मचारियों को रख रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले यह दावा किया जाता था कि एच-1बी से दुनिया का सबसे बेहतरीन टैलेंट आता है, लेकिन असलियत में ऐसा नहीं है।



नई दिल्ली। पुराने रेलवे पुल पर खतरे के निशान से ऊपर बहती यमुना नदी।

## भारत-कतर के बीच व्यापार, निवेश संबंध के विस्तार से चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत और कतर ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में आर्थिक सहयोग के साथ साथ कारोबार के अवसरों के विस्तार तथा उभरते क्षेत्रों निवेश को प्रोत्साहित करने के विषय में गहन बातचीत की है। इस बैठक में भारतीय दल का नेतृत्व पंकज चौधरी और कतर के दल का नेतृत्व वहां के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ अहमद बिन मोहम्मद अल सईद ने किया। चौधरी ने बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस ऐतिहासिक द्विपक्षीय बैठक में भारत और कतर के बीच व्यापार, निवेश और रणनीतिक सहयोग सहयोग के नए रास्ते खोलने पर गहन चर्चा की गई। चौधरी ने कहा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने, व्यावसायिक अवसरों के विस्तार तथा उभरते क्षेत्रों में निवेश के अवसरों के संवर्धन पर विशेष रूप से चर्चा की।

## ट्रम्प ने भारत पर बेवजह साधा निशाना

■ चीन ने रूस से ज्यादा तेल खरीदा, डेमोक्रेट्स ने टैरिफ को बताया मनमाना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति में शामिल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आलोचना की है कि उन्होंने रूस से तेल खरीदने के मामले में केवल भारत पर टैरिफ लगाए हैं, जबकि चीन और अन्य देशों को छूट दी गई है, जो ज्यादा मात्रा में तेल खरीद रहे हैं। समिति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ट्रम्प का केवल टैरिफ से केवल भारत को निशाना बनाना अमेरिकियों को नुकसान पहुंचा रहा है और अमेरिका-भारत संबंधों को कमजोर कर रहा है।

समिति ने ट्रम्प प्रशासन के इरादे पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसा लग रहा है, जैसे इस मुद्दे के यूक्रेन से कोई लेना-देना नहीं है। एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए समिति ने कहा, अगर ट्रम्प प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने वाले किसी भी देश के खिलाफ सेकंडरी टैरिफ लागू करने की बात की होती तो बात अलग होती। लेकिन केवल भारत को निशाना बनाने से सबसे उलझन वाली नीति सामने आई है। चीन रूस का सबसे बड़ा तेल आयातक है और अभी भी रियायती दामों पर तेल खरीद रहा है और उसे अभी तक ऐसी कोई सजा नहीं मिली है। समिति की ओर से एक्स पर यह पोस्ट साझा की है। उसी दिन अमेरिका की ओर से भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लागू हुए हैं। इससे पहले अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग (सीबीपी) की ओर से मसौदा नोटिस जारी किया गया था, जिसमें बताया गया था कि यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा।

## मोदी-जिनपिंग 31 अगस्त को चीन में मिलेंगे

### गलवान झड़प के बाद दूसरी औपचारिक मुलाकात, सीमा विवाद पर वार्ता संभव



मोदी व जिनपिंग आखिरी बार पिछले साल अक्टूबर में ब्रिक्स समिट के दौरान रूस के कजान में मिले थे

**बीजिंग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 31 अगस्त को चीन के तियानजिन शहर में होने वाली एससीओ समिट के दौरान मुलाकात करेंगे। 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं की यह दूसरी औपचारिक मुलाकात होगी।

मोदी और जिनपिंग आखिरी बार पिछले साल अक्टूबर में ब्रिक्स समिट के दौरान रूस के कजान में मिले थे। इसके बाद भारत और चीन में सीमा विवाद को बातचीत के जरिए सुलझाने पर सहमति बनी थी। पीएम मोदी इस दौरे में जिनपिंग के अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कई सेंट्रल एशियाई देशों के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। मोदी-जिनपिंग की मुलाकात में एक बार फिर सीमा विवाद पर बातचीत हो सकती है। चीन में 31 अगस्त से 1 सितम्बर तक एससीओ समिट की बैठक होने वाली है। इसमें 20 से ज्यादा देशों के नेता शामिल होंगे। पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात की। जयशंकर ने जल संसाधन डेटा शेयर करने, व्यापार प्रतिबंधों, एलएसी पर तनाव कम करने और आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने जैसे मुद्दों पर बात की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात ने मोदी की चीन यात्रा का रोडमैप तैयार किया था। एस जयशंकर ने पिछले महीने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर उन्हें भारत-चीन के रिश्तों में हुई प्रगति के बारे में बताया था। मोदी और जिनपिंग ने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत भी हुई थी। 50 मिनट की बातचीत में पीएम मोदी ने कहा था कि श्सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे संबंधों की नींव बनी रहनी चाहिए। 2024 में कजान समिट के दौरान मोदी और जिनपिंग की बाइलैटरल मीटिंग की फोटो। तब दोनों नेताओं ने करीब 50 मिनट बातचीत की थी। पीएम मोदी की यह चीन यात्रा ऐसे समय पर हो रही है, जब सारी दुनिया अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की टैरिफ नीतियों से जूझ रही है। ट्रम्प ने भारत पर रूसी तेल और हथियार खरीद की वजह से 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। भारत, चीन के बाद दुनिया में रूसी तेल का सबसे बड़ी खरीदार है। भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल क्रूड आयल खरीदता है। शी जिनपिंग आखिरी बार 2019 में भारत दौरे पर आए थे।

## अमेरिका के लिए डाक सेवा पर मैक्सिकों की भी अस्थायी रोक

■ यूरोपीय संघ और कुछ अन्य देशों की डाक सेवाओं ने भी ऐसे ही कदम उठाया है

**मैक्सिको।** मैक्सिको ने कहा कि वह अस्थाई रूप से अमेरिका को अपने डाक पार्सल भेजना बंद कर रहा है। यह फैसला अमेरिका में कम मूल्य वाले पार्सल पर लगने वाले कर की छूट खत्म होने से पहले लिया गया है, जिसे डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन खत्म करने जा रहा है। इससे पहले यूरोपीय संघ और कुछ अन्य देशों की डाक सेवाओं ने भी ऐसे ही कदम उठा हैं। वह भी अमेरिका के इस नए नियम को लेकर स्पष्ट स्थिति का इंतजार कर रही हैं।

यह फैसला उस समय आया है, जब मैक्सिको और ट्रम्प प्रशासन के बीच बीते कई महीनों से वार्ता जारी है, ताकि व्यापक टैरिफ से बचा जा सके। यह 'डी मिनिमिस' छूट के नाम से जानी जाती है, जिसके तहत 800 अमेरिकी डालर से कम कीमत वाले पार्सल अमेरिका में बिना टैरिफ के भेजे जा सकते हैं। यह छूट शुक्रवार को खत्म हो रही है। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग के मुताबिक, 2024 में इस छूट के तहत कुल 1.36 अरब पार्सल भेजे गए ते, जिनकी कीमत 64.6 अरब डालर थी। मैक्सिको सरकार ने कहा कि उसकी डाक सेवा 'कोरियोज डी मेक्सिको' बुधवार से अमेरिका को पार्सल भेजने की सेवा अस्थाई रूप से रोक रही है। सरकार के बयान में कहा गया, मैक्सिको अमेरिकी अधिकारियों और अंतर्राष्ट्रीय डाक संगठनों से बातचीत कर रहा है, ताकि सेवाओं को व्यवस्थित तरीके से दोबारा बहाल किया जा सके, जिससे उपभोक्ताओं का भरोसा बना रहे और वस्तुओं की डिलीवरी में बाधा न आए

## अमेरिकी स्कूल पर गोलीबारी, 2 बच्चों की मौत

### हथियारों पर लिखा: ट्रम्प को मारो, भारत पर परमाणु बम गिराओ

■ हमलावर ने खुद को भी गोली मारी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिनेसोटा राज्य में एक कैथोलिक स्कूल में हुई गोलीबारी में दो बच्चों और हमलावर समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हैं, जिनमें 14 बच्चे हैं। यह घटना उस वक्त हुई जब स्कूल में सामूहिक प्रार्थना सभा चल रही थी। मारे गए दोनों बच्चों की उम्र 8 और 10 साल है।

पुलिस ने मीडिया को बताया कि हमलावर ने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे के वक्त दोनों बच्चे बेंच पर बैठे थे। हमलावर के पास तीन हथियार थे-एक राइफल, एक शाटगन और एक पिस्टल। हमलावर के बंदूकों पर 'डोनाल्ड ट्रम्प को मार डालो' और 'भारत पर परमाणु बम गिराओ' जैसे नारे लिखे थे। दो दिन पहले यानी सोमवार को ही स्कूल की गर्मियों की छुट्टियां खत्म हुई थीं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने टुथ सोशल पर लिखा कि उन्हें इस घटना की पूरी जानकारी दी गई है। एफबीआई ने फौरन कार्रवाई की और वे वहां मौजूद हैं। व्हाइट हाउस हालात पर नजर रख रहा है। हमलावर की पहचान 23 वर्षीय राबिन वेस्टमैन के रूप में हुई है। वेस्टमैन ने 2020 में अपना नाम बदल दिया था। इस हमले की दो वीडियो रोबिन डब्ल्यू नामक यूटयूब चैनल पर डाले गए थे, लेकिन बाद में वीडियो समेत चैनल भी डिलीट कर दिया गया। मोबाइल फोन से शूट किए गए लगभग 10 मिनट लंबे वीडियो में हथियारों, गोला-बारूद और भरी हुई मैगजीन का जखीरा दिखाया गया है। मैगजीन पर डोनाल्ड ट्रम्प को मार डालो, ट्रम्प को अभी मार डालो, इजरायल का पतन होना चाहिए, और इजराइल को जला दो जैसे नारे लिखे थे। इनमें से एक हथियार पर 'न्यूक इंडिया' (भारत पर परमाणु हमला) भी लिखा हुआ था।

## दक्षिण-पश्चिमी जापान में हुआ ज्वालामुखी विस्फोट

**टोक्यो।** जापान के दक्षिण-पश्चिमी मुख्य क्यूशू द्वीप स्थित ज्वालामुखी माउंट शिनमो में आज हुए विस्फोट के बाद 5500 मीटर ऊंचाई तक धूल और धुएं का गुबार दर्ज किया गया। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। क्योदो न्यूज़ ने जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के हवाले से बताया कि कागोशिमा और मियाज़ाकी प्रान्तों के बीच स्थित 1421 मीटर ऊंचा ज्वालामुखी स्थानीय समयानुसार सुबह 4:53 बजे फटा, जिससे ज्वालामुखी लावा और धूल का गुबार क्रेटर से 5000 मीटर ऊपर पहुंच गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि जेएमए ने 5 अंकों वाले सतर्कता स्तर पैमाने से अब स्तर तीन का अलर्ट जारी कर दिया है और लोगों से मियाज़ाकी और कागोशिमा क्षेत्रों में क्रेटर के पास नहीं जाने का आग्रह किया है।

## ट्रम्प के सलाहकार ने यूक्रेन जंग को मोदी वॉर बताया

### बोले: रूसी तेल खरीद इसे बढ़ा रहे, आज सौदे बंद करो, कल एक्स्ट्रा टैरिफ खत्म हो जाएगा



■ भारतीय नेता हमारी आंखों में आंखें डालकर कहते हैं कि हम रूसी तेल खरीदना बंद नहीं करेंगे: पीटर नवारो


**वाशिंगटन।** ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने यूक्रेन जंग को 'मोदी वार' बताया है। नवारो ने ब्लूमबर्ग टीवी के इंटरव्यू में भारत पर जंग को बढ़ावा देने और दोहरा खेल खेलने का आरोप लगाया। नवारो ने कहा कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे रिफाइन करता है और ऊंची कीमत पर बेचता है। इससे रूस को जंग के लिए पैसा मिलता है और वो यूक्रेन पर हमला करता है।

नवारो ने चेतावनी देते हुए कहा कि रूस और चीन के साथ भारत के बढ़ते संबंध दुनिया के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने कहा: भारत तुम तानाशाहों के साथ मिल रहे हो। चीन ने अक्साई चिन और तुम्हारे कई इलाके पर कब्जा कर लिया। और रूस? जाने भी दो। ये आपके दोस्त नहीं हैं। नवारो ने कहा कि भारतीय नेता हमारी आंखों में आंखें डालकर कहते हैं कि हम रूसी तेल खरीदना बंद नहीं करेंगे। अब इसका क्या मतलब है? उन्होंने रूस पर भारत को बेचे गए तेल के बदले मिलने वाले पैसों से युद्ध मशीनरी को चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा: रूस, यूक्रेन पर हमले कर वहां के लोगों को मारता है। फिर यूक्रेन हमारे और यूरोप के पास आकर कहता है कि हमें और पैसा दो। इस तरह अमेरिकी टैक्सपेयर्स को नुकसान होता है। नवारो ने अमेरिकी सामानों पर लगने वाले भारतीय टैरिफ की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारत की नीतियों से अमेरिका में सभी को नुकसान हो रहा है। अमेरिकी जनता, कारोबार, कामगार सब हार रहे हैं, क्योंकि भारत ने बहुत ऊंचे टैरिफ लगा रखे हैं। इसकी वजह से अमेरिका में नौकरियां जा रही हैं, कारखाने बंद हो रहे हैं, लोगों की आमदनी और बढ़ी हुई मजदूरी भी खत्म हो रही है। अमेरिकी टैक्सपेयर्स को भी घाटा उठाना पड़ रहा है, क्योंकि उनका पैसा आखिरकार मो नवारो ने तेल आयात पर भारत के दावों को खारिज किया। उन्होंने मोदी पर एरोगेंट (घमंडी) होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत का हर रोज 15 लाख बैरल रूसी तेल खरीदना, यूक्रेनी लोगों को मारने के लिए हथियार, ड्रोन और बम खरीदने के लिए काफी है। दरअसल, ट्रम्प पहले भी भारत पर रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन जंग को बढ़ावा देने का आरोप लगा चुके हैं।

इसे भारत ने गलत बताते हुए कहा था कि हम अपने देश की जरूरतों के हिसाब से फैसले लेते हैं। नवारो की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इस कदम से अमेरिका को भारत के 66 प्रतिशत निर्यात पर असर पड़ने की आशंका है। भारत-अमेरिका के बीच 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 131.8 अरब डालर था। नवारो ने टैरिफ बढ़ाने का बचाव करते हुए भारतीय व्यापार नीतियों को अनुचित बताया।

## हम भारत पर टैरिफ का समर्थन नहीं करते: ऑस्ट्रेलिया

### ऑस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डान फैरेल ने मुक्त और निष्पक्ष व्यापार के प्रति प्रतिबद्धता पर दिया जोर



■ हमारा मानना है कि समृद्धि सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा तरीका मुक्त, निष्पक्ष और खुला व्यापार जारी रखना: फैरेल

**सिडनी।** डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर टैरिफ लगाए जाने के बाद आस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डान फैरेल ने भारत का समर्थन किया है और अपने देश की 'मुक्त और निष्पक्ष व्यापार' के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, हम एक ऐसे देश हैं जो मुक्त और निष्पक्ष व्यापार में विश्वास करते हैं। हमारा मानना है कि समृद्धि सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा तरीका मुक्त, निष्पक्ष और खुला व्यापार जारी रखना है।

हम आस्ट्रेलिया या भारत पर टैरिफ लगाने का समर्थन नहीं करते। उन्होंने जोर देकर कहा, संरक्षणवाद कोई रास्ता नहीं है। यह मुक्त और निष्पक्ष व्यापार है। आस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डान फैरेल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब आस्ट्रेलिया और भारत व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर काम कर रहे हैं। पिछले हफ्ते आस्ट्रेलिया ने अपने शीर्ष वार्ताकार को दोनों देशों के बीच सार्थक चर्चा के लिए नई दिल्ली भेजा था। फैरेल ने कहा कि हमने सप्ताह भर चर्चाएं कीं और पीयूष गोयल के साथ मेरी दो जूम काल हुईं। डान फैरेल ने कहा कि आस्ट्रेलिया और भारत के बीच सद्भावना साथ ही वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियां, जहां मुक्त और निष्पक्ष व्यापार का मार्ग प्रशस्त करेंगे। भारत-आस्ट्रेलिया के बीच पहले से ही आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता है। जिस पर अप्रैल, 2022 में हस्ताक्षर किए गए थे। यह आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने, विभिन्न प्रकार की वस्तुओं पर शुल्क समाप्त करने और सेवा बाज़ारों को खोलने के लिए एक अंतरिम मुक्त व्यापार समझौते के रूप में कार्य करता है। आस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री ने कहा हम और भी बहुत कुछ कर सकते हैं। मेरा उद्देश्य व्यापार बढ़ाना और मज़बूत सामुदायिक संबंध बनाना है। यही निश्चित रूप से गोयल के लिए संदेश है। व्यापार के अलावा, आस्ट्रेलिया भारत में निवेश बढ़ाने का इच्छुक है और इसे जीवन स्तर में सुधार के साथ एक संपन्न लोकतंत्र के रूप में मान्यता देता है। फैरेल ने कहा कि हम भारत जैसे देशों के साथ काम करना चाहते हैं। हमें भारत में अपार अवसर दिखाई दे रहे हैं। वर्तमान सरकार की नीतियों की बदौलत, जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। हमें आस्ट्रेलिया के लिए शानदार अवसर दिखाई दे रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलिया की सरकार 500 अतिरिक्त शुल्कों में करेगी कटौती

■ हम अपनी बात पर अड़िग हैं और हम चाहते हैं कि देश व्यापार बाधाओं को दूर करें

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने आज कहा कि वह उत्पादकता बढ़ाने और मुक्त व्यापार को प्रोत्साहित करने के प्रयासों के तहत 500 और 'अतिरिक्त' शुल्कों में कटौती करेगी।

राजकोष प्रमुख जिम चाल्मर्स, व्यापार मंत्री डॉन फैरेल और उद्योग एवं नवाचार मंत्री टिम आयर्स ने आज घोषणा करते हुए कहा कि व्यवसायों पर स्वीकृति संबंधी बोझ कम करने के लिए टायर, वाइन ग्लास और टेलीविज़न जैसी वस्तुओं पर लगने वाले छोटे शुल्क अगले वित्तीय वर्ष की शुरुआत, एक जुलाई, 2026 से हटा दिए जाएंगे। चाल्मर्स ने कैनबरा में संवाददाताओं से कहा कि टायरों पर मौजूदा आयात शुल्क से हर साल 80 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से कम राजस्व प्राप्त होता है, लेकिन इन्हें हटाने से व्यवसायों को सालाना अनुपालन लागत में तीन करोड़ 20 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से जयादा की बचत होगी। फैरेल ने कहा कि हम अपनी बात पर अड़िग हैं और हम चाहते हैं कि देश व्यापार बाधाओं को दूर करें। हम बाकी दुनिया को दिखा रहे हैं कि हम इस मुद्दे को लेकर कितने गंभीर हैं। गौरतलब है कि सरकार ने 2024 में कुछ सब्जियों, रेफ्रिजरेटर और रबर सहित 457 वस्तुओं पर लगे अतिरिक्त शुल्कों को समाप्त कर दिया।



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108